Vol. 8
No. 15
DP-16

वैदिक वाग् ज्योतिः सम्पादक - दिनेशचन्द्र शास्त्री UGC CARE LISTED

UGC CARE LISTED
(Arts & Humanities)
ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882
DP-16

वैदिक वाग् ज्योतिः
Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed/Peer-Reviewed
Research Journal on Vedic Studies

(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./ वर्ष-8 July-December 2020 No./ अंक 15

सम्पादक
प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री
अध्यक्ष, वेदविभाग

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)
Gurukula Kangri Deemed to be University
Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India
http://www.gkv.ac.in

ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882
(UGC CARE listed half yearly journal)
January-June 2020

'वैदिक वाग् ज्योतिः' 'Vaidika Vāg Jyotiḥ'

An International Refereed/Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

Patrons

Dr. Satyapal Singh, Chancellor, GKV, Haridwar
Prof. Roop Kishor Shastri,
Vice-Chancellor, GKV, Haridwar

Chief Editor

Prof. Dinesh Chandra Shastri
Head, Dept. of Veda, GKV,
Haridwar-249 404 (U.K.) India
Email - dineshcshastri@gmail.com
Tel : +91-9410192541

Advisory Board

Prof. Nicholas Kazanas, Athens (Greece)
Prof. Balram Singh, USA
Dr. Rajendra Ayurvedalankar, Haridwar
Prof. Maan Singh, Roorkee
Prof. Shashi Tiwari, "President Awardee" Delhi
Prof. Lekhram Sharma, Amritsar
Prof. Suneel Joshi, Haridwar
Prof. Ishwar Bharadwaj, Haridwar
Prof. Bheem Singh, Kurukshetra
Prof. Upendra Kumar Tripathi, Varanasi
Prof. Rajendra Vidyalankar, Kurukshetra
Prof. Vedpal (Meerut)
Prof. Kamalesh Chaukashi, Ahamedabad
Prof. Renubala, Amritsar
Dr. Nagendra K. Neeraj, Haridwar
Prof. M.R. Verma, Haridwar
Prof. R.C. Dubey, Haridwar
Prof. Pankaj Madan, Haridwar
Prof. L.P. Purohit, Haridwar
Dr. Aparna Dhir, USA
Dr. Anju Kumari
Dr. R.G. Murli Krishna, Delhi
Dr. Udham Singh

Distinguished Advisors

Acharya Balkrishna,
V.C., Patanjali University
Prof. Devi Prasad Tripathi,
V.C., U.S. University

Departmental Advisory Board

Prof. Manudev Bandhu

Reviewers

Acharya Balveer, Rohtak
Dr. S.P. Singh, Delhi

Finance Advisor

Sh. R.K. Mishra, F.O.
Sh. Naveen Kumar

Business Manager

Department of Veda & Librarian
GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Subscription

Rs. 200.00 Annual, US $ 20,
Single Copy: Rs. 100.00
Rs. 1000.00 Five Year's
Payment Mode :
D.D. in favour of Registrar,
G.K.V. Haridwar (U.K.)

Published by

Prof. Dinesh Bhatt
Registrar, GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Printed at

D.V. Printers
97-U.B., Jawhar Nager, Delhi-110007
Mob.: 09990279798, 09818279798

UGC CARE listed (Arts & Humanities)
ISSN : 2277-4351
RNI : UTTMUL 2012/53882

वैदिक वाग् ज्योतिः

Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed/Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./वर्ष-8 **July–December 2020** **No./अंक 15**

सम्पादक
प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री
अध्यक्ष, वेद विभाग

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार
(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)
Gurukula Kangri Deemed to be University
Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India
http://www.gkv.ac.in

वैदिक वाक्

अश्विंना परिं वामिषः पुरूचीरींयुर्गीर्भिर्यतंमाना अमृंध्राः।
रथों ह वामृतजा अद्रिंजूतः परि द्यावांपृथिवी यांति सद्यः।

–ऋग्वेद 3.58.8

पदार्थः–(अश्विना) सकलविद्याव्याप्तौ (परि) सर्वतः (वाम्) युवाम् (इषः) इच्छासिद्धीः (पुरूचीः) पुरूणि सुखान्यञ्चन्तीः (ईयुः) प्राप्नुयुः (गीर्भिः) वाग्भिः (यतमानाः) (अमृध्राः) अध्यापकोपदेशकाः (रथः) (ह) किल (वाम्) युवयोः (ऋतजाः) ऋतात्सत्याज्जातः (अद्रिजूतः) योऽद्रौ मेघे जवति सद्यो गच्छति (परि) सर्वतः (द्यावापृथिवी) भूमिप्रकाशौ (याति) गच्छति (सद्यः) शीघ्रम्।।

अन्वयः–हे अश्विना यदि वामृतजा अद्रिजूतो रथो द्यावापृथिवी सद्यः परियाति तर्हि तेन वां ह गीर्भिरमृध्रा यतमाना अध्यापकोपदेशका इव पुरूचीरिष परीयुः।

भावार्थ–ये विमानादियानाद्यग्न्यादिभिर्निर्मिमते तेऽभीष्टानि सुखानि प्राप्य यत्रेच्छा तत्र सद्यो गन्तुं शक्नुवन्ति।

पदार्थ–हे (अश्विना) सम्पूर्ण विद्याओं में व्याप्त रमते हुए यदि (वाम्) आप दोनों को (ऋतजाः) सत्य से उत्पन्न (अद्रिजूतः) मेघ में शीघ्र जानेवाला (रथः) वाहन (द्यावापृथिवी) भूमि और प्रकाश को (सद्यः) शीघ्र (परि, याति) सब ओर पहुँचाता है तो उससे (वाम्) आप दोनों को (ह) निश्चय कर (गीर्भिः) वाणियों से जैसे (अमृध्राः) अध्यापक और उपदेशक (यतमानाः) प्रयत्न करते प्राप्त हों वैसे (पुरूचीः) सुखों को पहुंचानेवाली (इषः) इच्छासिद्धियों को (परि, ईयुः) सब ओर प्राप्त होवै।

भावार्थः–जो लोग विमान आदि यानों को अग्नि आदि से रचते हैं वे अभीष्ट सुखों को प्राप्त होकर जहाँ इच्छा हो शीघ्र जा सकते हैं।

द.भा.

वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्

नाना-तर्कैर्वितर्कैर्विबुध-जनमतैर्भूषयल्लेखमालाः
शास्त्राणां दर्शनानां निगमपथजुषां ब्राह्मणानां बहूनाम्।
वाक्यैः सिद्धान्तनिष्ठैः समम् उपनिषदां तत्त्वमाधातुकामम्
वाग्ज्योतिर्वैदिकं तत् प्रसरतु भुवने ज्ञानविज्ञानदं नः॥1॥ (स्रग्धरा)

विद्वद्व्यूहविचारसारसहितं यत् प्राच्यविद्याऽऽश्रितम्
अज्ञानाऽन्धतमोनिवारणपरं सद्-बुद्धिशुद्धि-प्रदम्।
शोधोद्योगपरायणा बुधजना जानन्तु तद् दीपकम्
वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्॥2॥ (शार्दूलविक्रीडितम्)

—प्रशस्यमित्रशास्त्रिणः

अनुक्रम

वैदिक वाक् *iii*

Editorial - *vii*
सामवेद से सम्बद्ध भ्रान्तियां और उनका निराकरण
(Dispelling Misconceptions about the Sāmaveda)

कोविदीयम्

1. **सौत्रामण्यां सुरापानम्** 1
–रामनाथः वेदालङ्कार

2. **एकं वेदस्यासमाधेयस्थलम्** 4
–म.म. वेदाचार्य आचार्य विश्वश्रवाः व्यास

3. **वैदिक-दर्शनम्** –म.म.डॉ. गोपालशास्त्री 'दर्शनकेसरी' 11

हिन्दी संभाग

4. **ब्रह्मा और सरस्वती** –अरुण उपाध्याय 20

5. **आरण्यक वाङ्मय में प्राणतत्त्व एक विमर्श** 38
–देव प्रकाश

6. **वेदार्थ प्रक्रिया में स्वरों का महत्व : एक अध्ययन** 49
–चन्द्रगुप्त

7. **वैदिक संहिताओं में साम का स्वरूप** 61
–डॉ. सन्दीप

8. **वैदिककालीन राजनीतिक व्यवस्था का स्वरूप** 66
–डॉ. अनुज कुमार

9. **यज्ञ में मन्त्रों से आहुति क्यों?** 76
–शिवदेव आर्य

10. **वैदिक वाङ्मय में योग विद्या के तत्वों का निरूपण** 81
–डॉ. अनुजा रावत

संस्कृत-संभागः

11. **शतपथब्राह्मणे सम्वत्सरः : एकः समीक्षात्मको विमर्शः** 88
–डॉ. प्रतापचन्द्ररायः

12. **वैदिकवाङ्मये वाक्यार्थतत्त्वविमर्शः** 96
–राम किशोरः

13. **सत्यार्थप्रकाशानुसारं मोक्षोपायाः** 105
–डॉ. देवीसिंहः

English Section

14. **A Comparative Study of the Verbal Roots of Persian and Sanskrit** 109
--J.L. Kamboj

15. **The Journey of Vedic Words through the Ages in Indo-Iranian Regions** 130
-R.C. Bhardwaj

16. **Vedic *Prajā*-System for the Transformational Leadership in Modern Times** 141
-Dr. Aparna (Dhir) Khandelwal &
-Prof. Bal Ram Singh

17. **Equanimity Yoga** 149
-Dr. Arun Kumar Manav

✦✦✦

सम्पादकीय

सामवेद से सम्बद्ध भ्रान्तियां और उनका निराकरण

(Dispelling Misconceptions about the Sāmaveda)

श्रीमद्भगवद्गीता और महाभारत के पढने से ज्ञात होता है कि सामवेद का महत्त्व अन्य वेदों की अपेक्षा से अधिक है। क्योंकि ***वेदानां सामवेदोऽस्मि*** (गीता10/22) तथा ***सामवेदश्च वेदानाम्*** (महा. अनु. पर्व 14/317) इत्यादि प्रमाण इसी तात्पर्य को प्रकट कर रहे हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने अपने को वेदों में सामवेद बतलाया है। महाभारत के प्रमाण से भी यही भाव सिद्ध होता है।

यद्यपि केवल वेद नाम से तो चारों वेदों की महत्ता और श्रेष्ठता निर्विरोध सिद्ध है। तथापि जब इनका पृथक् नाम आता हो, और इस प्रसंग में उनमें श्रेष्ठता या महत्ता की झलक दीखती हो तो स्वभावत: यह प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या इनमें उत्तम, मध्यम और निकृष्ट भेद भी है? यदि ये भेद नहीं है तो इस सामवेद की विशेषता क्या है जिससे ऐसे अवसरों पर यह बाजी मार ले जाता है। इसके अनेक कारण हो सकते हैं अत: इस दिशा में यहां थोडा विचार उपस्थित करना उपयुक्त होगा।

वैदिक परम्परा में चारों वेदों के क्रमश: चार विषय ऋग्वेद का ज्ञान, यजुर्वेद का कर्म, सामवेद का उपासना, और अथर्ववेद का विज्ञान बतलाये गये हैं।[1]

1. उपरोक्त परम्पराप्राप्त- विषयक्रम के देखने से और विचार करने से ज्ञात होता है कि कोई भी ज्ञान, विज्ञान, अथवा सकाम या निष्काम कर्म किसी न किसी उद्देश्य के साधन मात्र हैं। जब ये साधन हैं तो इसी प्रकरण में इनका कोई साध्य अवश्य होना चाहिए और वह उपासना के अतिरिक्त कोई अन्य चीज नहीं हो सकती। हम देखते हैं कि संसार की छोटी-छोटी नदियां जैसे समुद्र में गिरकर समुद्र के आकार में महत्ता प्राप्त कर लेती हैं, इसी प्रकार सारे ज्ञान, विज्ञान, और सकाम या

---

1. स्वामी दयानन्द सरस्वती, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, रामलाल कपूर ट्रस्ट, चतुर्थ संस्करण, संवत् 2067 - *अत्र चत्वारो वेदविषया: सन्ति, विज्ञानकर्मोपासनाज्ञानकाण्डभेदात् (वेदविषय-विचार:) ऋग्वेदे ज्ञानकाण्डम्, यजुर्वेदे कर्मकाण्डम्, सामवेद उपासनाकाण्डम्, अथर्ववेदे च विज्ञानकाण्डमस्तीति (प्रतिज्ञाविषय:और प्रश्नोत्तरविषय:)*

निष्काम कर्म उपासना में आकर सफल सिद्ध हो जाते हैं। इस प्रकार जिस साध्य के लिए ही ये सारे साधन एक स्वर से सिद्ध होते हों उसकी श्रेष्ठता में किस को सन्देह हो सकता है।

2. यदि सामवेद का उपासना विषय है तो यह ऐसा महान्, गहन, सरस और आवश्यक विषय है जिसके बिना मनुष्य जीवन ही नीरस तथा निकम्मा सिद्ध हो जाता है। इस विषय का आत्मा के साथ सीधा सम्बन्ध है, और वह भी कुछ सामान्य कार्य की सिद्धि के लिए नहीं किन्तु पूर्ण आनन्द की प्राप्ति के लिए भी यही एक मात्र स्वस्ति पन्था है। यही बात वेदों शास्त्रों उपनिषदों एवं यत्र तत्र सर्वत्र पायी जाती है।

उपासना और गान का परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध प्राचीन काल से सब मानते आये हैं। केवल मानते ही नहीं आये हैं अपितु व्यवहार में भी उपासना में गान का प्रयोग करते आये हैं। इसीलिए सामान्य रीति से चारों वेद गानमय हैं, और विशेष रीति से सामवेद गानविद्या की खान और उसका उद्गम स्थान है यह बात आज भी मानी जाती है, इसमें किसी को सन्देह नहीं है।

जब हम इस बात की तह में जाकर विचार करते हैं तो ऐसा लगता कि गान विद्या एक ऐसी मनोमोहिनी विद्या है कि जो झट से अन्तस्तल को स्पर्श कर हृत्तन्त्री को हिला देती है जिससे उसके आनन्द में विभोर होकर मनुष्य थोडी देर के लिए अपने को भी भुला देता है। उपासना में भक्त का भगवान् के साथ यही भाव अत्यन्त आवश्यक भी है। उपास्य और उपासक को इस द्वैत भाव की स्पष्ट रेखा दिखाई दे तभी यह अवस्था मनुष्य को प्राप्त हो सकती है। तब भक्त भगवान् से कैसी मीठी-2 बातें करता है इस बात के प्रमाण में भक्तों की सेवा में ऋग्वेद का एक मन्त्र उपस्थित कर यह विषय और स्पष्ट करने का प्रयत्न करते हैं। वह यह है-

यद॑ग्ने॒ स्याम॒हं त्वं त्वं वा॑ घा॒ स्या अ॒हम्। स्युष्टे॑ स॒त्या इ॒हाशिष॑ः।[1]

भक्त कहता है कि हे मेरे प्यारे भगवान्! मैं तू हो जाऊं अथवा तू मैं हो जा तो तेरे सारे आशीर्वाद हमारे लिए सच्चे सिद्ध हो जाएं। अतः कहां तक पहुंचकर भक्त भगवान् में अपने को लीन करने का उपाय कर सकता है यह बात यहां स्पष्ट हो जाती है। अत एव पं. विश्वनाथ विद्यामार्तण्ड ने अपने सामवेद आध्यात्मिक भाष्य की भूमिका (लेखक की ओर से!) में लिखा है- सामवेद गीतिप्रधान वेद है। सामगानों द्वारा, उपासक में, सामवेद की भावनाओं को प्रतिष्ठित किया गया है। संगीत का जीवन में बडा महत्त्व है। गद्य भाषणों द्वारा श्रोताओं पर उतना प्रभाव नहीं पडता

---

1. 8/44/23

जितना कि संगीत द्वारा पडता है। भक्तिमय सात्त्विक गानों द्वारा चित्त की सात्त्विक वृत्तियों को जागृत कर, उनमें एकतानता बनी रहती है अर्थात्, चित्त की सात्त्विक वृत्ति धारारूप में प्रवाहित होती रहती है, जिससे सात्त्विक चित्तवृत्ति प्रवाह में, राजसिक और तामसिक चित्तवृत्तियों का अनुप्रवेश नहीं होने पाता। जैसे निःस्तब्ध जलाशय में जलपृष्ठ की समता होती है, उसी प्रकार संगीत द्वारा चित्तवृत्ति में समता बनी रहती है। इस समता की दृष्टि से सम्भवतः सामवेद को सामवेद कहा गया है।[1]

अभिप्राय यह कि यह तो किसी भक्त के ही अथवा सहृदय के ही समझने की बात है। गान का उपासना के साथ इतना घना सम्बन्ध होने के नाते ही सम्भवतः प्राचीन काल के ऋषियों ने इसी वेद के मूल मन्त्रों से नाना प्रकार के गान, भिन्न-2 समयों अथवा कर्मों के लिए बनाये थे जो आज भी ग्रन्थ के रूप में प्राप्त होते हैं। वे गान, एक मन्त्र के अनेक प्रकार क्या सहस्र प्रकार के होते थे। सामवेद के उत्तरार्चिक में एक मन्त्र आता है कि **युञ्जे वाचं शतपदीं, गाये सहस्त्रवर्तनि**[2] अर्थात् सौ पदों वाली वाणी को मैं जोडता हूं और सहस्र प्रकार से उसका गान करता हूं। महाभाष्यकार पतंजलि ने भी महाभाष्य में लिखा है कि **सहस्त्रवर्त्मा सामवेदः**[3] अर्थात् एक सहस्र मार्ग वाला सामवेद है। उपरोक्त सामवेदीय मन्त्र में **गाये सहस्त्रवर्तनि** इस मन्त्र में आये हुए वर्तनि शब्द का तथा महाभाष्यकार के वर्त्म शब्द का सादृश्य स्पष्ट प्रतीत होता है। दोनों ही शब्द एक अर्थ के प्रतिपादन करने वाले हैं यह निःसन्देह पता चलता है। ऐसी अवस्था में महाभाष्य की उस पंक्ति का यही अर्थ ठीक समझ में आ रहा है कि सामवेद के गाने के सहस्र प्रकार हैं किन्तु कतिपय विद्वान् इसकी दूसरे प्रकार से व्याख्या करते हैं।[4]

---

1. जनज्ञान प्रकाशन, नई दिल्ली, संवत् 2033
2. मन्त्र सं.1829
3. पातंजल महाभाष्य, पस्पशाह्निक
4. गान का विस्तार सामवेद से प्रारम्भ होता है, अतः सहस्र प्रकार से गाया जाना कोई असम्भव बात नहीं। परन्तु यह बात उन लोगों की खींचातानी और अनभिज्ञता की द्योतक है कि भाष्यकार के वचन का यही तात्पर्य है। मैं यह निश्चयपूर्वक कह सकता हूं कि भाष्यकार के वचन का यही तात्पर्य है कि सामवेद सहस्र शाखाओं वाला है। **एकशतमध्वर्युशाखाः** इस पूर्वगत वाक्यप्रसंग से ऐसा ही सिद्ध है। ऐसा नहीं हो सकता कि शेष में शाखाऐं कही जावें और सामवेद के गीति के उपाय वहां पर गिना दिये जाएं। यदि यही मान लिया जावे कि सामवेद के सहस्र गीति-उपाय हैं तब भी सहस्र शाखाओं का होना बन सकता है। यह हो सकता है कि भाष्यकार कथित सहस्र-शाखाएं सामवेद के गानभेद के कारण ही बन गई हों। जब गानभेद सकारण है तो शाखाभेद होना भी उसके

सार यह है कि सामवेद, क्योंकि उपासना काण्ड का प्रतिपादन करता है इसलिए अन्य वेदों की अपेक्षा से व्यावहारिक जीवन के साथ अति निकटतम सम्बन्ध होने से विचारकों ने समय-समय पर अपने विचार उस रूप में व्यक्त किये हैं जैसे महाभारत अथवा गीता में प्रकट किये गये हैं।[1]

इसका यह तात्पर्य नहीं है कि शेष अन्य वेद गौण हैं। अपने-अपने विषयों के निरूपण करने के अवसरों पर वे भी मुख्य ही हैं। कर्म के विवेचन में सामवेद कभी नहीं मुख्य हो सकता यजुर्वेद ही उसका सर्वस्व है। ऐसे ही अन्य वेदों के विषय में भी कहा जा सकता है।[2]

3. छान्दोग्य उपनिषद् के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस उपनिषद् का सामवेद से सीधा सम्बन्ध है। ईशोपनिषद् का यजुर्वेद से नित्य सम्बन्ध है। ऐसा ही गीता या महाभारतकार उसी गुरु-परम्परा अथवा सम्प्रदाय के हों जिनके प्रवचन या व्यवहार सामवेद के सम्पर्क से ही चलते हों। इस दृष्टि से भी कुछ महत्व प्रकट करना अयुक्त नहीं है। वैसे भी इतिहास से ज्ञात होता है कि भगवान् श्रीकृष्ण के गुरु घोर आंगिरस सामवेद से सम्बन्धित थे।

मीमांसा दर्शन में जैमिनि ऋषि ने साम के स्वरूप का निर्णय करने के लिए लिखा है कि **गीतिषु सामाख्या**[3] अर्थात् गीति का नाम साम है। जब गीति का ही साम नाम है तो संहिता को साम क्यों कहा जाय यह भी एक विचारणीय विषय है।

इस ग्रन्थ का सामवेद नाम इसलिए है कि इसी के मूल मन्त्रों से साम गान उत्पन्न होते हैं। अत एव साम गान के मूल होने से ही संहिता का नाम भी प्रसिद्ध अर्थवाला नाम सामवेद रख लिया गया है।

आधार पर सकारण ही होगा। अतः सामवेद की सहस्त्रशाखाएं हैं यह मानना ही श्रेयस्कर है। इसको स्वीकार कर विद्वानों को इनके अन्वेषण का प्रयत्न करना चाहिए (देखो, आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री, सामवेद- संहिता (भाषा-भाष्यसहित), भूमिका,पृ. 51, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा पंजाब, जालन्धर 1966)

1. गीता 10/22, महा. अनु. पर्व 14/317
2. काठकब्राह्मण- *यदेनमृग्भिः शंसन्ति, यजुर्भिर्यजन्ति, सामभिः स्तुवन्ति, अथर्वभिर्जपन्ति।* द्र. *-डॉ. कालण्डेन सम्पादितं काठकब्राह्मणसंकलनत्।* भगवद्दत्त रिसर्च स्कालर,वैदिक वाङ्मय का इतिहास, ब्राह्मण – आरण्यक भाग, प्रणव प्रकाशन, नई दिल्ली, 1976 पृ.269 पर उद्धृत।
3. 2/1/36

सामवेद और ऋग्वेद

पाश्चात्य विद्वानों[1] और उनके अनुगामी अनेक पौरस्त्य[2] अनुसन्धित्सुओं का यह मत है कि सामवेद के अपने मन्त्र बहुत कम हैं। अर्थात् 1875 मन्त्रों में केवल 75 मन्त्र ही सामवेद के हैं, ऐसा मानते हुए कुछ ने 75 मन्त्रों का पृथक् से सामवेद प्रकाशित किया है[3]। कुछ विद्वानों ने 99 मन्त्रात्मक ही सामवेद का स्वरूप मानते हुए उसको प्रकाशित किया है[4]। शेष मन्त्र ऋग्वेद के ही हैं। सामवेद में उनका संग्रह मात्र है। क्योंकि ऋग्वेद में वे मन्त्र तत्तत् स्थानों में पाये जाते हैं।

हम इस बात की परीक्षा करना चाहते हैं कि वास्तविकता क्या है। वे मन्त्र इस वेद के अपने हैं अथवा ऋग्वेद के हैं।

सबसे प्रथम हम ऋग्वेद के कुछ ऐसे मन्त्र प्रमाण रूप से उपस्थित करते हैं जो इस बात की साक्षी देते हैं कि ऋग्वेद के समकाल में सामवेद की स्वतन्त्र सत्ता वर्तमान है। वे मन्त्र निम्न प्रकार हैं –

तस्मा॑त् य॒ज्ञात् स॑र्व॒हुत॒ ऋचः॒ सामा॑नि जज्ञिरे (ऋग्. 10/90/9)

यो जा॒गार॒ तमु॒ सामा॑नि यन्ति (ऋग्. 5/44/14)

यज्ञ॒न्यं साम॒गामु॑क्थ॒शास॑म् (ऋग्. 10/107/6)

श्रव॒त्साम॑ गी॒यमा॑नम् (ऋग्. 8/81/5)

यू॒यं ऋषि॑मवथ॒ साम॑विप्रम् (ऋग्. 5/54/14)

अङ्गि॑रस॒ां साम॑भिः स्तू॒यमा॑नाः (ऋग्. 1/107/2)

---

1. In the composition of Sama Samhita, the entire bulk of mantras was borrowed from Rigveda. (Samaveda Samhita, Introduction(p-7) English Translation by R.T.H. Griffith, edited by Ravi Prakash Arya, Parimal Publications, Delhi. 2003
2. आचार्य बलदेव उपाध्याय, वैदिक साहित्य और संस्कृति, नया संसार प्रेस वाराणसी, प्रकाशक- शारदा संस्थान, पंचम संस्करण, पं. शिवशंकर शर्मा काव्यतीर्थ, वैदिक इतिहासार्थ निर्णय, भूमिका, सत्यार्थ प्रकाशन कुरुक्षेत्र- *सामवेद में 1549 ही मन्त्र हैं जिनमें से 78 मन्त्रों को छोडकर बाकि सब ऋग्वेद में मिलते हैं। इसलिए सामवेद तो ऋग्वेद के अन्तर्गत ही है।*
3. देखो, स्वामीहरप्रसाद, वेद रहस्य, प्रथम संस्करण, पृ.70; एवं *स्वाध्याय संहिता*, समर्पण शोध संस्थान, साहिबाबाद गाजियाबाद उ.प्र.
4. स्वामी गंगेश्वरानन्द, वामन सामवेद:, सद्गुरु गङ्गेश्वर इण्टरनेशनल वेदमिशन, बम्बई, संवत् 2042

बृहस्पतिः सामभिर्ऋक्वो अर्वतु (ऋग्. 10/36/5)

उपर्युक्त उदाहरणों में नीचे लिखे शब्द केवल सामवेद की सत्ता के साधक सिद्ध हो रहे हैं। सामानि, सामानि, सामगाम्, साम, सामभिः और साम इन पदों से यह बात निर्भ्रान्त रूप से सिद्ध हो जाती है कि ऋग्वेद के समय में ही सामवेद की स्वतन्त्र रूप में कोई बाधा नहीं है। इतना ही नहीं किन्तु साम विशेषों के भी नाम पाये जाते हैं। जैसे-गायत्रम्, त्रैष्टुभम्, जागतम्, बृहत्, रथन्तरम् इत्यादि। ये विशेष गानों के नाम हैं। इनसे भी उपरोक्त बात ही सिद्ध होती है।

इन प्रमाणों के रहते यह कहने का साहस कोई नहीं कर सकता कि ऋग्वेद के मन्त्रों का ही सामवेद संग्रहमात्र है। साथ ही इस विचार का भी कि विश्व के पुस्तकालय में सबसे प्रथम ऋग्वेद ही है[1] समूल खण्डन हो जाता है। कारण यह है कि जब ऋग्वेद के समय में सामवेद भी वर्तमान ही है तो यह कैसे कहा जा सकता है कि सबसे पहले ऋग्वेद ही है, वरन् सामवेद भी उतना ही प्राचीन है। कुछ विद्वानों ने तो सामवेद और यजुर्वेद को ऋग्वेद से प्राचीन माना है।[2]

हां एक प्रश्न हो सकता है कि मन्त्रों में तो केवल साम शब्द ही पाये जाते हैं सामवेद शब्द नहीं इसलिए साम शब्द से सामवेद का अर्थ कैसे माना जा सकता है? इत्यादि।

इसका उत्तर यह है कि निःसन्देह साम शब्द ही अथवा साम विशेष शब्द ही पाये जाते हैं सामवेद शब्द नहीं। परन्तु साम शब्द का अर्थ यदि गीति है जैसा कि मीमांसा ने बतलाया तो यह भी ध्रुव निश्चित है कि वह कार्य है। बिना कारण का कार्य नहीं हुआ करता है। **कारणाभावात्कार्याभाव इति निश्चयात्** ऐसी अवस्था में सामगान के मूल कारण मूल मन्त्र ही हो सकते हैं अथवा और कुछ। यदि मूल मन्त्र ही हो सकते हैं तो सिद्ध हो गया कि **सामगान** के पहले साम मूल मन्त्र हैं।जब साम मूल मन्त्र हैं तो सामवेद भी है।

इसका कारण यह है कि जैसे अक्षर समुदाय का पद होता है, पद समुदाय का वाक्य होता है, वाक्य समुदाय का मन्त्र होता है, ऐसे ही मन्त्र समुदाय की संहिता होती है। यह त्रिकाल में भी नहीं हो सकता कि मन्त्र समुदाय तो हैं किन्तु संहिता नहीं है। यदि संहिता है तो मन्त्र भी हैं, यदि मन्त्र हैं तभी उनसे गान भी बनते हैं।

---

1. https:// hi.m.wikipedia.org
   देखो, मैक्समूलर (1) History of the Ancient Sanskrit literature,1859 का पुनर्मुद्रण पाणिनि ऑफिस इलाहाबाद तथा चौखम्बा, वाराणसी, 1970 और (2) India What it can Teach us? (Lectures)
2. एस.बी. गणपति (सम्पा.), सामवेद , मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1982 की भूमिका

तात्पर्य यह है कि मन्त्रों की विकृति के अतिरिक्त सामगान कोई और वस्तु नहीं है। मन्त्रों को तोड मरोडकर गाने के योग्य बना हुआ ही साम है। जैसे= गायत्र साम= इस मन्त्र का है- **तत्सवितुर्वरेण्यम्** और गान **तत्सवितुर्वरेणियोम् भार्गो देवस्य धी माही** इत्यादि।

ऐसे अवसरों पर यह प्रश्न भी तो हो सकता है कि यदि साम शब्द से सामवेद का अर्थ नहीं होगा तो ऋक् शब्द से ऋग्वेद अर्थ कैसे हो सकता है। जिन युक्तियों से ऋक् शब्द से ऋग्वेद सिद्ध होगा, उन्हीं से साम शब्द से सामवेद भी सिद्ध हो जायेगा। इस विषय की कोई ऐसी युक्ति अथवा प्रमाण नहीं है कि ऋक् शब्द से ऋग्वेद तो सिद्ध होगा किन्तु साम शब्द से सामवेद नहीं।

चारों वेदों अथवा मन्त्रों में केवल इसी प्रकार के शब्द आते हैं **ऋचो यजूंषि सामानि** और भाष्यकार लोग इन पदों का ही वेदत्रयी या चारों वेद अर्थ करते हैं। जैसा कि षड्गुरु शिष्य ने लिखा है कि **ऋग्यजुः सामरूपेण मन्त्रो वेदचतुष्टये** अत एव ऐसे प्रश्न भी भ्रान्तिमूलक ही हो सकते हैं। इनसे कुछ तत्व सिद्ध नहीं हो सकता।

ऋग्वेद और भाषाविज्ञान

सबसे प्रथम संस्कृत साहित्य का निरुक्त ही भाषाविज्ञान का जन्मदाता कहा जा सकता है, यह सर्ववादिसम्मत सिद्धान्त है। परन्तु आज का भाषाविज्ञान अर्धविकसित अवस्था में है, इसलिए उससे किसी साध्य की यथार्थ सिद्धि होगी इसमें सन्देह है। अस्तु। भाषाविज्ञान के आधार पर पाश्चात्य और उनके अनुयायी पूर्वीय विद्वान् भी यह कहते हैं कि ऋग्वेद की भाषा ही कुछ ऐसी पुरानी और जटिल है जिससे विवश होकर कहना पडता है कि सब वेदों में पुराना ऋग्वेद है शेष वेद उसके बाद के हैं। अब हम यह विचार करने चलते हैं कि भाषा की दृष्टि से भी ऋग्वेद प्रथम सिद्ध होता है अथवा नहीं। इस विषय के प्रमाण रूप से हम कुछ मन्त्रों का उदाहरण देते हैं, जो कहने के लिए तो दोनों ही वेदों (ऋग्वेद और सामवेद) में हैं किन्तु वस्तुस्थिति कुछ भिन्न है। हम इसलिए भी इन प्रमाणों को उपस्थित करते हैं कि भाषा विज्ञानियों का यह सिद्धान्त कि जहां तक कृत्रिमता का सम्बन्ध है वे सब पद, वाक्य, और मन्त्र नये हैं, और जहां तक स्वाभाविकता का सम्बन्ध है वे सब पद, वाक्य, और मन्त्र पुराने हैं यह उक्ति कहां तक सत्य और सही है?

निम्नलिखित सामवेद और ऋग्वेद के पाठ यह सिद्ध करते हैं कि सामवेद के पाठ पुराने तथा ऋग्वेद के पाठ नये हैं। जैसे-

सामवेद के पाठ	–	ऋग्वेद के पाठ
1. आसीदतु बर्हिषि मित्रो अर्यमा प्रातर्यावभिरध्वरे		आसीदन्तु बर्हिषि मित्रो अर्यमा प्रातर्यावभिरध्वरे
2. शुक्रा वियन्त्वसुराय निर्णिजे		शुक्रां वयन्त्यसुराय निर्णिजम् (9/99/1)
3. सुतः सुदक्ष धनिव (551, 574)		सुतः सुदक्ष धन्व (9/105/4)
4. दिवि सद् (672)		दिविषद् (9/61/10)
5. ये माणः (702)		ये मानः (9/75/3)
6. विराजसे (702)		विराजति (9/75/3)
7. वरिवो धातमो भुव (691)		वरिवो धातमो भव (9/1/3)
8. सुद्रुवम् (238)		सुद्रवम् (7/32/20)
9. परि नः शर्म (897)		परिणः शर्म (9/41/6)

उपर्युक्त मन्त्रों के निम्न पाठों पर विद्वान्पुरुष यदि ध्यान देंगे तो उनको दोनों पाठों(मूलपाठविषयक) के भेद (Textual Variations) स्पष्ट और युक्तियुक्त प्रतीत होंगे।

सामवेद	–	ऋग्वेद
1. आसीदतु		आसीदन्तु
2. वियन्तु		वयन्तु (9/99/1)
3. धनिव (551,574)		धन्व (9/105/4)
4. दिविसद् (672)		दिविषद् (9/61/10)
5. ये मा णः (702)		ये मा नः (9/75/3)
6. विराजसे (702)		विराजति (9/75/3)
7. भुव (691)		भव (9/1/3)
8. सुद्रुवम् (238)		सुद्रवम् (7/32/20)
9. परिनः (897)		परिणः (9/41/6)

उपपत्ति

इन पदों पर विचार करने से यह स्पष्ट पता चलेगा कि किस वेद के पाठ नये तथा किसके पुराने हैं। जैसे-

आसीदतु= यह साम पाठ है। किन्तु मन्त्र की परिस्थिति यह सिद्ध करती है कि इस एक वचन की जगह बहुवचन का प्रयोग होना चाहिए तदनुसार ऋग्वेद में बहुवचन पाठ है। यह साम का पाठ तब का प्रतीत होता है जब एकवचन या बहुवचन का विचार भी नहीं था।

वियन्तु= इस पाठ का अर्थ करते हुए भाष्यकारों ने वयन्तु यही अर्थ किया है, तदनुसार ऋक् पाठ वयन्तु यही है।

ये माणः= यह साम का पाठ है। इसमें **न** का **ण** कायम रहना अयुक्त समझकर नकार का पाठ ठीक समझकर उसी को शुद्ध माना गया है। तदनुसार ऋक् पाठ नकार युक्त ही रक्खा गया प्रतीत होता है।

धनिव= यह पाठ धातु पाठ की दृष्टि से शुद्ध कर **धन्व** यही शुद्ध रूप है। तदनुसार ऋक् पाठ धन्व यही है। अत एव साम पाठ तब का है जब यह विचार भी नहीं था कि कैसा पाठ होना चाहिए।

दिविसद्= दन्त सकार वाला यह पाठ साम का है, किन्तु व्याकरण के अनुसार मूर्धन्य सकार होना चाहिए। ठीक उसी के अनुकूल ऋक् पाठ मूर्धन्य सकार युक्त है। इसलिए साम पाठ तब का है जब यह विचार भी नहीं था कि यहां कौन सकार होना चाहिए।

विराजसे= इस पाठ पर दृष्टि डालने से यह प्रतीत होता है कि यहां प्रथम पुरुष का पाठ ही युक्तियुक्त है। उसके अनुकूल ऋक् पाठ है।

भुव= यह पाठ, अर्थ की प्रक्रिया के अनुसार भव यही अर्थ करता है। ठीक इसी प्रकार का भव पद ऋक् पाठ है। यह ज्ञात होता है कि साम का पाठ उस समय का है जब यह विचार नहीं था कि भू धातु का यहां धातु रूप क्या होना चाहिए।

सुद्रुवम्= यह पाठ स्वाभाविक रीति से उच्चारण करने पर सरल और सीधा है, इसलिए अकृत्रिम है। किन्तु ऋक् का पाठ सुद्रूवम् सीधे यण् कर दिया गया है। व्याकरण की आंख से ठीक दीखता है इसलिए यही पाठ ऋग्वेद का है। पता लगा कि साम का पाठ बहुत प्राचीन है।

परिनः= यह साम का पाठ तब का ज्ञात होता है जब यह विचार नहीं था कि न कार का ण कार होना चाहिए। कालक्रम से जब यह विचार परिपक्व हो गया कि यह ठीक नहीं है इसलिए नकार का ऋग्वेद में चलकर णकार हो गया।

इन उपर्युक्त उदाहरणों पर एक बार गहरा विचार करने पर ज्ञात होता है कि सामवेद के पाठ प्रारम्भिक अवस्था के हैं, इसीलिए स्वाभाविक तरह से हैं। यही कारण है कि कहां कैसा पाठ उपयुक्त है अथवा नहीं, इस बात का विचार नहीं है।

बस सिद्ध हो जाता है कि प्रारम्भिक अवस्था का परिचायक होने से साम पाठ प्राचीन है। तथा परिमार्जित अवस्था का परिचायक होने से ऋक् पाठ नये हैं।

इन उदाहरणों के रहते कोई भी विचारशील पुरुष यह नहीं कह सकता कि सामवेद के पाठ पुराने तथा ऋग्वेद के पाठ नये नहीं हैं। तब यह कहने में भी संकोच नहीं है कि सामवेद पुराना तथा ऋग्वेद नया क्यों न कहा जाए। ऐसा स्वीकार करने में क्या आपत्ति हो सकती है यदि भाषा विज्ञान का यह नियम सही हो तो।

सम्पूर्ण ऋग्वेद में जिन मन्त्रों का सम्बन्ध सामवेद से बतलाया जाता है उन मन्त्रों का नब्बे प्रतिशत पाठ ऐसा ही है जैसा कि मैंने ऊपर उदाहरण के रूप में उपस्थित किया है।

यदि इसी दृष्टि से विचार कर चारों वेदों का अनुवाद करने वाले आर. टी. एच. ग्रीफिथ ने अपने सामवेद की भूमिका में यह लिखा हो कि-seem in others to be older and more original than the reading of the Rigveda- अर्थात् ऋग्वेद के पाठ की अपेक्षा से सामवेद के पाठ पुराने और वास्तविक प्रतीत होते हैं "तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।"

इतना होने पर भी हम यह नहीं मानते कि सामवेद के पाठ पुराने होने से वह पुराना है, तथा ऋग्वेद के पाठ नये होने से वह नया है। इसका कारण यह है कि जहां सामवेद के पाठ पुराने और ऋग्वेद के पाठ नये ज्ञात होते हैं, वहां ऋग्वेद के भी कुछ ऐसे पाठ मालूम होते हैं कि जैसे वे साम से भी पुराने हों। जैसे-

सामवेद	–	**ऋग्वेद**
1. पवाते (535)		पवताम् (9/97/4)
2. सीदाति (535)		सीदतु (9/97/4)
3. ऋता (1357)		ऋतम् (9/97/37)
4. दीयति (1256)		दीयते (9/3/1)

स्थालीपुलाक न्याय से हमने केवल चार उदाहरण ही उपस्थित किये हैं, न्याय की तुला पर इन पदों को तौलने से ऐसा लगता है कि ऋग्वेद के पाठों का अर्थ ही साम के पाठ कर रहे हैं।

जब ऋग्वेद में आये हुए पदों का ही वे साम के पद अर्थ के रूप में प्रकट होते हैं तब तो किसी प्रकार का सन्देह करने का अवकाश ही नहीं मिलता कि साम के पाठ नये तथा ऋग् के पाठ पुराने नहीं हैं।

हमने दोनों वेदों के पाठों को तुला पर रख कर तुलना की तो यह मालूम हुआ

कि इस प्रकार के एकाङ्गी विचारों के आधार पर कोई विचारक अपना दृष्टिकोण स्थिर करे तो वह धोखा खा जायेगा जैसा कि अब तक के विचारकों के अनुशीलन भ्रान्त तथा कुविचारपूर्ण प्रतीत होते हैं।

इस प्रसंग में हम उन पुराने तथा कुछ नये भाष्यकारों और लेखकों के ऐसे विचारों से सहमत नहीं हैं कि जो अब तक यह दिखलाने का प्रयत्न करते हुए देखे जाते हैं कि सामवेद के कुछ मन्त्रों के अतिरिक्त कुल मन्त्र ऋग्वेद के ही हैं। ऋग्वेद के उन समस्त मन्त्रों, जिनकी सामवेद में आवृत्ति कही जाती है, की जब हम तुलना करते हैं तो दोनों के मूलपाठों में भिन्नता (Textual variations) अनेक रूपों में मिलती है, जैसे कि- (1)अर्थगत भिन्नता, Semantic Variations (2) ध्वनि या स्वर विज्ञान सम्बन्धी भिन्नता Phonetic Variations (3) आकृति सम्बन्धी या रूपात्मक भिन्नता Morphological Variations और (4) वाक्यरचना सम्बन्धी भिन्नता Syntactical Variations[1].

अत: हम निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि दोनों वेदों के पाठों को देखने से प्रतीत होता है कि इनमें पूर्वापर का विचार करना नितान्त भ्रान्तिमूलक है, क्योंकि वेद अपौरुषेय वाणी (Non individual/Intuitive knowledge) है । ऋग्वेद के ऋषि को उन उन मन्त्रों का intuition उसी रूप में हुआ जिस रूप में वे ऋग्वेद में प्राप्य हैं और सामवेद के ऋषि को भी उसी रूप में जैसे कि वे मन्त्र सामवेद में उपलब्ध हैं।

अब प्रश्न यह होता है कि जब दोनों ही वेदों के पाठ पुराने और समकालीन हैं तो फिर पाश्चात्य विद्वान् तथा उनको गुरु मानकर उनके पदचिह्नों पर चलने वाले पूर्वीय विद्वानों ने भी यह घोषणा करने का साहस कैसे किया कि दुनिया की लाइब्रेरी में सबसे प्रथम ऋग्वेद है।[2] हमारा अनुमान तो यह है कि इन महानुभावों ने कभी भी सामवेद को पढ़ने का कष्ट नहीं किया है। यदि पढ़ा भी है तो समझने की चेष्टा नहीं की है अथवा यह है भी इतना गहन कि समझ में ही नहीं आया हो। यही कारण है कि ऋग्वेद पर जितनी आसानी से इनकी लेखनियां चलती हैं, उतनी आसानी से उनकी साम पर नहीं चलती हैं। लेकिन कुछ विद्वान् हैं जिन्होंने इस दिशा में सोचने का प्रयास किया है। उनमें से एक हैं आधुनिक समय के वेदभाष्यकार स्व. पं. रामनाथ वेदालंकार, जो कि गुरुकुल कांगडी के यशस्वी स्नातक थे। उन्होंने सम्पूर्ण

---

1. देखो, परिमल पब्लिकेशंस, दिल्ली-7 से 2003 में प्रकाशित एवं डा.रवि प्रकाश आर्य द्वारा सम्पादित R.T.H. Griffith द्वारा कृत सामवेद के अंग्रेजी अनुवाद का इण्ट्रोडक्शन, पृ.22 से 37.
2. प्रो. मैक्समूलर, हम भारत से क्या सीखें?

सामवेद का यौगिक पद्धति पर दो भागों में संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं मे प्रामाणिक भाष्य किया है। भाष्य लिखने से पूर्व पं. जी ने सामवेद से सम्बन्धित एक विस्तृत भूमिका (74 पृष्ठों में) भी लिखकर, इस वेद के बारे में अनुसन्धानात्मक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण जानकारी पाठकों के लिए प्रस्तुत की है[1]।

स्वर-भेद

अब तक हमने विषय भेद तथा भाषा भेद से सामवेद की भिन्नता सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त अब एक दूसरी दृष्टि से हम विचारने चले हैं, जो सम्पूर्ण सामवेद संहिता को जो पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक रूप से दो भागों में विभक्त है, सम्पूर्ण ऋग्वेद से, जो दश मण्डलों में विभक्त है एकदम पृथक् करती है। अथवा यों कहिए कि यह एक ऐसा प्रबल प्रमाण है जो सामवेद और ऋग्वेद का सम्पर्क भी अलग करता है। अब मेरा प्रयास केवल विद्वानों के विचार के लिए ही है। वह है दोनों वेदों का स्वर भेद (Accent Variation)।

स्वर भेद, अर्थभेद का नियामक है, अब इस विषय पर सन्देह नहीं रहा। अर्थभेद होने से विषयभेद के साथ ही सत्ता भेद भी सिद्ध होने में सन्देह नहीं हो सकता।

कुछ वेद के जिज्ञासुओं का विचार है कि दोनों वेदों के स्वरों में भेद नहीं है किन्तु पं. रामावतार शर्मा के शब्दों में वे जिज्ञासु हैं, अभी तक वे जान ही नहीं पाये हैं कि उनके स्वरभेद भी हैं।हम यहां कुछ ऐसे ही उदाहरण विद्वानों के विमर्श हेतु प्रस्तुत करते हैं। उदाहरण के पहले समझने के लिए कुछ संकेत जान लेना आवश्यक है जो विषय के ज्ञान में सहायता दे सके। तदनुसार सामवेद के मन्त्रों के ऊपर जो १।२।३ इस प्रकार के अंक पाये जाते हैं। यही उदात्त स्वरित और अनुदात्त के संकेत हैं। अर्थात् एक अंक उदात्त, दो स्वरित तथा तीन का अंक अनुदात्त को बतलाता है।

ऋग्वेद में **इन्द्रो मदाय** इत्यादि मन्त्रों के ऊपर तथा नीचे दो प्रकार की लकीरें दीखती हैं। ऊपर की स्वरित तथा नीचे की अनुदात्त की लकीर है उदात्त का कोई भी चिन्ह नहीं होता। बस सामान्य रीति से इतने ही संकेत पर्याप्त हैं।

अब हम सामवेद के प्रारम्भ से ही पांच मन्त्रों को उपस्थित कर उनकी ऋग्वेद के मन्त्रों से तुलना करते हैं जिससे यह बात भली भांति समझ में आ जायेगी कि इन दोनों वेदों में स्वर भेद कैसे हैं?

---

1. सामवेद-भाष्यम्, आचार्य रामनाथः, समर्पण शोध संस्थानम् साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.), 1991

सामवेद	–	ऋग्वेद
1. अग्न आयाहि		अग्न॒ आया॑हि (6/16/10)
2. त्वमग्ने यज्ञानाम्		त्वमग्ने य॒ज्ञा॒ना॒म् (6/16/1)
3. अग्निं दूतम्		अ॒ग्निं दू॒तम् (1/12/1)
4. अग्निवृत्राणि		अ॒ग्निर्वृ॒त्राणि॑ (6/16/34)
5. अग्ने रथन्न वेद्यम्		अ॒ग्निं रथ॒न्न वेद्य॑म् (8/84/1)

स्पष्टीकरण

उपर्युक्त पांच उदाहरणों पर विचार करने से उनमें भेद दृष्टिगोचर होगा। जैसे-

1. सामवेद के **अग्ने** पद के **अ** पर स्वरित का चिह्न है जब कि ऋग्वेद के अग्ने पद के अकार पर स्वरित का चिह्न नहीं है।

2. दूसरे मन्त्र के **यज्ञानाम्** इस पद के **ज्ञा** पर सामवेद में स्वरित का चिह्न विद्यमान है जबकि ऋग्वेद के मन्त्र के ज्ञा पर कोई चिन्ह दृष्टिगोचर नहीं होता। इसलिए वह अक्षर ऋग्वेद में उदात्त है, साम में स्वरित है।

3. तीसरे मन्त्र के **अग्निम्** पद के **ग्नि** पर सामवेद में स्वरित का चिन्ह है जब कि ऋक् के मन्त्र के **ग्नि** पर कोई चिह्न नहीं है, इसलिए यहां वह स्वरित नहीं उदात्त है।

4. चौथे मन्त्र के **अग्निः** पद के **ग्निः** पर सामवेद में स्वरित का चिह्न होने से वह स्वरित है जबकि ऋग्वेद के मन्त्र में वह उदात्त है।

5. 5वें मन्त्र में तो सामवेद का **अग्ने** सम्बोधन है जब कि ऋग्वेद में द्वितीयान्त **अग्नि**पद दीखता है। इसके साथ साथ ऋग्वेद में अग्नि पद का अ अनुदात्त है और सामवेद में स्वरित है।

इस प्रकार के उदाहरण देकर हमने यह दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न किया है कि दोनों वेदों में स्वरों का महान् भेद विद्यमान है[1]। स्वरभेद होने से अर्थभेद है और अर्थभेद होने से विषयभेद एवं स्वातन्त्र्य भेद भी स्वतः सिद्ध हो जाता है।

---

1. इस स्वर-भेद के विषय में डॉ. सिद्धेश्वर वर्मा का कथन है कि साम में साहित्यिक स्वरपद्धति इतनी प्रभावी थी कि स्वतन्त्र उदात्त भी स्वरित के रूप में परिवर्तित हो जाता था। इस प्रवृत्ति के मूल कारण का उल्लेख करते हुए उन्होंने लिखा है कि वाक्य के अन्त में स्वराघात नीच हो जाता है। (Studies in the accentuation in the Samaveda, proceedings of 6th AIOC Patana, 1928, P.517-25.

ऐसी अवस्था में सामवेद को ऋग्वेद का संग्रह मानना तथा दोनों में स्वर भेद नहीं मानना कितनी भयंकर भूल है यह विद्वज्जनों के लिए विचारणीय है।

हमने जो 5वां मन्त्र उदाहरण के रूप में उपस्थित किया है। उस पर थोडा दृष्टिपात करने से कुछ और विशेषता दिखलाई देती है। वह यह कि इस मन्त्र के प्रथम पद को जब हम देखते हैं तो सामवेद में सम्बोधन है और ऋग्वेद में द्वितीयान्त। इस पद के अर्थ पर विचार कीजिए तो साम के पद का हे अग्ने अर्थ होगा, जब कि ऋग्वेद के अग्नि को ऐसा अर्थ होगा। अब विचारना यह है कि हे अग्ने! और अग्नि को कोई भी विचारशील पुरुष एक नहीं मान सकता है। कारण यह है कि हे अग्ने यह पद तो प्रत्यक्ष अर्थ का निर्देश कर रहा है जब कि दूसरा परोक्ष अर्थ की प्रतीति करा रहा है। इस प्रकार अटक से कटक की दूरी की तरह भेद की प्रतीति होने पर भी कोई विचारक मस्तिष्क की गुलामी से यदि भेद नहीं देखता तो इसमें दोष किसको दिया जाय।मन्त्रों का दोष तो है नहीं। वे तो अपना स्वरूप स्पष्ट प्रकट कर रहे हैं इतने पर भी हमको नहीं दीखता तो यह लोकोक्ति सही मालूम होती है कि **नैष स्थाणोरपराधो यदेनमन्धो न पश्यति।**

निरास

पिछली पंक्तियों में हमने बतला दिया है कि विषय, पाठ, भाषा और स्वर भेद से सामवेद के 1875 मन्त्र अपने आप में स्वतन्त्र हैं, ऋग्वेद से संगृहीत नहीं किये गये हैं। इतना होने पर भी कुछ लोग युक्त्याभास से विरोधाभास दिखलाने का प्रयत्न करते हुए देखे जाते हैं। वे कहते हैं कि **ऋचि अध्यूढं साम गीयते**[1] इत्यादि प्रमाण यह सिद्ध करते हैं कि ऋग्वेद के आश्रय से ही सामवेद की सत्ता है। इत्यादि।

पैनी दृष्टि दौड़ाने पर यह शङ्का भी निर्मूल ही सिद्ध होगी ऐसा विश्वास करने का पर्याप्त अवकाश है।

यदि इसी प्रकार का विश्लेषण किया जाय तो शङ्का का सरल समाधान हो जायगा। यह प्रमाण कहता है कि **ऋचा के आश्रित ही साम का गान होता है।** इसका अभिप्राय यह हुआ कि साम की उत्पत्ति का आधार ऋचा है। अब विचारना यह है कि ऋचा क्या चीज है। मीमांसा दर्शन ने ऋचा का निर्णय निम्न प्रकार से स्पष्ट किया है कि- **तेषामृग्यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था** (2/1/35) अर्थात्-अर्थ के अधीन जिसके पाद की व्यवस्था की जाय वह ऋचा है। भाव यह हुआ कि छन्दोबद्ध मन्त्र ऋचा है। सम्भवत: गानविद्या के निपुण पर्यवेक्षकों अथवा छन्द:शास्त्र के जानने वालों को भी यह मालूम होगा कि गान पद्य में ही होता है, गद्य रूप में नहीं या यों

---

1. छा. उप. 1/7/1

कहिए कि काव्यकला की वह देन है कि पद्य के रूप में प्रकट होकर ब्रह्मानन्द की प्राप्ति में वह अन्यतम साधन हो जाती है।

जब गान है तो उसका पद्य से सम्बन्ध कैसे नहीं हो सकता है। अस्तु।

मीमांसा दर्शन के **अर्थैकत्वाद् विकल्पः स्यात्** (9/2/29) सूत्र पर शबर स्वामी ने साम के सम्बन्ध में निम्न प्रकार से अपने विचार प्रकट करते हुए लिखा है कि- **सामवेदे सन्ति सहस्त्रं गीत्युपायाः। आह, कतमे ते गीत्युपाया नाम? गीतिर्नाम क्रिया आभ्यन्तरप्रयत्नजन्या स्वरविशेषाणामभिव्यञ्जिका साम शब्दाभिलप्या। सा नियत प्रमाणायां ऋचि।**

भावार्थ- सामवेद में एक हजार गान के उपाय हैं। प्रश्न- वे कौन हैं? उत्तर- भीतरी प्रयत्न से उत्पन्न होने वाली और विशेष स्वरों का प्रकाश करने वाली गीति या गान ही साम है और वह नियत या पादबद्ध अथवा छन्दोबद्ध ऋचा में ही उत्पन्न होता है अथवा उसी से बनता है। शबर स्वामी के शब्दों से ही यह बात सिद्ध हो गई कि सामगान छन्दोबद्ध ऋचाओं से बनते हैं न कि ऋग्वेद से। ऋग्वेद और चीज है और ऋचायें भिन्न वस्तु हैं। छन्द और गान का नित्य सम्बन्ध है इसलिये गान भी गाने योग्य मन्त्रों से ही बन सकते हैं। अत एव उपरोक्त शङ्का का भी अवकाश नहीं है[1]।

पुनरुक्त

सामवेद पर अनेक प्रकार से लोगों ने आक्रमण किये हैं। उनमें एक दोष यह दिया जाता है कि वह ऋग्वेद का संग्रह है जिसका निरास या खण्डन हो चुका है। दूसरा दोष यह भी दिया जाता है कि कुछ मन्त्र पुनरुक्त भी हैं जिनका दूसरा अभिप्राय ही नहीं होता है। केवल आवृत्ति मात्र हैं। इत्यादि। निबन्ध की आकार वृद्धि से भय हो रहा है तथापि संक्षेप में इस विषय पर भी थोडा प्रकाश डालना आवश्यक है। इस विचार का यहां तक फल देखने में आया है कि 72 मन्त्रों का सामवेद

---

1. इस विषय में प्रो. ओम्प्रकाश पाण्डेय ने भी कुछ इसी प्रकार के विचार व्यक्त करते हुए लिखा है: Samavedis hold a firm belief that Samaveda Samhita has an independent form. It has not been taken from any present or extinct Samhita of Rigveda. ऋचि अध्यूढं साम गीयते conveys only that Ṛk and Sāma are connected with each other as a container and the contained. (*Vedic Literature: An Introduction* (p.470), chapter-30 "Arya Samaj and the Vedic Worldview" edited by Ram Prakash & Jitendra, Centre for studies in civilizations, New Delhi. 2016)

छपकर प्रकाशित होगया है[1]। इस विषय का एक ही प्रबल प्रमाण उपस्थित करते हैं। वह प्रमाण पाणिनि व्याकरण के जन्मदाता महर्षि पाणिनि का है, जिससे पुनरुक्त दोष का दुरुपयोग करने वालों का पूरा समाधान हो जायेगा। उन्होंने एक ही सूत्र लिखा है, जिसके आकार प्रकार अक्षर या मात्रा में जरा भी भेद नहीं किया है। जैसे-

बहुलं छन्दसि-2.4.73; 5.2.122; 7.1.8; 7.1.103; 7.4.78; 2.4.39; 3.2.88; 9.1.34; 7.1.10; 7.3.97 इत्यादि।

पाणिनि ने इन सूत्रों को भिन्न-भिन्न अर्थ की सिद्धि के प्रयोजन से बनाया है जैसे बहुलं छन्दसि (2.4.73) का सूत्र वेद में विकल्प से अद् धातु का घस्लृ आदेश करता है। (2.4.73) का सूत्र अदादि गण के नियम से प्राप्त शप् के लुक् का परिवर्तन कर देता है। (2.4.76) का सूत्र जुहोत्यादि गण के श्लु के नियम का परिवर्तन कर देता है। (3.2.88) का सूत्र क्विप् प्रत्यय के नियम का परिवर्तन करता है। (5.2.122) का सूत्र विनि प्रत्यय के नियम का परिवर्तन कर देता है।

इन पांच सूत्रों के ही सम्बन्ध में जो मैंने विचार उपस्थित किये इनसे यह समझने में कोई कठिनता नहीं मालूम होती कि यद्यपि ऊपर से देखने में सूत्र तो एक ही समान के मालूम होते हैं। फिर भी इनके अर्थ और प्रयोजन भिन्न-भिन्न होते हैं।

कल्पना कीजिए कि कोई विचारक यह विचार कर ले कि सारे सूत्र एक समान ही हैं इसलिए एक सूत्र को छोडकर शेष सूत्रों को अष्टाध्यायी से छांटकर निकाल देना चाहिए तो जितनी भयंकर भूल ऐसा विचारक कर सकता है, उससे कहीं अधिक भूल यह होगी कि वेद मन्त्रों को ही छांटकर पृथक् कर दिया जाय अथवा यह कह दिया जाय कि इन मन्त्रों के अर्थ हो चुके हैं। यह दूसरी बात है कि हमारी समझ में यह मन्त्र नहीं आता हो किन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि संशोधन कर दिया जाय। अतएव इस प्रकार के सन्देह अथवा प्रयत्न का होना अविद्या देवी की कृपा का परिणाम ही कहना चाहिए। श्री अरविन्द भी वेदों में पुनरुक्ति को दोषयुक्त नहीं मानते।[2]

---

1. स्वामी गंगेश्वरानन्द, वामन सामवेद:, संवत् 2042
2. पुनरुक्ति तब त्याज्य और दोषयुक्त मानी जाती है जब वह भद्दी अनावश्यक, अर्थहीन और भाररूप हो। अन्यथा वेदों की तरह रहस्यमय कविता में भी वह दोषयुक्त नहीं मानी जाती और कवि जोर देने, किसी अपरिचित भाव को हृदय पटल में अंकित करने के लिए और एक विशेष प्रभाव का वातावरण बनाने, सौन्दर्य तथा प्रभाव बढाने के लिए उसका अधिकतर प्रयोग करते हैं (Letters on Savitri) – वेदवाणी, रामलाल कपूर ट्रस्ट बहालगढ़, सोनीपत हरयाणा, नवम्बर 1998, पृ.138

आरण्यक पर्व

ऐतरेयारण्यक, शांख्यायनारण्यक, बृहदारण्यक (माध्यन्दिन), बृहदारण्यक (काण्व), तैत्तिरीयारण्यक, मैत्रायणीयारण्यक तथा तवलकारारण्यक इत्यादि आरण्यक ग्रन्थों के पाये जाने से सामवेद के आरण्यक पर्व को कुछ लोग परिशिष्ट रूप से पीछे से जोडा गया हुआ मानते हैं,[1] यह उनकी भूल है। कारण यह है कि जितने आरण्यक ग्रन्थ पाये जाते हैं, वे सबके सब मन्त्र नहीं हैं किन्तु ब्राह्मण के समान वन में रहने वाले वानप्रस्थों के प्रकाशित किये हुए हैं, इसलिए उनका नाम आरण्यक है। यही प्रसिद्ध उनका नाम है। आरण्यकों की भाषा ब्राह्मण ग्रन्थों की भाषा से मिलती जुलती है। ब्राह्मण ग्रन्थ वेदों के व्याख्यान हैं[2], अब यह बात सब लोग मानने लग गये हैं। ऐतिहासिक लोग भी ऐसा ही कहते हैं।

अब प्रश्न यह है कि यदि मन्त्र रूप से आरण्यक था तो पाणिनि ने उसका नाम क्यों नहीं लिया। पाणिनि के नाम नहीं लेने से उनके समय के बाद का आरण्यक पर्व है इसलिए परिशिष्ट मानना चाहिए इत्यादि।

इस प्रकार के अनुमान अनुमान नहीं हैं वे अनुमानाभास हैं। पाणिनि के समय में दो विभाग हो चुके थे यह बात उनके सूत्रों से ज्ञात होती है। उन्होंने लिखा है कि **छन्दो ब्राह्मणानि च तद्विषयाणि** (4/2/6)। छन्द और ब्राह्मण इस तरह दो विभाग करने से, उनका तात्पर्य यही प्रतीत होता है कि आरण्यक जो मन्त्र रूप में थे वे छन्दविभाग के अन्तर्गत थे। अत एव मन्त्र या छन्द शब्द से ही उनका भी ग्रहण कर उसी शब्द से उनका व्यवहार करना पाणिनि को उचित जंचा। इसीलिए आरण्यक शब्द का पृथक् नाम लेकर मन्त्र भाग से उसको पृथक्त्व संदेह होने का निरास या खण्डन किया हुआ ही उनका आशय प्रतीत होता है न कि उस समय वह भाग नहीं था इसलिए उन्होंने नाम नहीं लिया यह भाव है। आशय यह है कि उन पाणिनि का यह अभिप्राय कदापि सिद्ध नहीं होता कि उनके समय में वह भाग ही नहीं था। अतएव ऐसा समझना कि आरण्यक पर्व नहीं था यह विचार अयुक्त है।

---

1. देखो, प्रो. व्रज बिहारी चौबे, संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास(प्रथम वेद खण्ड), उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ, प्रथम संस्करण, पृ.282-84
2. स्वामी विद्यानन्द सरस्वती, वेद मीमांसा (विजय कुमार गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली, 1997) में- 'ब्रह्मणो व्याख्यानानि ब्राह्मणानि' स्वामी दयानन्द सरस्वती, ऋभाभू में– 'चतुर्वेदविद्भिर्ब्राह्मणैर्महर्षिभिः प्रोक्तानि वेदव्याख्यानानि तानि ब्राह्मणानि' आचार्य सायण, तै. सं. भाष्यभूमिका में – 'यद्यपि मन्त्रब्राह्मणात्मको वेदः तथापि ब्राह्मणस्य मन्त्रव्याख्यानरूपत्वात् मन्त्रा एवादौ समाम्नाताः'

इस तरह की बातें बनाने वालों से हम एक प्रश्न करना चाहते हैं, वह यह कि पाणिनि के समय में आरण्यक पथ, आरण्यक हाथी, महान् हिम और महान् अरण्य ये सब कुछ थे कि नहीं। ऐसे कहने वालों को तो यही कहना चाहिए कि ये सब कुछ नहीं थे। क्योंकि ये सब होते तो इन पदों का साधन वह अवश्य ही दिखलाते। यदि वह ऐसा कर गये होते तो वार्तिककार स्वनामधन्य महर्षि कात्यायन को यह वार्तिक बनाने की क्या आवश्यकता होती। जैसे-**पथ्यध्यायन्यायविहार-मनुष्यहस्तिष्विति वाच्यम्।** सूत्रकार की कमी की पूर्ति करना वार्तिककार का काम है। सूत्रकार जिस साधन को छोड गये थे दूसरे ने उसकी पूर्ति की। अतः इस प्रकार की कल्पना भी निर्मूल ही प्रतीत होती है। हमारा विचार यह है कि पाणिनि के समय में आरण्यकमन्त्र अवश्य थे किन्तु मन्त्र के रूप में थे । वे न तो ब्राह्मण रूप में थे और न ब्राह्मण के समान आरण्यक रूप में थे। इस पर्व में देखा जाय तो किसी अन्य पर्व से कोई कमी नहीं दीखती है।जैसे अन्य पर्वों में ऋषि, छन्द और देवता का क्रम देखा जाता है, ठीक उसी क्रम से वे सब कुछ यहां भी अपने अपने स्थान पर विराजमान हैं। इसलिए इस पर्व को परिशिष्ट कहना भयंकर भूल है।

पर्व

सामवेद के पूर्वार्चिक में चार पर्व हैं। आग्नेय पर्व, ऐन्द्र पर्व, पवमान पर्व और आरण्यक पर्व। इन चारों पर्वों का प्राचीन नाम पर्व के रूप में चला आ रहा है। किन्तु कुछ समय से इन पर्वों के साथ काण्ड शब्द का व्यवहार भी लोग करने लग गये हैं। ऐसा व्यवहार करना उचित नहीं है। क्योंकि काण्ड शब्द का प्रयोग अथर्ववेद में किया जाता है। सामवेद में ऐसा प्राचीन सम्प्रदाय नहीं है।

सामवेद के ब्राह्मण अथवा संहिता में कहीं भी काण्ड शब्द का प्रयोग नहीं मिलता है। ऐसी अवस्था में यह प्रश्न होना स्वाभाविक है कि काण्ड शब्द का व्यवहार कहां से आ गया। यह बात स्पष्ट है कि सबसे पहले सायणाचार्य ने काण्ड शब्द का प्रयोग सामवेद के पर्वों के स्थान में किया था। इस प्रयोग की अयुक्तता सिद्ध करते हुए सत्यव्रत सामश्रमी जी ने निरुक्तालोचन में लिखा है कि- *"सामवेदे-सामसंहितासु आर्चिक संहितासु ब्राह्मणेषु वा न क्वापि तैत्तिरीया दाविवकाण्डविभागो दृश्यते अपितु सर्वास्वेव संहितासु पर्वेति ब्राह्मणेषु च पञ्चिकेति च तेन व्यज्यते सायणस्य तैत्तिरीयादावेव कृतबहुश्रमत्वमिति"* अर्थात् सायणाचार्य का पर्व के स्थान में काण्ड शब्द का प्रयोग करना साबित करता है कि सामवेद के विषय में उनकी इतनी जानकारी रही थी कि परम्परानुसार पर्व शब्द का प्रयोग करते। क्योंकि साम संहिता अथवा साम ब्राह्मण दोनों ही विभागों में पर्व और पञ्चिका शब्दों का ही व्यवहार देखा जाता है, काण्ड शब्द का नहीं। इसी तरह दशति के स्थान

में खण्ड शब्द का प्रयोग भी उन्होंने ही चलाया है। इससे मालूम होता है कि तैत्तिरीय संहिताओं में ही उनका विशेष परिश्रम था। इत्यादि।

इन युक्तियों से यह सिद्ध हो गया कि पर्व शब्द का ही लिखना या छापना और व्यवहार करना प्राचीन शैली है, काण्ड शब्द का नहीं। काण्ड का प्रयोग सायण सम्प्रदाय है जो अयुक्त है। इनकी अयुक्तता से शब्दों की अयुक्तता स्वतः सिद्ध होती है।

शाखायें

यद्यपि सामवेद की तेरह शाखाओं के नाम ग्रन्थों में पाये जाते हैं, तथापि इस समय केवल तीन ही शाखायें प्राप्त होती हैं। वे ये हैं- कौथुमी, राणायनी, और जैमिनीय। इन तीनों में भी राणायनी हस्तलिखित रूप में कहीं कहीं पायी जाती है।

कौथुमी तथा राणायनी शाखाओं में अध्याय आदि के भेद के अतिरिक्त दूसरा कोई भेद नहीं है। सबके मन्त्र ज्यों के त्यों वे ही पाये जाते हैं जो कौथुमी में हैं। जैमिनीय संहिता के क्रम में भेद नहीं होते हुए भी उसके पाठ में भेद अवश्य ही है। इसके अतिरिक्त उसमें स्वतन्त्र मन्त्र भी कुछ हैं। जो अन्यों में नहीं हैं। इस जैमिनीय संहिता के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि यह संहिता कौथुमी के बाद प्रचलित हुई है इसके अनेक प्रमाण उपलब्ध होते हैं, किन्तु हम एक ही युक्तियुक्त प्रमाण देते हैं।

इन दोनों संहिताओं के पाठों पर विचार करने पर निम्नलिखित एक मन्त्र के एक ही पद के दो तरह के पाठ प्राप्त होते हैं जो दोनों के समयों का पार्थक्य सूचित करते हैं[1]।

कौथुमी शाखा	-	**जैमिनीय शाखा**
रीषतः		रिषतः

केवल एक ही उदाहरण पर आप विचार करें तो ऐसा प्रतीत होगा कि- कुथुमसम्प्रदाय की संहिता में दीर्घ रीष् धातु का पाठ है जबकि जैमिनीय में – ह्रस्व रिष् धातु का पाठ मिलता है।धातु पाठ के अध्ययन से ह्रस्व रिष् धातु का पाठ मिलता है, दीर्घ रीष् धातु है ही नहीं इसलिए इसके सम्बन्ध में यह अनुमान सम्भव है कि जैमिनी संहिता का पाठ धातुपाठ के अनुसार होने से कौथुमी की अपेक्षा से यह पीछे प्रचलित हुई है। युक्ति यह है कि कौथुमी का पाठ तबका है, जब धातुओं का संग्रह भी नहीं हुआ था अन्यथा ऐसा नहीं होता।

---

1. देखो, आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री, सामवेद-संहिता (भाषा-भाष्यसहित), भूमिका, पृ. 51, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा पंजाब, जालन्धर 1966

कौथुमी शाखा पर ही अब तक के भाष्यकारों के भाष्य भी पाये जाते हैं। इसलिए भी वही सबसे प्राचीन सिद्ध होती है।

उपसंहार

हमने इस निबन्ध में सामवेद के सम्बन्ध में विषयभेद, भाषाभेद, पाठभेद तथा स्वरभेद के प्रदर्शन के द्वारा यह विचार उपस्थित किया है कि इतने भेद सिद्ध होते हैं कि जिनसे विवश होकर यही कहना पडता है कि सामवेद संहिता एक स्वतन्त्र सत्ता रखती है। वह भी न केवल कुछ मन्त्रों के रूप में अपितु 1875 मन्त्रों के रूप में ही वह प्रकट हुई और अब तक उसी रूप में ही विद्यमान रहकर मानव समाज ही नहीं अपितु प्राणीमात्र के कल्याण का उपदेश दे रही है। इस निबन्ध के अन्त के भाग में मैंने कुछ शङ्काओं का समाधान कर पर्व, आरण्यक, तथा शाखाओं के विषय में भी कुछ विचार उपस्थित किये हैं। निबन्ध अधिक बड़ा न हो जाये इसलिए कुछ बिन्दु देवता आदि की भिन्नता के छोड़ दिये गये हैं। यह सर्वथा सिद्ध है कि सामवेद का ऋग्वेद से मौलिक भेद है क्योंकि वहां मन्त्रों में कहीं कहीं देवता भेद भी है। देवता भिन्न होने पर अर्थ की भिन्नता स्वयमेव सिद्ध है। इस प्रकार यह सिद्ध हो जाता है कि सामवेद ऋग्वेद पर आश्रित नहीं है।इसकी अपनी अलग सत्ता वैसी ही है जैसे अन्य तीन वेदों की। पद्मश्री डॉ. कपिलदेव द्विवेदी ने तो 09 कारणों से सामवेद की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार की है[1]। इति

-दिनेशचन्द्र शास्त्री

---

1. देखो, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, (सामवेद की स्वतन्त्र सत्ता, पृ. 81-83), विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण: 2000 ई.

सौत्रामण्यां सुरापानम्

-रामनाथः वेदालङ्कार

सौत्रामणीयागे सोमेन सह संमिश्र्य सुरा पीयते। वाजसनेयिमाध्यन्दिनशुक्ल-यजुर्वेदसंहितायाः 19-21 अध्यायेषु सौत्रामणीयागो वर्णितः। सुरां सोमेन मिश्रयति–

स्वा॒द्वीं त्वा॑ स्वा॒दुना॑ ती॒व्राम् ती॒व्रेण॑ अ॒मृता॑म् अ॒मृते॑न।
मधु॑मतीं॒ मधु॑मता सृ॒जामि॒ सं सोमे॑न॥ (19।1) इति।

सुरेयं स्वाद्वी, तीव्रा, अमृता, मधुमती च विद्यते। ननु केयं सुरा? अत्राह शतपथब्राह्मणम्–

अपां च वा एष ओषधीनां च रसो यत् सुरा।

(श.ब्रा. 12।8।1।4) इति।

ओषधयः काञ्चन अद्भिः सह संमेल्य निश्च्योत्यन्ते, प्राप्तो रस एव सुरा। सोमलतायाश्च रसः सोमः, सोऽप्येवं वर्णितः–

स्वा॒दुष्किला॒यं मधु॑माँ उ॒तायं ती॒व्रः किला॒यं रस॑वाँ उ॒तायम्।

(ऋग्. 6।47।1) इति।

सुरया मिश्रितः सोमः पानेन किं फलं जनयतीत्युच्यते–

ब्रह्म॑ क्ष॒त्रं प॑वते॒ तेज॑ इन्द्रि॒यं सु॒र॑या॒ सोम॑ः सु॒त आसु॑तो॒ मदा॑य। (यजु. 19।5)

सुतः अभिषुतः सोमः सोमरस, सुरया आसुतः मिश्रितः पीतः सन् मदाय हर्षाय भवति। किञ्च ब्रह्म ब्रह्मबलं, क्षत्रं क्षात्रबलं, तेजः कान्तिम्, इन्द्रियम् आत्मबलं च पवते जनयति।

सुरानिर्माणविधिः

अथ कासाम् ओषधीनां रसोऽद्भिः सहितः सुरा कथ्यते इति प्रश्नः समुदेति। तत्रापि किं निष्पीडितानां कासाञ्चिदोषधीनां प्रत्यग्रो रसः सुरा, यद्वा पर्युषितः आसवारिष्टादिरूपे परिवर्तितः?

कात्यायनश्रौतसूत्रे (का. 19।1) सुरानिर्माणविधिरुपदिष्टः। स एव यजुर्वेदभाष्ये एकोनविंशाध्यायस्य प्रारम्भे महीधरेणापि प्रदर्शितः। तत्संक्षेपोऽत्र दीयते–

प्रथमं तावत् शष्यं तोक्मान् लाजान् नग्नहुं चानयेत्। विरूढा ब्रीहयः शष्यं, विरूढा यवास्तोक्माः, भृष्टब्रीहयो लाजाः। सर्जत्वक्-त्रिफला-शुण्डी-पुनर्नवा-चतुर्जातक-पिप्पली-गज पिप्पली-वंशावका-बृहच्छत्रा-चित्रक-इन्द्रवारुणी-अश्वगन्धा-धान्यक-यवानी-जीरकद्वय-हरिद्राद्वय-विरूढयव-ब्रीहयः एकीकृता नग्नहुः। एतान् शष्य-तोक्म-लाज-नग्नहून् संचूर्ण्य ब्रीहिश्यामाकयोश्चरू बहुजले पक्त्वा शृतालम्भनानन्तरं तयोश्चर्वो-र्निःस्रावम् उष्णं पृथक्पात्रयोरादाय शष्यादिचतुर्णां चूर्णैः संसृज्य स्थापयेत्। ततश्च कुम्भ्यां प्रक्षिप्य त्रिरात्रं गर्ते निदध्यात्। सा सुरा। तदुक्तम्–

तिस्रो रात्रीः सुराऽऽसुता। (यजु. 19।14) इति।

इयं च सुरा द्राक्षाद्यासववत् रोगापहा, शक्तिप्रदायिनी, चेतः प्रसादकरी, प्रज्ञोन्मेषयित्री ब्रह्मत्वक्षत्रतववर्द्धिका, इन्द्रियाणां प्राणानां च बलप्रदा, न चोन्मादकारिणी। कात्यायनेन या ओषधयः संकेतितास्तासु यथायोग्यं परिवर्तनं परिवर्द्धनं चापि कर्तुं शक्यते यतो नायं वेदादेशो यदेता एवौषधयः सुरानिर्माणे ग्राह्या इति।

सुरासोमपानमन्त्रः

सुरामिश्रितं सोमम् अधस्तनेन मन्त्रेण पिबति, यथोक्तं शतपथे–

स भक्षयति, यदत्र रिप्तं रसिनः सुतस्येति। (श. ब्रा. 12।8।1।5)

यदत्र रिप्तं रसिनः सुतस्य यदिन्द्रो अपिबच्छचीभिः।
अहं तदस्य मनसा शिवेन सोमं राजानमिह भक्षयामि;

(यजु. 19।35)

रसिनः रसवतः सोमस्य यद् यो भागः अत्र सुरायां रिप्तं लिप्तं मिश्रीभूतम् यद् यं सुरामिश्रं सोमभागम् इन्द्रः श्रेष्ठो यागकर्ता कश्चित् शचीभिः प्रज्ञापूर्वकैः कर्मभिः अपिबत् पिबति, अस्य सुरामिश्रस्य सोमस्य तत् तं भागम् अहम् इह अस्मिन् यज्ञे शिवेन मनसा प्रफुल्लेन चेतसा भक्षयामि भुञ्जे पिबामि वा। किञ्च, 'सोमो राजा अयम्' इत्येव मत्वा भक्षयामि पिबामि वा, न तु सुरामिश्रितमिदं द्रव्यम् अपूतमिति बुद्ध्या सेवे इति भावः।

अत्रोक्तं शतपथे–"अहं तदस्य मनसा शिवेन" इति, अशिव इव वा एष भक्षो यत् सुरा ब्राह्मणस्य, शिवम् एव एनम् एतत् कृत्वा आत्मन् धत्ते। "सोमं राजानमिह भक्षयामि" इति सोम एवास्य राजा भक्षितो भवति। तद्धैतद् अन्ये अध्वर्यवः राजन्यं वा वैश्यं वा परिक्रीणन्ति, स एतद् भक्षयिष्यतीति, तदु तथा न कुर्यात्। यो ह वा एतद् भक्षयति तस्य हैव पितॄन् पितामहान् एष सोमपीदोऽन्वेति इति।

अयं भावः सुरा तावद् रसस्य तिस्रो रात्रीः कुम्भ्याँ रक्षितत्वात् पर्युषिता भवति, तया सुरया मिश्रितत्वात् सोमोऽपि अपवित्रः अभोज्यश्च ब्राह्मणस्येति केचिन्मन्यन्ते। ते च तत्पानाय शुल्कं दत्त्वा क्षत्रियं वा वैश्यं वा परिक्रीणन्ति, अयमेतं पास्यति फलं चास्माकं भविष्यतीति। तस्य निषेधः क्रियते। नैतद् ब्राह्मणो मन्येत अपवित्रेयं सुरा इति। विविधौषधीनां रस आसवरूपे परिणतः, शरीराय मनसे च पोषकः, अतः सोमवदेव पवित्रः। किं च, येन यत् कार्यं क्रियते तत्फलमपि तेनैव प्राप्यते। अतस्तत्पानाय राजन्यो वा वैश्यो वा न परिक्रेतव्यः। यः पास्यति स एव शरीरेण मनसा प्रज्ञया च पुष्टो यशस्वी च सन् स्वपितृपितामहानपि यशोभाजः करिष्यतीति।

एवं सौत्रामणीयागमन्त्रेषु सुराशब्दं दृष्ट्वाऽस्माभिर्भ्रान्तैर्न भाव्यं यन्निन्दितेयं सुरा। एषा सुरा निन्दिता नास्ति, न चोन्मादकारिणी, प्रत्युत पवित्रा पावित्र्यविधायिनी च। एतदप्यावश्यकं नास्ति यच्छ्रौतसूत्रे सुरानिर्माणस्य यो विधिः परिकल्पितः साकल्येन स एवानुस्रियते। तत्र परिवर्तनमपि कर्तुं शक्यते, केषाञ्चिदोषधीनां प्रत्यग्रोऽपि च रसः सुरारूपेण ग्रहीतुं शक्यते।

✦✦✦

एकं वेदस्यासमाधेयस्थलम्

-म.म. वेदाचार्य आचार्य विश्वश्रवाः व्यास

"यदंधिग॒वं क्षी॒रं वा॑ मा॒सं वा॑"

(अथर्व. 9 काण्ड 6 सूक्त 3 पर्याय)

अथर्ववेदेऽतिथियज्ञप्रसङ्गे समाम्नायते–यः पूर्वोऽतिथेरश्नाति तस्य विविधानिष्ट प्रसङ्गः। तत्प्रकरणे मन्त्रः श्रूयते–

ए॒तद् वा उ स्वादी॑यो यदंधिग॒वं क्षी॒रं वा॑ मा॒सं वा॒ तदेव॒ नाश्नी॑यात्॥ अथर्व.9।6।3।39॥

अस्य मन्त्रस्य भाष्यं पाश्चात्याः पौरस्त्या आधुनिकाश्च विद्वांसोऽधोलिखितप्रकारेण कुर्वन्ति। तथाहि–

1. Now the sweetest portion, the Produce of the cow, Milk, or Flesh that verily he should not eat. **–ग्रिफिथ**

कृत्तिकाः प्रथमम्। विशाखे उत्तरम्। तानि देव नक्षत्राणि। अनुराधाः प्रथमम्। अपभरणीरुत्तमम्। तानि यमनक्षत्राणि। यानि देवनक्षत्राणि। तानि दक्षिणेन परियन्ति। यानि यमनक्षत्राणि।।7।। तान्युत्तरेण। (तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/5/2)

= कृत्तिका से विशाखा तक देव नक्षत्र हैं। अनुराधा से भरणी तक यम (दक्षिण) नक्षत्र हैं। जो देव नक्षत्र हैं, वे दक्षिण से जाते हैं। जो यम नक्षत्र हैं, वे उत्तर से।

यम दक्षिण का स्वामी है, देव उत्तर भाग में हैं। सूर्य देव नक्षत्रों में रहने पर विषुव के उत्तर भाग में रहता है, उसे दक्षिण में रख कर चलता है। यम नक्षत्रों में सूर्य विषुव से दक्षिण रहता है।



सतत ऊर्ध्वारोहत्। सा रोहिण्यभवत्।
तद्रोहिण्यै रोहिणित्वम्। रोहिण्यामग्निमादधीत।
स्व एवैनं योनौ प्रतिष्ठितमाधत्ते। ऋध्नोत्येतेन।।

(तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/1/10/6)

ऊरू विशाखे (तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/5/2/3)–2 शाखाओं के मिलन को 2 जंघा कहा है।

अन्वेषामरात्स्मेति। तदनुराधाः (तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/5/2/8)

नक्षत्रों में सूर्य की स्थिति के अनुसार कृषि कार्य होता है-यह ऋतु वर्ष के अनुसार ही सम्भव है-

सूर्यायां वहतुः प्रागात् सवितायमवासृजत्।
अघासु हन्यन्ते गावोऽर्जुन्योः पर्युह्यते। (ऋक्, 10/85/13)

अथर्व में अघा को मघा तथा अर्जुनी को फल्गुनी लिखा है-

सूर्यायां वहतुः प्रागात् सवितायमवासृजत्।
मघासु हन्यन्ते गावः फल्गुनीषु व्युह्यते।। (अथर्व सं. 14/1/13)

= गावः का अर्थ किरण है। सूर्य मघा नक्षत्र में रहने पर ये कम होती हैं, अर्थात् शीत होता है (भारत के लिए उत्तर गोल में)। उसके बाद फल्गुनी नक्षत्र से तेज बढ़ना आरम्भ होता है। सूर्या का अर्थ सूर्य से उत्पन्न ऊर्जा क्षेत्र है, वह मघा से पहले आता है। सूर्य किरण से वर्षा मिलती है जो मघा से पहले हुआ।

इन्द्राग्नियोर्विशाखे। युगानि परस्तात् कृषमाणा अवस्तात्। मित्रस्यानुराधाः। अभ्यारोहत् परस्ताद् अभ्यारूढं अवस्तात्। इन्द्रस्य रोहिणी। -निर्ऋत्यै मूलबर्हणी। (तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/5/1)

=इन्द्राग्नि के विशाखा में हल जोतते हैं और चलाते हैं। (इन्द्राग्नि -वर्षा और गर्मी दोनों)। अनुराधा में हल चलाना जारी रहता है। रोहिणी से इन्द्र आदि देव नक्षत्र हैं (कृत्तिका के बाद)। मूलबर्हणी से निर्ऋति (दक्षिण में) है।

सायन कृत्तिका से वर्ष आरम्भ होता है। वर्ष की अग्नि का आरम्भ होने से कृत्तिका का देवता अग्नि है। उसके बाद रोहिणी से सूर्य का तेज बढ़ता है तथा संवत्सर रूप प्रजापति का कार्य आरम्भ होता है, अतः रोहिणी का देवता प्रजापति है। मृगशिरा नक्षत्र का देव चन्द्र है, जब कृषि की तैयारी होती है।

(11) **आधिदैविक अर्थ**-सृष्टि के लिए ब्रह्मा द्वारा सरस्वती समागम का सरल स्पष्ट अर्थ यही है कि कोई भी यज्ञ ठीक से करने के लिए बुद्धि चाहिए। महाभारत, शान्ति पर्व, अध्याय 349-

मम त्वं नाभितो जातः प्रजा सर्गकरः प्रभुः।
सृज प्रजास्त्वं विविधा ब्रह्मन् सजडपण्डिताः॥19॥

स एवमुक्तो विमुखश्चिन्ताव्याकुलमानसः।
प्रणम्य वरदं देवमुवाच हरिमीश्वरम्॥20॥

का शक्तिर्मम देवेश प्रजाः स्रष्टुं नमोऽस्तु ते।
अप्रज्ञावानहं देव विधत्स्व यदनन्तरम्॥21॥

स एवमुक्तो भगवान् भूत्वाथान्तर्हितस्ततः।
चिन्तयामास देवेशो बुद्धिं बुद्धिमतां वरः।।22।।

स्वरूपिणी ततो बुद्धिरुपतस्थे हरिं प्रभुम्।
योगेन चैनां नियोगः स्वयं नियुजे तदा।।23।।

स तामैश्वर्ययोगस्थां बुद्धिं गतिमतीं सतीम्।
उवाच वचनं देवो बुद्धिं वै प्रभुरव्ययः।।24।।

ब्रह्माणं प्रविशस्वेति लोकसृष्ट्यर्थसिद्धये।
ततस्तमीश्वरादिष्टा बुद्धिः क्षिप्रं विवेश सा।।25।।

= विष्णु के नाभि कमल से ब्रह्मा उत्पन्न होने पर विष्णु ने उनसे सृष्टि करने को कहा तो ब्रह्मा ने कहा कि इसके लिए उनके पास बुद्धि नहीं है। तब विष्णु बुद्धि का आवाहन कर उसे तेजयुक्त किया तथा ब्रह्मा के भीतर प्रवेश करने की आज्ञा दी।

ईश्वर रूप ही शिव है, उसका तीव्र तेज रुद्र है।

आधिदैविक अर्थ समझने के लिए कई परिभाषायें जानना जरूरी है।

ब्रह्म का अर्थ है परमतत्त्व जिससे सृष्टि का आरम्भ, वृद्धि, क्षय, लय आदि हुआ–

जन्माद्यस्य यतः (ब्रह्मसूत्र, 1/1/2), यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभि संविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्मेति। (तैत्तिरीय उपनिषद्, 3/1/1)

अव्यक्त ब्रह्म का स्रष्टा रूप ब्रह्मा, क्रिया या यज्ञ रूप विष्णु तथा ज्ञान रूप शिव है। यह गायत्री मन्त्र के 3 पाद हैं।

देवी रूप में गायत्री मन्त्र के 3 पाद महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती हैं।

पुरुष–स्त्री–अव्यक्त ब्रह्म एक ही है, जो पुरुष कहा जाता है। यह चेतन तत्त्व है। व्यक्ति रूप में भी चेतन तत्त्व पुरुष है। सृष्टि के लिए पुरुष ने अपने को 2 भागों में विभक्त किया, जिनको पुरुष तथा स्त्री (श्री, प्रकृति) कहते हैं।

देवों में पुरुष स्त्री विभाजन को वृषा–योषा, अग्नि–सोम, मनु–शतरूपा आदि कहते हैं।

वृषा वर्षा करता है, योषा ग्रहण करती है।

अग्नि का सामान्य अर्थ आग है, जो ताप का घना रूप है। किसी पिण्ड का भी घना रूप अग्नि है, जैसे पृथिवी। फैला हुआ विरल पदार्थ सोम है। यह जल जैसा होने से इसे जल के विभिन्न नामों से भी कहा गया है।

मनुष्य जन्म के लिए पुरुष केवल बीज देता है, जनन क्रिया स्त्री के गर्भ में ही होती है, जो क्षेत्र है। इसी अर्थ का विस्तार आकाश के देव रूपों में हुआ है।

सांख्य परिभाषा के अनुसार चेतन तत्त्व पुरुष है, निर्माण सामग्री या पदार्थ प्रकृति है। यह मातृ होने से पदार्थ को मैटर (matter) कहा गया है।

मनु मन तत्त्व है जो चेतन है। ब्रह्मा के ही अर्ध भाग से स्त्री उत्पन्न हुई जिसे गायत्री, शतरूपा आदि कहा जाता है (मत्स्य पुराण, 4/24, शिव पुराण, 7/1/17)

द्विधा कृत्वाऽऽत्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्।
अर्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत् प्रभुः॥ (मनुस्मृति, 1/32)

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनोबुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्न प्रकृतिरष्टधा॥ (गीता, 7/4)

मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्। (गीता. 9/10)

विद्या भी 2 प्रकार की है-कणों का संग्रह गिना जा सकता है, विद्या का वह रूप गणेश है।

जो गिना नहीं जा सकता है, क्षेत्र में फैला हुआ है वह रसवती या सरस्वती है।

वर्णानामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि।
मङ्गलानां च कर्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ॥

(रामचरितमानस, मङ्गलाचरण)

वर्ण, शब्द आदि गिने जा सकते हैं, वह गणेश है, अर्थ भाव गिने नहीं जा सकते, वह सरस्वती है।

विद्या सम्बन्धी सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं-स्मृति, धी, बुद्धि, मेधा, धिषणा, विद्या।

कहा भी है-या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता (दुर्गा सप्तशती, 5/20)

एक विचार कण रूप है, वह पुल्लिंग है। उसका संघ स्थान मन उभयलिंग है।

विचारों का संग्रह, उनका वर्गीकरण, प्रयोग आदि मिला-जुला है, अतः बुद्धि, विद्या, मेधा आदि स्त्रीलिंग हैं।

सैनिक पुल्लिंग है, पर उनका समन्वय सेना या वाहिनी स्त्रीलिंग है। केश पुल्लिंग है पर उनका समूह मूंछ या चोटी स्त्रीलिंग है।

आकाश में सृष्टि के 5 पर्व हैं-

स ऐक्षत प्रजापतिः (स्वयम्भूः) इमं वा आत्मनः प्रतिमामसृक्षि। आत्मनो ह्येतं प्रतिमामसृजत। ता वा एताः प्रजापतेरधि देवता असृज्यन्त-(1) अग्निः (तद् गर्भितो भूपिण्डश्च), (2) इन्द्रः (तद् गर्भितः सूर्यश्च), सोमः (तद् गर्भितः चन्द्रश्च), (4) परमेष्ठी प्राजापत्यः (स्वायम्भुवः)-शतपथ ब्राह्मण (11/6/1/12-13)

स्वयम्भू -शतपथ ब्राह्मण (6/1/1/8), परमेष्ठी-वारि वा अप् रूप-शतपथ ब्राह्मण (6/1/1/9-10), सूर्य त्रयी विद्या (श्रुतेः त्रीणि पदाः)-शतपथ ब्राह्मण (11/6/1/1), भूमण्डल भूपिण्डः-शतपथ ब्राह्मण (6/1/2/1), भूक्षेत्र-शतपथ ब्राह्मण (6/1/2/3), चन्द्र मण्डल-शतपथ ब्राह्मण (6/1/2/4)।

(1) स्वयम्भू मण्डल अनन्त है तथा दृश्य भाग में 100 अरब ब्रह्माण्ड हैं। इसका मूल तत्त्व सर्वतः समान था अतः उसे रस कहा गया है। इसमें तरंग होने से वह सरिर या सलिल हुआ। इसमें पिण्डों या कणों का सम्पर्क सूत्र वेद है तथा क्रिया रूप नियति है जो प्रकृति का मूल रूप है।

(2) परमेष्ठी मण्डल हमारा ब्रह्माण्ड है, जिसमें जल रूप तत्त्व अप् है। इसमें कम्पन या शब्द होने से यह अम्भ हुआ। इसका क्षेत्र सरस्वती है। बीच में थाली जैसा घूमता हुआ क्षेत्र आकाशगंगा है। इसका केन्द्र अमृत कृष्ण है (ब्रह्माण्ड का मूल जो मूल नक्षत्र की दिशा में है)।

योषा वै सरस्वती, पूषा वृषा। (शतपथ ब्राह्मण, 2/5/1/11)

पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूहरश्मीन् समूह (ईशावास्योपनिषद्, वाज. यजु, 40/16)

(3) सौर मण्डल का क्षेत्र सावित्री है क्योंकि इसी से हमारा जन्म हुआ है (सव या प्रसव = जन्म होना)। इसका जल मर है जिसमें सूर्य किरण मरीचि से सृष्टि होती है। सूर्य ब्रह्माण्ड के कण रूप में अमृत ब्रह्माण्ड या उसके चेतन रूप ब्रह्म का अंश है। अपने मण्डल के केंद्र रूप में वह मर्त्य लोक का स्वामी है जिसका चेतन तत्त्व मर्त्य ब्रह्मा या विरिञ्च है।

आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च।
हिरण्ययेन सविता रथेनाऽऽदेवो यांति भुवनानि पश्यन्।।

(ऋक्, 1/35/2, वाज. यजु, 3/43, 34/31)

येन सूर्यां सावित्रीम्। (अथर्व, 6/82/2)

मूलमेषामवृक्षामेति। तन्मूलबर्हणी।

(तैत्तिरीय ब्राह्मण, 1/5/1/4, 3/1/2/3)

(4) चान्द्र मण्डल–वह गोल है जिसके भीतर चन्द्र कक्षा है। यह अत्रि है जिसमें नेत्ररूपी सूर्य से तेज तथा आकाशगंगा का द्रव रूप अम्भ मिल कर सम–शीतोष्ण भाग में सृष्टि कर रहे हैं। इसका स्वयं का प्रकाश नहीं होने से यह ब्रह्मा कृष्ण है।

चन्द्रमा वै ब्रह्मा कृष्णः (वाज. यजु, 23/13, शतपथ ब्राह्मण, 13/2/7/7)

स यदस्यै पृथिव्या अनामृतं देवयजनमासीत्तच्चन्द्रमसि न्यदधत तदेतच्चन्द्रमसि कृष्णम् (शतपथ ब्राह्मण, 1/2/5/18)

अथ नयन समुत्थं ज्योतिरत्रेरिवद्यौः
सुरसरिदिव तेजो वह्निनिष्ठ्यूतमैशम्।
नरपतिकुलभूत्यै गर्भमाधत्त राज्ञी
गुरुभिरभिनिविष्टं लोकपालानुभावैः॥ (रघुवंश 2/75)

= जैसे चन्द्र मण्डल में सूर्य तेज तथा आकाशगंगा द्रव से मिल कर सृष्टि होती है वैसे ही पुरुष का बीज स्त्री गर्भ में रज के साथ मिलने पर मनुष्य का जन्म होता है।

सोमो वैष्णवो राजेत्याह तस्याप्सरसो विशस्ता इमा आसत इति युवतयः शोभना उपसमेता भवन्ति ता उपदिशत्यङ्गिरसो वेदः सोऽयमिति (शतपथ ब्राह्मण, १३/४/३/८, वाज. यजुः 18/38–43)

यहां चन्द्र मण्डल के सोम का निर्माता तत्त्व अप्सरा कहा गया है, जो युवती जैसी हैं (72 हूर नहीं हैं)

(5) भूमण्डल–पृथ्वी पर मनुष्य रूप 7 ब्रह्मा हुए जिनका वर्णन महाभारत, शान्ति पर्व, अध्याय 49–349 में है। उनको सृष्टि के लिए बुद्धि रूपी सरस्वती विष्णु ने दी।

✦✦✦

आरण्यक वाङ्मय में प्राणतत्त्व एक विमर्श

-देव प्रकाश

शोधछात्र, वेद विभाग

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

मनुष्य जब इस सम्पूर्ण चराचर को देखता है तो उसको इसके व्यवस्थित रूप से सञ्चालित होने का भान होता है। पुनः पर्यालोचन से ज्ञात होता है कि इसका कोई एक कर्ता नियन्ता है। जिसे हम ईश्वर, ब्रह्मादि अनेक नामों से जानते हैं। अस्तु, शङ्का उत्पन्न होती है कि इतने विस्तृत ब्रह्माण्ड को एक अकेला पुरुष कैसे नियन्त्रित करता है। उसके नियन्त्रण व्यवस्था का मुख्य साधन क्या है। अनेक प्रकार से विवेचन तथा अन्वेषण करने पर विदित हुआ कि वह साधन प्राण है। इसका विस्तृत विवेचन ब्राह्मण साहित्य में प्राप्त होता है। ब्राह्मण भाग में यज्ञरूपी अभिनेय क्रियाओं का विस्तरशः वर्णन उपलब्ध होता है। जिसका अनुष्ठान करना गृहस्थी का आवश्यक धर्म माना गया है।उन्हीं क्रियाओं के मूल सूक्ष्म रूप का तात्विक वर्णन करना आरण्यकसाहित्य का प्रतिपाद्य विषय है। आरण्यक साहित्य समस्त सृष्टि के पदार्थों को सूक्ष्मरूप से प्रतिपादन करता है। सृष्टि के समस्त पदार्थ मूल में प्राणरूप हैं। आरण्यक साहित्य में प्राण शब्द बहुत व्यापक और पारिभाषिक शब्द है। इस शब्द का किस प्रकरण में क्या अभिप्राय है। यह ज्ञात करना अत्यन्त आवश्यक है। महाभाष्यकार के शब्दों में कहा जाये तो जहाँ कोई विप्रतिपत्ति हो वहाँ व्याख्यान से सभी विप्रतिपत्तियों का समाधान करना चाहिये।[1] प्राण 'कुर्वद्रूप' अर्थात् प्रतिक्षण क्रियाशील है। जगत् में जो कुछ जहाँ क्रिया होती है वह सब प्राण का ही रूप है प्राण एक स्थान से दूसरे स्थान पर जब सम्बन्ध करता है तो उस वस्तु में कम्पन होता है उसी को क्रिया कहते हैं। सभी क्रियाओं का उपादान यही प्राण है इसलिये जैमिनीय ब्राह्मण में कहा है कि **प्राणो हीदं सर्वं प्राणेत। तद्यत् प्राणेत तस्मात्प्राणः**[2] अर्थात् प्राण ही से सभी में गति का सञ्चार होता है, जो यह प्रकर्ष रूप से सभी पदार्थों में प्राणन है इसलिये यह प्राण कहलाता है। 'प्राण शब्द' **अनिति गति कर्माणः**[3] धातु से प्र उपसर्ग पूर्वक निष्पन्न

---

1. व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षणम्। महा. प्रत्याहाराह्निक 1
2. जै०ब्रा० 2.57
3. निघण्टु 2.14

हुआ है। अस्तु ब्राह्मण ग्रन्थों में जहाँ कहीं पर भी क्रियाओं के रहस्य का उद्घाटन किया गया है, वहाँ सर्वत्र प्राण को ही सर्वश्रेष्ठ कहा गया है क्योंकि श्रुति कहती है कि **"प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्"**[1] सभी भूत भविष्यत् अर्थात् जो कुछ हुआ है और आगे होने वाला है वह सभी कुछ प्राण में ही प्रतिष्ठित है।

इन्हीं प्राणों की विभिन्न गतियों एवं क्रियाओं को समझाने के लिये ब्राह्मण ग्रन्थों में यज्ञीय प्रक्रिया अपनायी गयी है। वस्तुतस्तु ऋग्वेद में प्राणविद्या के सूत्र **'आयुर्न प्राणः'**[2] **'पुनः प्राणमिह नो धेहि'**।[3] अथर्ववेद में एक पूरा सूक्त (11.4. 1-26) प्राणविद्या के महत्त्व का वर्णन करता है। इसमें प्राण को संसार का स्वामी और नियन्ता कहा गया है। **'प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे'**[4] प्राण ही संसार का आधार है। आरण्यक ग्रन्थों में इसी प्राणविद्या का विशदीकरण है। प्राण संसार का धारक है। यह श्रुति तथा **'सर्वं हीदं प्राणेनावृतम्। सोऽयमाकाशः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धः। तद्यथायमाकाशः प्राणेन बृहत्या विष्टब्ध एवं सर्वाणि भूतान्यापिपीलिकाभ्यः प्राणेन बृहत्या विष्टब्धानीत्येवं विद्यात्'**[5] अर्थात् यह सब कुछ प्राण से व्याप्त है। यह आकाश बृहतीरूप प्राण से व्याप्त है। जिस प्रकार यह आकाश बृहतीप्राण से धृत व व्याप्त है। उसी प्रकार पिपीलिकापर्यन्त सब भूत बृहतीप्राण से व्याप्त व धारित हैं, उसी पर आश्रित हैं, यह ऐतरेयश्रुति प्राण को बृहतीछन्दोरूप बतला रही है। **प्राणो वै बृहती'** यह प्राण 36 अक्षर वाला है। अतः इसकी बृहतीरूपता स्पष्ट है क्योंकि बृहतीप्राण 36 अक्षरात्मक है और यह प्राण भी 36 अक्षरात्मक है। क्योंकि बृहती छन्द का प्रत्येक अक्षर **'एकैकं चेदमक्षरं दशिनी विराट्'** इस श्रुति के अनुसार दशाक्षरात्मक है। इसका प्रत्येक अक्षर दश अक्षरात्मक विराट् सम्पत्ति से युक्त है अतः 36 अक्षरों का दश अतः 36 अक्षरों का दश से गुणन करने से 3610=360 अक्षरात्मकता इस प्राण में सिद्ध हो जाती है। 360 ही संवत्सर के दिन होते हैं। अतः संवत्सररूप सूर्यरस से प्राप्त यह विज्ञानात्मरूप प्राण 360 अक्षरों वाला है। अस्तु 360 अंश का वृत्त होता है। यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड वृत्ताकार है। अतः समान धर्मत्व से प्राण सर्वत्र व्यापक है। अपि च यह प्राण शरीर में प्रविष्ट होकर दश प्रकार का बन जाता है। जैसा कि **'अयं वै प्राणो योऽयं पवते। यो वै प्राणः स आयुः। सोऽयमेक इवैव पवते। सोऽयं पुरुषेऽन्तः प्रविष्टो दशधा**

---

1. अथर्व० 11.4.15
2. ऋग० 1.66.1
3. ऋग० 10.59.6
4. अथर्व० 11.4.1
5. ऐत०आ० 2.1.6.13

विहितः'[1] अर्थात् जो यह प्रत्येक वस्तु को पवित्र बना रहा है यह प्राणरूप है। जो प्राण है, वह आयु है। वह अधिदैवत में एकरूप से विद्यमान है। यही प्राण पुरुष (शरीर) में प्रविष्ट होकर दस प्रकार का बन जाता है। यह शतपथ श्रुति शरीर में प्राण को दशविध सिद्ध कर रही है।

शरीर में प्रविष्ट यह प्राण बृहती (36 अक्षरात्मक) छन्दोमय होने से 36 अक्षरात्मक है। इसका प्रत्येक अक्षर दशाक्षरात्मक विराट् सम्पत्ति से युक्त होने के कारण दशविध बन कर 360 अक्षरात्मक बन जाता है। वही प्राण **"तदेतत् सहस्त्रं तत्सर्वम्। तानि दश। दशेति वै सर्वम्। एतावती हि संख्या। दश दशतस्तच्छतम्। दश शतानि तत्सहस्त्रम्। तत्सर्वम्"**[2] अर्थात् जो यह सहस्त्र है, वह सर्व है। वही दस है। क्योंकि दस ही सर्व है। इतनी ही संख्या हैं। क्योंकि दश को दशगुणित करने पर शतसंख्या बनती है। 'सौ दस' अर्थात् शतसंख्या को दस से गुणित करने पर सहस्त्र संख्या बनती है और सहस्त्र ही सर्व है' इस ऐतरेय श्रुति में बतलाया गया है। इनमें से प्रत्येक अक्षर को पुनः दशविध करने पर यही प्राण 3600 अक्षरात्मक बन जाता है और पुनः प्रत्येक अक्षर को दशविध करने पर 36000 अक्षरात्मक बन जाता है। किन्तु यह सहस्त्र दश से भिन्न नहीं है। अतः 36 सहस्त्राक्षरात्मक होते हुए भी 360 अक्षरात्मक संवत्सरप्राण से भिन्न नहीं है। यह बृहतीसहस्त्रात्मक (षट्त्रिंशत्सहस्त्रात्मक) प्राण ही है। अतः 36 सहस्त्र दिन अर्थात् 100 वर्ष ही पुरुष की आयु कहलाती है। इसी तथ्य का निरूपण **"अ इति ब्रह्म। तत्रागतमहमिति, तद्वा इदं बृहतीसहस्त्रं सम्पन्नम्। तस्य वा एतस्य बृहतीसहस्त्रस्य सम्पन्नस्य षट्त्रिंशतमक्षराणां सहस्त्राणि भवन्ति तावन्ति पुरुषायुषोऽह्नां सहस्त्राणि भवन्ति। जीवाक्षरेणैव जीवाहराप्नोति। जीवाह्ना जीवाक्षरम्"**[3] अर्थात् अकार अक्षर ब्रह्म का वाचक है। उसमें आगत तत्व (प्राण) अहम् कहलाता है। यह बृहतीसहस्त्रात्मक (षट्त्रिंशत्सहस्त्रात्मक) है। बृहतीसहस्त्रात्मक इस प्राण में 36000 (छत्तीस हजार) अक्षर हैं। इतने ही हजार अर्थात् 36 हजार ही पुरुष की आयु के दिन हैं। जीवाक्षर के द्वारा ही जीव के अहः (दिन) को प्राप्त करता है और जीव के अहः (दिन) के द्वारा जीवाक्षर को प्राप्त करता है' यह ऐतरेय श्रुति तथा **'प्राणो वा आयुः। प्राण उ ह्यमृतम्। यावद्ध्यस्मिन् शरीरे प्राणो वसति तावदायुः'**[4] यह प्राण ही आयु है। प्राण ही अमृत है। जब तक इस शरीर में यह प्राण है तभी तक आयु (जीवन) है' यह कौषीतकि श्रुति बतला रही है।

---

1. शत. 5.2.3.10
2. ऐत०आ० 2.3.4.5
3. ऐत०आ० 2.3.8.8
4. कौ.ब्रा.उ.

यह प्रज्ञानात्मा ही शरीर को धारण करने वाला है। अतः शरीरविधारक प्रज्ञानात्मा के उत्क्रान्त हो जाने पर यह पार्थिव शरीर भी सजातीय आकर्षण से आकृष्ट होकर पृथिवी पर गिर जाता है नष्ट हो जाता है। इसी रहस्य का निरूपण– **"अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मेदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति। यो वै प्राणः सा प्रज्ञा। या वा प्रज्ञा स प्राणः। सह ह्येतावस्मिन् शरीरे वसतः सहोतिष्ठतः"**[1] अर्थात् प्रज्ञात्मारूप प्राण इस शरीर को धारण कर उठाता है। जो प्राण है वही प्रज्ञा। जो प्रज्ञानात्मा जीव है वही प्राण है। ये दोनों प्राण साथ ही इस शरीर में रहते हैं और साथ ही उत्क्रान्त होते हैं "इस कौषीतकि श्रुति में कहा गया है। अस्तु प्राण सर्वत्र व्याप्त है। **प्राणे सृष्टावन्तरिक्षं च वायुश्च**[2] प्राण से ही अन्तरिक्ष और वायु की उत्पत्ति हुई है। ये दोनों प्राणरूपी पिता की सदा सेवा करते हैं।" प्राण ही कालचक्र है। दिन और रात्रि प्राण एवं अपान हैं। प्राण की ब्रह्म के रूप में उपासना करनी चाहिए। प्राण ही सब देवों का रूप है। वही वाणी में अग्नि है, चक्षु में सूर्य है और मन में चन्द्रमा। मैत्रायणी आरण्यक में प्राण को अग्नि और परमात्मा बताया गया है। **प्राणोऽग्निः परमात्मा।**[3] अस्तु पुनरपि इसको इस प्रकार भी जाना जा सकता है कि जिस समय विधाता प्रकृति से सृष्टि निर्माण करता है, तो उस समय मूल प्रकृति से महान् महान् से अहंकार, अहंकार से पञ्चतन्मात्रायें इत्यादि क्रम से बहुविध पदार्थ व तत्त्व एक दूसरे से उत्पन्न होते हैं। जिसके फलस्वरूप यह असंख्य पदार्थों से युक्त संसार व ब्रह्माण्ड का निर्माण होता है। अस्तु जब वही मायावी इस समस्त माया को समेटता है अर्थात् इस ब्रह्माण्ड में प्रलयकाल प्रारम्भ होता है। तब जिस प्रकार समस्त पदार्थ एक सूत्र में बँधे हुये अपने अपने कारणों से निकलते चले गये थे। उसी प्रकार ही वे अपने अपने कारणों में लीन होते चले जाते हैं और अन्त मे वही सत्वरजस्तमस् की साम्यावस्था मूल प्रकृति शेष रहती है।अस्तु इसी प्रकार की प्रक्रिया हमारे शरीर में भी होती है। हमारा शरीर भी एक छोटा सा ब्रह्माण्ड है। प्रकृति के अंशो से ही इसके सब अवयवों का निर्माण हुआ है। जो शरीर की शक्तियाँ हैं वे मृत्यु समय पर आत्मा मे लीन होती हैं। स्वामी दयानन्द सरस्वती जीव की स्वाभाविक शक्तियों का वर्णन करते हुये लिखते हैं कि "जीवात्मा की मुख्य एक प्रकार की शक्ति है। परन्तु बल, पराक्रम, आकर्षण, प्रेरणा, गति, भीषण, विवेचन, क्रिया, उत्साह, स्मरण, निश्चय, इच्छा, प्रेम, द्वेष, संयोग, विभाग, संयोजक, विभाजक, श्रवण, स्पर्शन, दर्शन, स्वादन, और गन्धग्रहण तथा ज्ञान इन 24 चौबीस प्रकार के सामर्थ्ययुक्त जीव है।[4]

---

1. कौ.ब्रा.उ.
2. ऐत०आ०
3. मैत्रा०आ० 6.9
4. सत्यार्थ प्रकाश नवम समुल्लास

अस्तु मातृगर्भ मे आने पर शनैः शनैः इन शक्तियों का प्रसार स्थूल शरीर में होता जाता है। और अन्त में शरीरधारी पुरुष की उत्पत्ति हो जाती है। मातृगर्भ से बाहर आने पर ये शक्तियाँ स्वयं मनुष्य में प्रवृद्ध होती है। और फिर अन्त में मृत्यु के समय पुरुष की मन व इन्द्रियाँ आदि सूक्ष्म शक्तियाँ अपने अपने पूर्व आयतनों में लीन होती जाती हैं और अन्त में आत्मा में स्थित हो इस स्थूल शरीर को छोड़ देती हैं। अस्तु उपर्युक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है कि ब्रह्माण्ड तथा पिण्ड के सभी अवयव एकदूसरे के माध्यम से नित्य ही किसी रज्जु या तन्तु के द्वारा तदधिष्ठान चेतन तत्त्व द्वारा नियन्त्रित होते हैं। आरण्यकादि शास्त्रों में उसी रज्जु या तन्तु को प्राण नाम से अभिहित किया गया है। इस तथ्य को बृहदारण्यक, छान्दोग्य, ऐतरेयारण्यक में किञ्चित् पाठ भेद से एक प्रसिद्ध आख्यायिका के माध्यम से समझाया गया है कि सम्पूर्ण सृष्टि में पुरुष सर्वोत्कृष्ट रचना है अतः उसे उक्थ (सर्वोत्कृष्ट) कहा गया है।[1] पृथिवी के समान उसका मुख,[2] अन्तरिक्ष के समान उसकी नासिका[3] तथा द्युलोक के समान उसका ललाट उक्थ है।[4] इस पुरुष का अग्नि के समान चायनीय (चयन करने योग्य) प्राण है।[5] परमात्मा ने पुरुष के अन्दर पैरों की ओर से प्रवेश किया।[6] उसने पैरों से प्रवेश करके ऊर्ध्व मुख होकर व्याप्त हुआ। अतः पैरों के ऊपर का भाग उरु (जंघा) कहलाने लगा।[7] उससे अधिक विस्तृत होने के कारण ऊरु के ऊपर का भाग उदर (उरु से विस्तृत) हो गया।[8] उदर के ऊपर भी विस्तृत होने के कारण उदर के ऊपर का भाग ऊरु (वक्षःस्थल, हृदय) कहलाने लगा।[9] फिर भी परमात्मा का ऊपर की ओर सञ्चरण होता गया, अतः वह ऊर्ध्व भाग शिर हो गया।[10] नेत्र, श्रोत्र, मन, वाक्, और प्राण शिर के ही आश्रित होते हैं।[11] नेत्रादि का आश्रय होने के कारण ही यह शिर कहलाता है।[12] शिरस्थ नेत्रादि की अपेक्षा प्राण की श्रेष्ठता

---

1. ऐत०आ० 2.1.2.6
2. ऐत०आ० 2.1.2.7
3. ऐत०आ० 2.1.2.9
4. ऐत०आ० 2.1.2.12
5. ऐत०आ० 2.1.2.10
6. ऐत०आ० 2.1.4.1
7. ऐत०आ० 2.1.4.2
8. ऐत०आ० 2.1.4.3
9. ऐत०आ० 2.1.4.5
10. ऐत०आ० 2.1.4.6
11. ऐत०आ० 2.1.4.7
12. ऐत०आ० 2.1.4.8

को एक आख्यायिका के माध्यम से प्रतिपादन किया गया है। यह आख्यायिका बृहदारण्यक, छान्दोग्य और ऐतरेय आरण्यक में कुछ भेद से वर्णित है। उसके अनुसार एक बार नेत्रादि के अभिमानी देवताओं ने परस्पर अहिंसाभाव से स्पर्धा करते हुए अपने-अपने को अन्य से श्रेष्ठ कहने लगे। श्रेष्ठ होने के कारण उक्थ में 'मेरी उपासना (ध्यान) करनी चाहिए' इस प्रकार बात निश्चित हुई। परीक्षा में यह शर्त थी कि क्रमशः सभी लोग शरीर से बाहर निकलें। जिसके निकलने से शरीर का पतन हो जाएगा वही श्रेष्ठ माना जाएगा तथा वही उक्थ में ध्येय होगा।[1] उन देवताओं की परीक्षा प्रारम्भ हुई। सर्वप्रथम नेत्र के अभिमानी देवता शरीर से निकल गये। उस पुरुष का दर्शन का कार्य बन्द हो गया। किन्तु अन्य देवताओं के कार्य, श्रोत्रक्रिया, मननक्रिया, बोलने की क्रिया इत्यादि होती रही किन्तु शरीर का पतन नहीं हुआ। इसी प्रकार क्रमशः श्रोत्र इत्यादि के देवता बाहर निकले किन्तु उस देवता के कार्य के अतिरिक्त अन्य खाने-पीने इत्यादि कार्य होते रहे। अन्त में प्राण शरीर से बाहर निकला। प्राण के शरीर से बाहर निकलते ही उसकी सम्पूर्ण क्रियाएँ बन्द हो गयीं तथा शरीर पतित हो गया।[2] वह शरीर शीर्ण हो गया। इसी शीर्ण होने के कारण ही यह शरीर (शीर्ण होने वाला) कहा जाता है।[3] पुनरपि अपने-अपने को उक्थ कहते हुए नेत्रादि के अभिमानी देवताओं ने शरीर में प्रवेश करने का विचार किया और निश्चय किया कि **इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति (प्राणः) तस्मादेतदेवोक्थ-मुपासीतेति।।**[4] जिसके प्रवेश करने पर शरीर उठ जाएगा वही उक्थ होगा।[5]

पहले वाक् के अभिमानी देवता ने प्रवेश किया किन्तु शरीर सोता ही रहा। इसी प्रकार क्रम से चक्षु, श्रोत्र, मन के अभिमानी देवों ने प्रवेश किया किन्तु शरीर उठा नहीं प्रत्युत सोता ही रहा। अन्त में प्राण ने प्रवेश किया **प्राणः प्रविशत्तत्प्राणे प्रपन्न उदतिष्ठत्तदुक्थमभवत् इति तदेतदुक्थाँ३ प्राण एव इति।।**[6] प्राण, प्रविष्ट हुआ तब शरीर उठ गया। इस प्रकार प्राण उक्थ हो गया। इस तथ्य को ऋषि ने इस प्रकार वर्णित किया है- **अथ ह प्राण उत्क्रमिष्यन्यथा महासुहयः सैन्धवः पड्वीशशङ्कून्संवृहेदेवं हैवेमान्प्राणान्त्संववर्ह ते होचुर्मा भगव उत्क्रमीर्न वै शक्ष्यामस्त्वदृते जीवितुमिति तस्यो मे बलिं कुरुतेति तथेति।।**[7] अर्थात् प्राण बाहर

1. ऐत०आ० 2.1.4.9
2. ऐत०आ० 2.1.4.10
3. ऐत०आ० 2.1.4.11
4. शां०आ० 5.3
5. ऐत०आ० 2.1.4.13
6. ऐत०आ० 2.1.4.14
7. बृहदा० 6.1.13

निकलने को उद्यत हुआ तब उसने दूसरे इन्द्रियादि को ऐसे उखाड़ा जैसे खूंटे से बंधा अश्व खूंटे को उखाड़ फेंके। इससे इन्द्रियाँ प्राण के निकट जाकर बोलीं कि तुम ही हम सभी में श्रेष्ठ हो। इसलिए प्राण ही उक्थ है-ऐसा जानना चाहिए।[1] तब नेत्रादि के अभिमानी देवताओं ने कहा कि तं देवा **अब्रूवन्त्वमुक्थमसि त्वमिदं सर्वमसि तव वयं स्मस्त्वमस्माकमसीति॥**[2] हे प्राण! तुम उक्थ हो। सभी शरीर के व्यापार तुम्हारे अधीन हैं अतः यह सम्पूर्ण जगत् तुम ही हो। हम तुम्हारे भृत्य हैं और तुम हमारे स्वामी हो। **उत्तिष्ठत्यनेन देवताप्रसाद इत्युक्थम्** इस व्युत्पत्ति के अनुसार उससे देवता प्रसन्न होते हैं अतः यह उक्थ कहलाता है। इसी को दृष्टि में रखकर प्रश्नोपनिषद् के ऋषि ने कहा है कि जो भी तीनों लोको में प्रतिष्ठित है वह प्राण के ही वश में है।[3] प्राण का स्वरूप प्रकरणशः भिन्न भिन्न है, प्राणो वै ब्रह्म। प्राणो वावैनं तदाविशत्।[4] प्राणो ब्रह्मेति ह स्माह कौषीतकिः।[5] ब्रह्म को भी प्राण कहा है। तवल्कार आरण्यक के अनुसार वह प्राणों का भी प्राण है। क्योंकि प्राण ब्रह्म द्वारा ही प्राणित है। शतपथकार प्राण की सर्वप्रथम उत्पत्ति के सन्दर्भ में कहते हैं- **ब्रह्म वै स्वयम्भु तपोऽतप्यत। तत् स्वराज्यं पर्य्येत्।**[6] अर्थात् ब्रह्म नामक स्वयम्भू प्रजापति ने तप किया, कि वह अपने स्वराज्य को प्राप्त करे। **असद् वा इदमग्र आसीत्। तदाहुः किं तदसदासीदिति? ऋषयो वाव तदग्रेऽसदासीत्। तदाहुः के ते ऋषय इति? प्राणा वा ऋषयः। ते यत् पुरास्मात् सर्वस्मादिदमिच्छन्तः श्रमेण तपसा अरिषन् तस्मादृषयः॥**[7] 'अर्थात् वह विश्वमूल "असत्" तत्व 'ऋषि' नामक तत्व विशेष ही था। वह ऋषि क्या था? ऋषि तत्त्व का क्या स्वरूप था? वह प्राण ही ऋषि था। प्राण का नाम ऋषि क्यों हुआ। इसके लिये कहते हैं– उन प्राणों ने अपने तपोयुक्त श्रम से इस विश्व निर्माण की कामना से अपने आपको गतिशील बनाया। इस "अरिषत्" लक्षण गति भाव के सम्बन्ध से ही वह असत् प्राण "ऋषि" नाम से प्रसिद्ध हुआ। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द से अतीत अर्थात् सबसे असङ्ग मौलिक तत्त्व ही वह ऋषि प्राण है, जिसे नैसर्गिक गति भाव के कारण ऋषि नाम से व्यवहृत किया है। प्राण का वर्णन विभिन्न ऋषियों के रूप में किया गया है यथा- गृत्समद, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि, भरद्वाज और वसिष्ठ आदि सभी ऋषि प्राण के ही रूप

---

1. ऐत०आ० 2.1.4.15
2. ऐत०आ० 2.1.4.17
3. प्रश्नो० 2.13
4. जै 3.7.1.2
5. कौषी० आ० 4.1
6. शत० 13.7.1.1
7. शत० 6.1.1.1

है। जैसे- प्राण विश्व का मित्र है, अतः वह विश्वामित्र है। प्राण शरीर में निवास करता है, अतः वह वसिष्ठ है।

शतर्चिन्- एष इमं लोकमभ्यार्चत्पुरुषरूपेण य एष तपति प्राणो वाव तदभ्यार्चत्प्राणो ह्येष य एष तपति तं शतं वर्षाण्यभ्यार्चत्तस्माच्छतं वर्षाणि पुरुषायुषो भवन्ति तम् यच्छतं वर्षाण्यभ्यार्चत्तस्माच्छतर्चिनस्तस्माच्छतर्चिन इत्याचक्षत एतमेव (प्राणं) सन्तम्।[1] अर्थात् सूर्यरूप प्राण सौ वर्ष तक मनुष्य के शरीर को अर्चनीय बनाये रखने के कारण शतर्चिन् कहलाता है। अतः उस प्राण को शतर्चिन् ऋषि के रूप में जानना चाहिए।

मध्यम- स इदं सर्वं मध्यतो दधे यदिदं किञ्च स यदिदं सर्वं मध्यतो दधे यदिदं किञ्च तस्मान्माध्यमास्तस्मान्माध्यमा इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।।[2] अर्थात् (प्राण) इन सभी शरीरधारियों के मध्य में होता है। यह जो कुछ भी शरीर जाना जाता है उस सभी को (यह प्राण) मध्य में धारण किया है। अतः (प्राण रूप) मध्य में होने के कारण प्राण को मध्यम कहा गया है।

गृत्समद- प्राणो वै गृत्सोऽपानो मदः स यत्प्राणो गृत्सोऽपानो मदस्तस्माद्गृत्सम-दस्तस्माद्गृत्समद इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।।[3] सोते समय प्राण वाक् इत्यादि इन्द्रियों का निगरण कर लेता है अतः प्राण गृत्स (निगरण करने वाला) कहलाता है। रेत विसर्जन का मद होने के कारण अपान को मद कहा जाता है। इसी कारण प्राण और अपान को गृत्समद कहा जाता है। अतः इन दोनों से युक्त होने के कारण प्राण और अपान को गृत्समद ऋषि के रूप में जानना चाहिए।

विश्वामित्र- तस्येदं मित्रमासीद्यदिदं किञ्च तद्यदस्येदं विश्वं मित्रमासीद्यदिदं किञ्च तस्माद्विश्वामित्रस्तस्माद्विश्वामित्र इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।[4] अर्थात् उस (भोक्ता प्राण) का (भोग्य होने के कारण) विश्व ही मित्र है। तो जो इस (प्राण) का विश्व मित्र है, इसी कारण जो कुछ भी है, सम्पूर्ण विश्व मित्र है। इसीलिए इसे विश्वामित्र कहा जाता है। यही होने के कारण प्राण का यह स्वरूप है। अतः प्राण को विश्वामित्र कहा गया है।

वामदेव- तं देवा अब्रूवन्नयं वै नः सर्वेषां वाम इति तं यद्देवा अब्रूवन्नयं वै नः सर्वेषां वाम इति तस्माद्वामदेवस्तस्माद्वामदेव इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।।[5]

---

1. ऐत०आ० 2.2.1.1
2. ऐत०आ० 2.2.1.2
3. ऐत०आ० 2.2.1.3
4. ऐत०आ० 2.2.1.4
5. ऐत०आ० 2.2.1.5

अर्थात् वाग् इत्यादि के अभिमानी' देवता उस (प्राण) को उद्दिष्ट करके परस्पर कहा कि यह (प्राण) ही हम सभी में वाम (वननीय = भजनीय) है। जो देवताओं ने परस्पर कहा कि हम सभी में वाम है इसीलिए वह वामदेव हो गया। इसलिए इसे वामदेव कहा जाता है।

अत्रि- स इदं सर्वं पाप्मनोऽत्रायत यदिदं किञ्च स यदिदं सर्वं पाप्मनोऽत्रायत यदिदं किञ्च तस्मादत्रयस्तस्मादत्रय इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।[1] अर्थात् उस प्राण ने इस सम्पूर्ण (शरीरजात अर्थात् सम्पूर्ण प्राणिसमुदाय) की पापों से रक्षा करता है। जो कुछ भी (शरीरजात) है इस सभी को जो उस (प्राण) ने रक्षित किया उसी से अत्रि हुए। अतः उसे अत्रि कहा जाता है।

भरद्वाज- एष उ एव बिभ्रद्वाजः प्रजा वै वाजस्ता एष बिभर्ति यद्बिभर्ति तस्माद्भरद्वाजस्तस्माद्भरद्वाज इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।[2] अर्थात् यह (प्राण) बिभ्रद्वाज है। वाज का अर्थ है - प्रजा। उस प्रजा को यह (प्राण) अपने प्रवेश से पोषित करता है। जो यह प्रजा को पोषित करता है इसीलिए भरद्वाज है। इसी कारण यह (प्राण) भरद्वाज कहलाता है।

वसिष्ठ- तं देवा अब्रूवन्नयं वै नः सर्वेषां वसिष्ठ इति तं यद्देवा अब्रूवन्नयं वै नः सर्वेषां वसिष्ठ इति तस्माद्वसिष्ठस्तस्माद्वसिष्ठ इत्याचक्षत एवमेव सन्तम्।।[3] अर्थात् (वागादि के अभिमानित) देवताओं ने उस (प्राण) के विषय में परस्पर कहा कि यह (प्राण) हम लोगों का वसिष्ठ (अपने प्रवेश से निवास का हेतु) है। इस प्रकार उसके विषय में जो देवताओं ने कहा कि यह हम लोगों का वसिष्ठ है इसी कारण वह वसिष्ठ है। अर्थात् प्राण शरीर में प्रवेश करके निवास का हेतु है अतः उसे वसिष्ठ कहा जाता है।

प्रगाथ- स इदं सर्वमभिप्रागाद्यदिदं किञ्च स यदिदं सर्वमभिप्रागाद्यदिदं किञ्च तस्मात्प्रगाथास्तस्मात्प्रगाथा इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।[4] अर्थात् वह (प्राण) इस सम्पूर्ण (शरीरजात) को (अपने प्रवेश से) सभी ओर प्रगतवान् किया। यह जो कुछ (शरीरजात) है सभी को इसने प्रगतवान् किया है जो इसने इन सभी को प्रगाथ (प्रगतवान्) किया इस कारण यह प्रगाथ है। इसलिए इसको प्रगाथ कहा जाता है। प्राण शरीर में प्रवेश करके उसे प्रगतवान् करता है अतः वह प्रगतवान् (प्रगाथ) कहलाता है।

---

1. ऐत०आ० 2.2.1.6
2. ऐत०आ० 2.2.2.1
3. ऐत०आ० 2.2.2.2
4. ऐत०आ० 2.2.2.3

पवमान- स इदं सर्वमभ्यपवयत यदिदं किञ्च स यदिदं सर्वमभ्यपवयत यदिदं किञ्च तस्मात्पावमान्यस्तस्मात्पावमान्य इत्याचक्षत एतमेव सन्तम्।[1] अर्थात् इस प्राण ने इस समस्त (शरीरजात) को पवित्र किया है। यह जो कुछ भी शरीरजात है सभी को पवित्र किया है। जो यह इस समस्त शरीरजात को पवित्र किया, इसी कारण यह पवमान है। प्राण के कारण ही सभी शरीरधारियों का शरीर पवित्र माना जाता है अतः उसे पवमान कहा जाता है।

अयास्य- इन सबमें मुख्य प्राण अयास्य आङ्गिरस है महर्षि याज्ञवल्क्य बृहदारण्यकोपनिषद् में लिखते है **'सोऽयास्य आङ्गिरसोऽङ्गानां हि रसः, प्राणो वा अङ्गानां रसः? प्राणो हि वा अङ्गानां रसस्तस्माद् यस्मात् कस्माच्चाङ्गात् प्राण उत्क्रामति तदेव तच्छुष्यत्येष हि वा अङ्गानां रसः।**[2] यह अयास्य प्राण आङ्गिरस है। आङ्गिरस अङ्ग के रस को कहते हैं। और इसे ही अङ्गों का प्राण भी कहा जाता है। इस कारण जिस किसी अङ्ग से यह रस अर्थात् प्राण उत्क्रमण कर जाता है, वही अङ्ग शुष्क हो जाता है। अत एव अयास्य अंगों का रस भी है, और प्राण भी है। **अथ प्राणमत्यवहत्। तम्परेण मृत्युं न्यदधात्। स वायुरभवत्। अथाऽऽत्मने केवलमेवाऽन्नाद्यमागायत्। स एष एवाऽयास्यः। आस्ये धीयते। तस्मादयास्यः। यद्वेवा [ऽयम] आस्य रमते तस्मादेवाऽयास्यः। स एष एवाऽङ्गिरसः। अतो हीमान्यङ्गानि रसं लभन्ते। तस्मादाङ्गिरसः। यद्वेवैपामङ्गानां रसस्तस्माद्वेवाऽङ्गिरसः। तं देवा अब्रूवन् केवलं वा आत्मनेऽन्नाद्यमागासीः। अनु न एतस्मिन्नन्नाद्य आभज। एतदस्याऽनामयत्वमस्तीति। तं वै प्रविशतेति। स वा आकाशान् कुरुष्वेति। स इमान् प्राणानाकाशानकुरुत। तं वागेव भूत्वाऽग्निः प्राविशन्मनो भूत्वा चन्द्रमाश्चक्षुर्भूत्वाऽदित्यश्श्रोत्रम्भूत्वा दिशः प्राणो भूत्वा वायुः। एषा वै दैवी परिषद्दैवी सभा दैवी संसत्।।**[3] अर्थात् यह मुख्य अयास्य प्राण ही मृत्यु को धारण करता है। यह ही अन्नाद्य है। इसी प्राण के प्रतीकभूत उक्थ से यह सम्पूर्ण आकाश, चन्द्रमा, पृथिवी, वायु, जल और आदित्य ज्योतियाँ (अग्नि) उत्पन्न हुए हैं। यह आत्मा का प्रतीकभूत पाँच प्रकार वाला है। इस पञ्चभूत आत्मोक्थ से समस्त शरीर (दृश्य) जगत् उत्पन्न हुआ है और उसी उक्थ में संहार के समय विलीन हो जाता है, अतः इन सभी उत्पन्न हुए प्राणिजात का यह आत्मोक्थ आश्रय है। इन्हें आरण्यकों में विभूति से अभिहित किया गया है। यही दैवी परिषद् है। **अथ प्राणमब्रूवन् कथमु त्वं श्रेष्ठोऽसीति सोऽब्रवीत्प्राणो भूत्वाऽग्निर्दीप्यते। प्राणो भूत्वा वायुराकाशमनुभवति।**

---

1. ऐत०आ० 2.2.2.4
2. बृहदा० 1.3.19
3. तवल्का०आ० 2.4.2.4-13

प्राणो भूत्वाऽऽदित्य उदेति। प्राणादन्नम्प्राणाद्वाक्।।[1] इस प्रकार प्राण इनका जनक है। तथा यह सम्पूर्ण दैवी संसद् इस अयास्य आङ्गिरस प्राण से ही प्राणित हैं।

अस्तु इस प्रकार स्पष्ट है कि प्राणरूप पुरुष से ही पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाओं तथा जल की उत्पत्ति हुई है। इसी से अग्नि, वायु, आदित्य, चन्द्रमा और वरुण भी उत्पन्न हुए हैं। और सभी प्राणों से ही क्रियाशील हैं। अतः श्रुति कहती है कि- **एषा हीदं देवता सर्वं प्राणयत। तद् यत् प्राणयत तस्मात्प्राणः।**[2] **यद्वै प्राणेनान्नमात्मन्प्रणयते तत्प्राणस्य प्राणत्वम्।**[3] प्राण का प्राण पना यही है कि सभी चराचर इससे अनुप्राणित हैं। इससे जीवित हैं, क्रियावान् हैं। जिस किसी भी पदार्थ में प्राण का संचरण समाप्त हो जाता है, वह नष्ट हो जाता है। मृत्यु को प्राप्त होता है।

1. तवल्का०आ० 3.8.2.5-6
2. जैमि० 3.377
3. शत० 12.9.1.14

वेदार्थ प्रक्रिया में स्वरों का महत्व : एक अध्ययन

-चन्द्रगुप्त

शोध छात्र, वेदविभाग,

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

वेदों को महर्षि तथा परवर्ती आचार्यों ने अतीत अनागत अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान कराने वाली महान् ज्ञान राशि बताया है। यह संपूर्ण ज्ञान राशि महर्षि कृष्ण द्वैपायन (वेद व्यास) के समय तक अविभक्त थी।[1] उन्होंने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद इन 4 राशियों में उसका विश्लेषण करके अपने चार शिष्यों को चारों वेद पढ़ायें। तब से उन्हें वेदव्यास कहा जाने लगा। आगे चलकर गुरु शिष्य परंपरानुगत संप्रदाय के भेद से तथा उनकी शाखा प्रशाखा के विस्तार से वेद राशि के अनेक भेद हो गए जिन्हें वेद शाखा कहा जाता है।

व्याकरण महाभाष्यकार महर्षि पतंजलि के समय में 1131 वेद शाखाएं उपलब्ध थी, उतनी ही प्रत्येक शाखा के ब्राह्मणग्रंथ, आरण्यक, तथा उपनिषदें भी विद्यमान थी। जैसे कि महाभाष्य के पस्पशाह्निक में उन्हीं के अवदात्त लेखन से स्पष्ट है- चत्वारो वेदा साङ्गा सरहस्या बहुधा विभिन्न एकशतम् अध्वर्युशाखा (यजुर्वेद की 101 शाखाएं), सहस्रवर्त्मा सामवेद (सामवेद की 1000 शाखाएं), एकविंशतिधा बाह्वृच्यम् (ऋग्वेद की 21 शाखाएं), नवधाथर्वाणो वेद (अथर्ववेद की 9 शाखा)।[2]

इतनी पुष्कल वेद राशि के इन वर्षों में काल कवलित होते होते वेद की कुल 11 शाखाएं आज उपलब्ध हैं। ऋग्वेद की 21 शाखा में से आज एक मात्र शाकल शाखा सस्वर विद्यमान है, जो ऋग्वेद के नाम से प्रसिद्ध है। यजुर्वेद की भी शुक्ल यजुर्वेद और कृष्ण यजुर्वेद के विभाग से सर्वयोग 6 वेद शाखाएं वर्तमान हैं। जिनमें दो वेद शाखाएं शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता और काण्व संहिता के नाम से सस्वर प्रसिद्ध है। शेष चार शाखाएँ कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय, मैत्रायणी, काठक तथा कपिष्ठल नाम से प्रसिद्ध है। इनमें तैत्तिरीय संहिता तथा मैत्रायणी संहिता पर स्वर चिह्न है। काठक संहिता में कहीं कहीं और कपिष्ठल संहिता में सर्वथा नहीं है।

---

1. स्कन्दपुराण (12.6)
2. पातंजल महाभष्य (पस्पशाह्निक)

सामवेद की 1000 शाखाओं में से आज केवल 3 शाखाएं शेष है। कौथुम संहिता, राणायनी संहिता तथा जैमिनी संहिता। अथर्ववेद की 9 शाखाओं में से आज दो शाखाएं शेष है शौनक संहिता तथा पैप्पलाद संहिता। पैप्पलाद संहिता में कहीं-कहीं स्वर चिह्न हैं।

स्वर विवेचन

स्वर शब्द **'स्वृ शब्दोपतापयोः'**[1] धातु से करण कारक में घ प्रत्यय होकर निष्पन्न होता है।[2] निघण्टु 2/14 में स्वरति पद गत्यर्थक आख्यातों में पढा है। इसलिए स्वर शब्द का निर्वचन होगा-

स्वर्यन्तेऽर्था एभिः।

अर्थात् - जिनसे पदों के अर्थ जाने जाए, वे स्वर कहाते हैं।

महर्षि पतंजलि मुनि के अनुसार

"स्वयं राजन्ते इति स्वराः"

जो स्वयं प्रकाशित हो, उच्चरित हो, जिनकी सहायता से व्यंजन उच्चरित होते हैं, ध्वनित होते हैं वे स्वर कहाते हैं।[3]

स्वरों का उच्चारण विना किसी की सहायता के (अर्थात् अन्य किसी वर्ण की सहायता लिये विना ही और स्थानों के स्पर्श के विना ही स्पष्टता से देर तक) होता है। इसीलिये इन्हें स्वयं प्रकाशित वर्ण कहा गया है। ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, सानुनासिक आदि धर्म इन स्वरों पर ही आश्रित हैं। अर्थात् स्वर इन धर्मों के धर्मी है।[4]

स्वर के उदात्त, अनुदात्त स्वरित यह तीन भेद हैं। यह वर्ण के धर्म हैं। यद्यपि अ, इ, उ इत्यादि स्वरों के उच्चारण में दूसरे सहायक वर्ण की अपेक्षा नहीं होती।

पाणिनि मुनि ने अष्टाध्यायी में उदात्तादि स्वर की परिभाषा करते हुए कहा है-

उच्चैरुदात्तः।।[5]

---

1. धातुपाठ भ्वादिगण 666
2. अष्टाध्यायी 3.3.118
3. महाभाष्य 1.2.29
4. शिक्षा शास्त्रम्, पृ.19
5. अष्टाध्यायी 1.2.29, वाजसनेयी प्रातिशाख्य 1.108, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 1.38

श्री पं. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु जी इस सूत्र की व्याख्या करते हैं, ताल्वादि स्थानों से वर्णों का उच्चारण होता है, उन स्थानों में जो ऊर्ध्व भाग है, उन ऊर्ध्व भागों से उच्चरित जो अच् वह उदात्त संज्ञक होता है।[1]

यहां महाभाष्यकार कहते हैं कि– "आयामोदारुण्यमणुता खस्येति उच्चैःकराणि शब्दस्य"। आयामः = शरीर के सब अवयवों को सख्त कर लेना। दारुण्यम् = स्वर में रुखाई होना। अणुता खस्य = कण्ठ को संकुचित कर लेना। ऐसे ऐसे यत्नों से बोले जानेवाला जो अच् वह उदात्त संज्ञक होता है।[2]

नीचैरनुदात्तः।।[3]

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए श्री पं. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु जी कहते हैं, ताल्वादि स्थानों में जो नीचे भागों से बोला जानेवाला अच् अनुदात्तसंज्ञक होता है।[4]

यहां भी महाभाष्यकार कहते हैं कि– **"अन्ववसर्गो मार्दवमुरुता खस्येति नीचैःकराणि शब्दस्य"**। अन्ववसर्गः = शरीर के अवयवों को ढीले कर देना। मार्दवम् = स्वर को मृदु कोमल करके बोलना। उरुता खस्य = कण्ठ को फैला करके बोलना। इन इन प्रयत्नों से बोले जानेवाला अच् अनुदात्तसंज्ञक होता है।[5]

समाहारः स्वरितः।।[6]

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए श्री पं. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु जी कहते हैं, जिस अच् में उदात्त तथा अनुदात्त दोनों गुणों का समाहार हो, अर्थात् थोडी थोडी मात्रा में दोनों गुण मिले हों, ऐसा अच् स्वरितसंज्ञक होता है।[7]

ऋक्प्रातिशाख्य में कहा गया है, **"एकाक्षरसमावेशे पूर्वयोः स्वरितः स्वरः"**। उदात्त एवं अनुदात्त इन दोनों पूर्वस्थितों का एक ही अक्षर में समावेश होने पर, वह अक्षर स्वरित स्वरवाला हो जाता है।

इन सूत्रों के 'उच्चैः' और 'नीचैः' शब्द उच्चारण में विलक्षण तारतम्य की संभावना की ओर वक्ता को स्पष्ट करते हैं। इसी लिए आस्य के अन्तर्वर्ती कण्ठ, तालु आदि स्थानों में उच्चारण की उत्कृष्टता तथा अपकृष्टता तथा दोनों धर्मो की सह

---

1. अष्टाध्यायी भाष्य प्रथमावृत्ति (1.2.29)
2. पातंजल महाभाष्य 1.2.29, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 22.9
3. अष्टाध्यायी 1.2.30, वाजसनेयी प्रातिशाख्य 1.109, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 1.39
4. अष्टाध्यायी भाष्य प्रथमावृत्ति (1.2.30)
5. पातंजल महाभाष्य 1.2.30, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 22.10
6. अष्टाध्यायी 1.2.31, वाजसनेयी प्रातिशाख्य 1.110, तैत्तिरीयप्रातिशाख्य 1.40
7. अष्टाध्यायी भाष्य प्रथमावृत्ति (1.2.31)

स्थिति[1] की योग्यता के माध्यम से हम उदात्त, अनुदात्त और स्वरित तीनों स्वरों की अभिव्यक्ति करते हैं। इस अभिव्यक्ति के लिए प्रयत्न की आवश्यकता होती है। पारिभाषिक शब्दों में उदात्त की अभिव्यक्ति के लिए इसी प्रयत्न को आयाम, अनुदात्त की अभिव्यक्ति के लिए विश्रम्भ तथा स्वरित की अभिव्यक्ति के लिए आक्षेप कहा गया है।[2] इस वैदिक स्वर की व्युत्पत्ति के विषय में अमरनाथशास्त्री जी कहते हैं– "स्वर्यते उच्चाधो तिर्यग् भागैरुच्चार्यते इति स्वरः"।[3]

वैदिक भाषा में स्वरों की सत्ता का अति महत्वपूर्ण वैशिष्ट्य है। इन स्वरों के कारण ही सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय प्राचीन काल से आज तक यथावत् प्राप्त होता है। स्वरों के महत्व के विषय में वेङ्कट माधव ने कहा है–

अंधकारे दीपिकाभिर्गच्छन्न स्खलित क्वचित्।
एवं स्वरैः प्रणीतानां भवन्त्यर्थाः स्फुटा इति।।[4]

अर्थात् जैसे अंधकार में दीपक की सहायता से चलता हुआ व्यक्ति कहीं ठोकर नहीं खाता उसी प्रकार स्वरों की सहायता से किए गये अर्थ स्फुट अर्थात् स्पष्ट संदेह रहित होते है।

स्वर के माहात्म्य को पुष्टि करते हुवे पं. युधिष्ठिर मीमांसक जी कहते है,[5] वेद के वास्तविक अभिप्राय तक पहुंचने के जितने साधन हैं, उन में स्वर सब से प्रधान है। व्याकरण और निरुक्त जैसे प्रमुखशास्त्र भी स्वर - शास्त्र के अङ्ग बन कर ही वेदार्थ- ज्ञान में सहायक होते है। स्वर - शास्त्र का विरोध होने पर ये दोनों शास्त्र पंगु बने रहते हैं। स्वर ज्ञान के बिना न केवल मन्त्र का वास्तविक अभिप्राय ही अज्ञात रहता है, अपितु स्वरशास्त्र की उपेक्षा से अनेक स्थानों में अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। इसलिए वेद के सूक्ष्मतम अभिप्राय तक पहुँचने के लिए उदात्त आदि स्वरों का ज्ञान नितान्त आवश्यक है। स्वरों के ज्ञान के लिए उनका लक्षण जानना अत्यावश्यक है।

वर्त्तमान समय में उपलब्ध सस्वर वैदिक ग्रन्थों में भी एक स्वर्य नहीं है। यथा–

---

1. समाहारः स्वरितः (अष्टाध्यायी 1.2.31)
2. उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च त्रयः स्वराः। आयामविश्रम्भाक्षेपैस्त उच्यन्ते स्वरास्त्रयः (ऋक्प्रातिशाख्य 3.1)
3. वैदिक स्वर समीक्षा, पृ. 8.
4. वैदिक स्वरानुक्रमणी, वेङ्कट माधव।
5. वैदिक स्वर मीमांसा, पृ. 1.

ऋग्वेद (काश्मीर पाठ के अतिरिक्त), यजुर्वेद (माध्य. काण्व. तैत्ति.) तथा अथर्ववेद में प्रयुक्त नीचे की पड़ी रेखा अनुदात्त का चिह्न है। यथा–

अ॒ग्निमी॑ळे।।[1]

इ॒षे त्वो॒र्जे त्वा।।[2]

ये त्रि॑ंष॒प्ताः।।[3]

शतपथ ब्राह्मण में नीचे की पड़ी रेखा उदात्त का चिह्न है। यथा–

इष॒े त्वोर्जे त्वे॒ति।।[4]

ऋग्वेद (काश्मीर पाठ से अन्यत्र),[5] यजुर्वेद (माध्यन्दिन, काण्व, तैत्तिरीय) तथा अथर्ववेद में ऊपर की खडी रेखा स्वरित का चिह्न है। यही ऊपर की खड़ी रेखा ऋग्वेद के काश्मीर पाठ तथा मैत्रायणी संहिता में उदात्त के लिए प्रयुक्त होती है। यथा–

अग्निमी॑ळे।।[6]

इ॒षे॑ त्वा॒ सुभू॒तां॑य।।[7]

सामवेद में उदात्तादि स्वरों का अङ्कन रेखाओं के स्थान में 1,2,3 संख्याओं द्वारा होता है। यथा–

अ[2]ग्न[3] आ[2] या[2]हि।।[8]

अतः वेद में इस प्रकार की भिन्नता से स्वर विषयक ज्ञान प्राप्त करना बहुत कठिन हो गया है।

वैदिक और लौकिक साहित्य में स्वर शब्द भिन्न-भिन्न अर्थों मे प्रयुक्त होता है। जैसे–

---

1. ऋग्वेद संहिता (1.1.1)
2. यजुर्वेद संहिता 1.1
3. अथर्ववेद संहिता 1.1.1
4. माध्यन्दिन शतपथ ब्राह्मण 27.1.2
5. वैदिक स्वर मीमांसा, पृ. 4।
6. ऋग्वेद संहिता 1.1.1
7. मैत्रायणी संहिता 1.1.1
8. सामवेद पूर्वार्चिक 2.21

वैदिक साहित्य में उदात्त, अनुदात्त और स्वरित के लिये स्वर शब्द का विशेष रूप उच्चारण होता है। उदात्त आदि स्वर का वर्त्तमान में उपस्थित नारदीय, आपिशलि, पाणिनीय, चान्द्र आदि शिक्षा ग्रंथों में प्रयोग देखा जाता है।

वेद में स्वर शब्द वाक् अर्थ में प्रयुक्त देखा जाता है। यथा–

अधि स्वरे।।[1]

यास्काचार्य कृत निघण्टु 1/11 (31) में स्वर शब्द वाङ्नामों में पढ़ा है। निघण्टु 3/14 (41) में स्वरति पद अर्चति (पूजा = स्तुति) अर्थवाले आख्यातों में पढ़ा है। स्तुति, शब्द द्वारा ही की जाती है।

स्वर शब्द अकारादि वर्ण विशेष के लिये प्रयुक्त होता है, जिनका उच्चारण स्वतन्त्र रूप से होता है।[2] जैसे –

'विवृतकरणा स्वराः।[3]

अकाराद्याः स्वरा ज्ञेया औकारान्ताश्चतुर्दश।[4]

एते स्वराः।[5]

तत्र स्वराः प्रथमम्।[6]

षोडशादितः स्वराः।[7]

अ इति आ इति ..." स्वरः।[8]

तत्र चतुर्दशादौ स्वराः।[9]

पाणिनीय मुनि इन अकारादि स्वरों का उच्चारण अष्टाध्यायी में 'अच्' प्रत्याहार से और फिट- सूत्रकार 'अष्' प्रत्याहार से करते हैं।

षड्जादि सप्तक- संगीत शास्त्र और उनसे संबद्ध प्रकरणों में षड्ज, ऋषम, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद नामक ध्वनि - विशेषों के लिए स्वर शब्द का प्रयोग होता है। यथा–

---

1. ऋ. 8.72.7
2. स्वयं राजन्ते इति स्वराः। (महाभाष्य 1.2.29)
3. आपिशल (3.7) तथा पाणिनीय शिक्षा (3.8)
4. नाट्य-शास्त्र 14.8
5. ऋक्प्रातिशाख्य 1.3
6. वाजसनेय प्रातिशाख्य 8.2
7. तैतिरीय प्रातिशाख्य 1.5
8. ऋक्तन्त्र 1.2
9. कातन्त्र 1.1.2

षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा।

पञ्चमो धैवतश्चैव निषाद सप्तम स्वरः।।[1]

स्वरा षड्जर्षभगान्धारमध्यमपञ्चमधैवतनिषादाः।[2]

यम- ऋक्प्रातिशाख्य 13/44 की उव्वट की व्याख्या में इन षड्जादि स्वरों का यम नाम से उल्लेख किया है।

क्रुष्टादि सप्तक- पूर्वनिर्दिष्ट षड्जादि सप्तक ही सामगान में क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र और अतिस्वार्य नाम से स्मरण किए गए हैं। तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 23/12 में क्रुष्टादि सप्तक का यम शब्द से भी निर्देश किया है।

सप्त (सात) संख्या- षड्जादि अथवा क्रुष्टादि अथवा उदात्तादि सात स्वरों की प्रसिद्धि के कारण स्वर शब्द सात संख्या के लिए भी प्रयुक्त होता है। इस अर्थ में स्वर शब्द का प्रयोग पिङ्गल के छन्दः शास्त्र में मिलता है। यथा–

स्वरा अर्ध चार्यार्धम्।[3]

अर्थात्- जहां प्रस्तार में सात गण होते हैं और आधा (= सादे सात गण), वह आर्या छन्द का आधा भाग होता है।

स्वरों का प्रभावः-

पद स्वरः-

"सुप्तिङन्तम्"[4] सुप् अन्तवाले, तथा तिङ् अन्तबाले शब्दों की [पदम्] पद संज्ञा होती है।। सुप् से "स्वौजस०[5] के सु से लेकर सुप् के पकार पर्यन्त 21 प्रत्ययों का ग्रहण है। तथा तिङ् से तिप्तझि०[6] के तिप् से लेकर महिङ् के ङकार पर्यन्त 18 प्रत्ययों का ग्रहण है। उदाहरण के लिये -

ब्राह्मणाः पठन्ति (ब्राह्मण पढ़ते हैं)।

यहां पद संज्ञा होने से जस् के सकार को "पदस्य"[7] के अधिकार में वर्तमान

---

1. नारदशिक्षा 1.2.4
2. पिङ्गलसूत्र 3.64
3. छन्दशास्त्रम् 4.1
4. अष्टाध्यायी 1.4.14
5. अष्टाध्यायी 4.1.2
6. अष्टाध्यायी 3.4.78
7. अष्टाध्यायी 8.1.16

"ससजुषो रुः"[1] से रुत्व, और "खरवसान०"[2] से विसर्जनीय होता है। 'पठन्ति' के तिङ् अन्त वाला होने से पद संज्ञा होकर "पदस्य"[3] और "पदात्"[4] (1।1।17) के अधिकार में वर्तमान "तिङतिङः"[5] से अतिङ् पद से उत्तर तिङ् पद पठन्ति को सर्वानुदात्त होता है। संस्कृत भाषा में जितने भी नाम और आख्यात (क्रियापद) है, वे सब धातु और प्रत्यय के योग से बने हुए है। प्रायः एक पद में एक वर्ण ही उदात्त होता है, शेष वर्ण अनुदात्त रहते हैं।[6] उदात्त और अनुदात्त में उदात्त ही प्रधान होता है। (अत एव एक पद में एक ही उदात्त होता है, अधिक नहीं, अनुदात्त तो अनेक होते हैं)। पद के प्रकृति अथवा प्रत्ययरूपी जिस भाग में उदात्त स्वर रहता है उसी भाग का अर्थ मुख्य होता है। अत एव निरुक्तकार यास्क ने लिखा है–

तीव्रार्थतरमुदात्तम्, अल्पीयोऽर्थतरमनुदात्तम्।[7]

अर्थात्- उदात्त का अर्थ तीव्र होता है, और अनुदात्त का अल्प = गौण। इसी भाव को पाणिनि ने–

उच्चैरुदात्तः।

नीचैरनुदात्तः।

समाहारः स्वरितः।

सूत्रों से दर्शाया है। ये सूत्र कतिपय प्रातिशाख्यों में भी उपलब्ध होते हैं।

समास– स्वर :–

जिस समास पदों में जो पद उदात्त स्वर से युक्त होता है वह पद का अर्थ प्रधान होता है। वेंकट माधव इस विषय को स्पष्ट करते हैं–

तत्रोत्तरपदार्थस्य प्राधान्यं यत्र वर्तते।

उदात्तस्तत्र भवति ....॥

यदि स्वर पूर्वपदे तदर्थः स्फुटो भवेत्।

सर्वेष्वेव समासेषु यत्र यत्र स्वरो भवेत्।

---

1. अष्टाध्यायी 8.2.66
2. अष्टाध्यायी 8.3.15
3. अष्टाध्यायी 8.1.16
4. अष्टाध्यायी 8.1.17
5. अष्टाध्यायी 8.1.28
6. अनुदात्तं पदमेकवर्जम्। (अष्टाध्यायी 6.1.158)
7. निरुक्त 4.25

काशं कुशं वावलम्ब्य स्वरं तं स्थापयेत्।।[1]

अर्थात् - उत्तरपद के अर्थ की जहाँ प्रधानता होती है , वहाँ उत्तरपद में उदात्त स्वर रहता है। यदि उदात्त स्वर पूर्वपद में हो तो उसका अर्थ विस्पष्ट - प्रधान होता है। सब समासों में जहाँ जहाँ उदात्त स्वर हो, उसके अर्थ की प्रधानता किसी न किसी प्रकार स्पष्ट करनी चाहिए। उदाहरण–

" राजपुरुषः "

राजपुरुषः में षष्ठी तत्पुरुष समास हुआ है।[2] यहां राजन् शब्द का अलग स्वर है और पुरुष शब्द का अलग स्वर है किन्तु जब ये दोनो शब्दों का समास हुवा तब इनका अपना अलग स्वर न होकर एक समस्त राजपुरुषः का "समासस्य"[3] सूत्र द्वारा अन्तोदात्त (पुरुष के 'ष' को उदात्त) हो गया।

वाक्य– स्वर :-

वाक्य स्वर के विषय को स्पष्ट करते हुए पं युधिष्ठिर मीमांसक जी कहते हैं–

जिन क्रियादि पदों का उदात्तत्व अथवा अनुदात्तत्व देखा जाता है, वहाँ उनके अर्थों की प्रधानता अथवा गौणता होती है। इस विषय का उपपादन करके वेङ्कट माधव स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं–

एवं पदे समासे च यत्रोदात्तो व्यवस्थितः।
वर्ण पदे वा तत्रापि काकुरस्तीति निश्चयः।।[4]

अर्थात् - वाक्य के अथवा समास के जिस पद में अथवा पद के जिस वर्ण में उदात्त स्वर हो, उसी में काकु (=विशेषार्थबोधक ध्वनि-विशेष) समझनी चाहिए, यह बात निश्चित है।

समासस्वर और वाक्यस्वर को स्पष्ट करने के लिए उदाहरण देते हैं–

ब्राह्मणग्रामं गच्छ = हे ब्राह्मण गाँव को जा।

ब्राह्मणग्रामंगच्छ = ब्राह्मणों का जो गाँव है, उसको जा।

ब्राह्मणग्रामंगच्छ = ब्राह्मण जिस गाँव में रहते हैं, उसको जा।

---

1. स्वरानुक्रमणी 1.3.2 ,3 ,22
2. अष्टाध्यायी 2.2.8
3. अष्टाध्यायी 6.1.217
4. स्वरानुक्रमणी 1.1.20

पहले वाक्य में ब्राह्मण और ग्राम दोनों पदों में उदात्तत्व होने से ये दो स्वतन्त्र पद हैं। ब्राह्मण पद में यहाँ जो आद्युदातत्व दिखाई पड़ रहा है वह संबोधन के कारण है।[1] अतः इसका अर्थ होगा- हे ब्राह्मण गाँव को जा, द्वितीय और तृतीय वाक्य में ब्राह्मणग्राम समुदाय में एक उदात्त है। अत ये दोनों पद समस्त है। द्वितीय वाक्य में अन्तोदात्त स्वर होने से वहाँ षष्ठी तत्पुरुष समास जाना जाता है। अतः अर्थ होगा - ब्राह्मणों का जो ग्राम है, उसको जा। तृतीय वाक्य में पूर्वपद ब्राहाण में उदात्तत्व है। इससे बहुव्रीहि समास की प्रतीति होती है। इसलिए इसका अर्थ होगा - ब्राह्मण जिस गाँव में रहते हैं, उसको जा।

वेद के मन्त्रों में स्वर से अर्थ की भिन्नता :

ऋग्वेद में एक मन्त्र है–

हनौ॑ वृ॒त्रं जया॑ अ॒पः॥[2]

इसमें जयाः पद आद्युदात्त है।

अथर्ववेद में दूसरा मन्त्र है–

ज॒यो मे॑ स॒व्य आहितः॥[3]

इसमें जयः अन्तोदात्त है।

इन दोनों मन्त्रों में प्रयुक्त 'जय' में स्वरभेद होने से निश्चय ही दोनों का एक अर्थ नहीं हो सकता।

अतः आद्युदात्त 'जयाः' पद दो प्रकार से उपपन्न हो सकता है। एक 'जयः करणम्'[4] सूत्र से करण अर्थ में, दूसरा लेट् लकार के मध्यम पुरुष के एक वचन में। करणवाची अकारान्त जय शब्द के बहुवचन का अर्थ इस मन्त्र में संबद्ध नहीं हो सकता, पारिशेष्य से इसे लेट् लकार का रूप मानना होगा। अतः अर्थ होगा- [हे इन्द्र तू] अपों (= जलों) को जीत। दूसरे मन्त्र में प्रयुक्त अन्तोदात्त जयः पद भावार्थक अच् - प्रत्ययान्त है। अतः इसका अर्थ होगा– "मेरे बाएँ हाथ में जीत रखी हुई है"। इसी प्रकार अन्यत्र भी स्वरभेद से अर्थभेद समझना चाहिए।

---

1. ब्राह्मण पद अन्तोदात्त है। यहां आमन्त्रितस्य च (अष्टाध्यायी 6.1.198) से आद्युदात्त है।
2. ऋग्वेद 1.80.3
3. अथर्ववेद 7.52.8
4. अष्टाध्यायी 6.1.102

इस विषय को और स्पष्ट करते हुए महर्षि पतञ्जलि ने "यथेन्द्रशत्रु स्वरतोऽपराधात्"[1] एक उद्धरण देकर सबका ध्यान आकृष्ट किया है कि सम्यक् ज्ञान रखते हुए शास्त्रीय प्रक्रिया के अनुसार एक ही शब्द के यथोचित प्रयोग से वह स्वर्ग में और इस लोक में भी कामधेनु का काम देता है। और विपरीत उच्चारण से वही शब्द वाग् अस्त्र बनकर प्रयोक्ता का घातक भी हो सकता है। 'जैसे स्वर के अपराध से इन्द्रशत्रु शब्द ने त्वष्टा का नाश कर दिया'। इन्द्रशत्रु शब्द में अन्तिम अक्षर 'त्रु' को उदात्त उच्चारण कर तत्पुरुष समास (इन्द्रस्य शत्रुः = इन्द्र का शत्रु) करने की अपेक्षा त्वष्टा ने पूर्वपद की प्रकृति 'इन्द्र' शब्द के आदि 'इ' अक्षर पर उदात्त की ध्वनि पर अर्थ का अनर्थ कर दिया। तत्पुरुष समास में इन्द्र को मारने वाला इन्द्रशत्रु उत्पन्न करना त्वष्टा को अभिष्ट था, पूर्वपद के प्रकृति के स्वर से बहुव्रीहि समास में (इन्द्र शत्रुः शातयिता यस्य इन्द्र = इन्द्र ही जिसका शत्रु मारने वाला है) इस अर्थ से उल्टे इन्द्र ने त्वष्टा का संहार कर दिया। इसीलिए वेंकट माधव लिखते हैं-

अर्थाभेदे तु शब्दस्य सर्वत्र सदृशः स्वर।
यदा न तं स्वरं पश्येद् अन्यथार्थं तदानयेत्॥

अर्थात्- अर्थ के समान होने पर शब्द का स्वर सर्वत्र समान होता है। जब कहीं उस समान स्वर को न देखे, तब उस शब्द का अर्थ भी अन्य ही करे।

वेंकट माधव ने अपने ऋग्वेद भाष्य में, विशेषकर बृहद् भाष्य (जो माधव के नाम से अडियार- मद्रास से छपा है) में इस नियम का सर्वत्र पालन किया है। हम उसके कतिपय शब्दों की सूची देते हैं -

शब्द	**अर्थ**	**पृष्ठ**
जठरः	अग्निः	426, 735
जठरः	उदारवचनः	
यमः	येन गच्छति	501
यमः	वैवस्वतः	
सत्यम्	ऋतार्थे	527
सत्यम्	दारिद्रये	
ज्येष्ठः	प्रशस्यः	569
ज्येष्ठः	वयसा ज्येष्ठ	

1. महाभाष्य पस्पशाह्निक

सुकृतम्	निष्ठान्तम्	
सुकृतम्	क्विबन्तम्	583
सुकृतम्	भावे निष्ठान्तं बहुवीहि	

इस प्रकार स्वरभेद से होने वाले अर्थभेद के उदाहरण देकर स्वर का शब्दार्थ पर पडने वाले प्रभाव का स्पष्टीकरण होता है।[1]

✦✦✦

1. वैदिक स्वर मीमांसा पृ. 59

वैदिक संहिताओं में साम का स्वरूप

-डॉ. सन्दीप

ग्राम/पोस्ट-गोयला कलां,

झज्जर, हरियाणा-124507

संगीत की प्राचीनता के प्रमाण हमें विश्व के प्राचीनतम साहित्य वेद में प्राप्त होते है। वैदिक सहित्य में संगीत के तीनों अंगों[1]-गीत, वाद्य तथा नृत्य का उल्लेख मिलता है। साम अथवा सामगान को अध्यात्म का संगीत मानना चाहिये। छान्दोग्योपनिषद् के 2-11-1 से 2-21-1 तक इन ग्यारह खण्डों में भिन्न-भिन्न सामों का सम्बन्ध भिन्न-भिन्न प्राकृतिक तत्त्वों से जोड़ा गया है। प्रत्येक साम की भक्तियों का भी उल्लेख किया गया है। जैसे 'बृहत्' साम का सम्बन्ध आदित्य से बताया गया है:- उदित होता हुआ सूर्य हिंकार है, उदित हुआ प्रस्ताव है, मध्याह्नकालीन उद्गीथ है, अपराह्न प्रतिहार है तथा सूर्य के अस्त होने में निधन की कल्पना की गयी है।[2] 'वैरूप' साम का सम्बन्ध पर्जन्य के साथ कहा गया है। इस साम की भक्तियों की कल्पना इस प्रकार की गयी है: जलों का ऊपर उठना हिंकार है, मेघों में परिणत होना प्रस्ताव है, वर्षा होना उद्गीथ है, बिजली चमकना प्रतिहार है तथा जल का रुक जाना निधन है।[3] इस प्रकरण में मानो प्रकृति के प्रत्येक पदार्थ में साम की सत्ता विद्यमान हो रही है। साम की महिमा के संबन्ध में अब वैदिक संहिताओं के उद्धरणों को प्रस्तुत करते हैं।

ऋग्वेदादि वैदिक संहिताओं में साम शब्द का उल्लेख भूरिश: हुआ है। ऋग्वेद 1.62.2. में ऋत्विजों ने शक्तिशाली इन्द्र के लिए सामगान करने के लिए कहा गया है।[4] वहाँ साम के विशेषण के रूप में 'आङ्गूष्यम्' पद का उल्लेख किया

---

1. गीतं, वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते। शारंगदेव, संगीतरत्नाकर -1.4
2. उद्यन्हिंकारो उदित: प्रस्तावो मध्यदिन उद्गीथोऽपराह्न: प्रतिहारोऽस्तं यन्निधनम्। एतत् बृहदादित्ये प्रोतम्। छान्दोग्य उपनिषद् 2-14-1
3. अभ्राणि संप्लवते स हिंकारो, मेघो जायते स प्रस्तावो, वर्षति स उद्गीथो, विद्योतते स्तनयति स प्रतिहारउद्गृह्णाति तन्निधनम्। एतद्वैरूपं पर्जन्ये प्रोतम्। छान्दोग्य उपनिषद् 2-15-1
4. प्र वो मह: महि नमो भरध्वमाङ्गूष्यं शवसानाय साम। येना न: पूर्वे पितर: पदज्ञा अर्चन्तो अङ्गिरसो गा अविन्दन्।। ऋग्वेद 1.62.2

गया है जिसका अर्थ सायण ने अघोषयोग्य 'रथन्तर' आदि साम किया है।[1] ऋग्वेद 1.147.1 में ऋत के साम में देवताओं के आनन्दित होने का कथन किया गया है।[2] ऋग्वेद 1.107.2 में अङ्गिरस ऋषियों के सामों द्वारा स्तुत्य होकर देवताओं से रक्षा के लिये आने की प्रार्थना की गयी है।[3] ऋग्वेद 1.164.24 में ऋक् के द्वारा साम के निर्माण का उल्लेख किया गया है।[4] मन्त्र में अर्केण साम' पद की व्याख्या करते हुए सायण ने इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि तीन ऋचाओं को मिला कर एक साम गाया जाता है। यहाँ सायण ने यह भी प्रश्न उठाया है कि यदि तीन ऋचाओं पर ही साम विहित है तो मन्त्र में 'अर्कैः साम' ऐसा कथन करना चाहिए, 'अर्केण साम' नहीं। परन्तु वहीं पर सायण ने 'अर्केण साम' की पुष्टि में यह समाधान किया है कि वस्तुतः एक साम एक ही ऋक् पर आरुढ़ होता है, इसके बाद आगे वाली दो ऋचायें गान की एक इकाई की पूर्णता के लिये होती है।[5] इसी मन्त्र के अनुवाद की टिप्पणी में ग्रिफिथ ने इस बात का उल्लेख किया है कि तीन ऋचाओं से निर्मित सूक्त पर साम का गान होता है।[6] ऋग्वेद 2.26.16 में राक्षसों को नष्ट करने वाले बृहस्पति के साम का कथन किया गया है।[7] ऋग्वेद 2.23.17 प्रत्येक साम के मूल तत्त्व से त्वष्टा द्वारा बृहस्पति के उत्पन्न करने का उल्लेख करता है।[8] ऋग्वेद 2.43.2 उद्गाता द्वारा सामगान करने का उल्लेख करता है। वहां कपिंजल पक्षी की ध्वनि की तुलना उद्गाता द्वारा गाये जाने वाले साम से की गई है।[9] ऋग्वेद 4.5.3 में अग्नि से ऐसे साम का ज्ञान प्रदान करने के लिये कहा गया है जो जानने

---

1. ऋग्वेद 1.62.2 पर सायण।
2. उभे यत्तोके तनये दधाना ऋतस्य सामन्रणयन्त देवाः।। ऋग्वेद 1.147.1
3. उप नो देवा अवसा गमन्त्वङ्गिरसां सामभिः स्तूयमानाः।। ऋग्वेद 1.107.2
4. गायत्रेण प्रति मिमीते अर्कमर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम्।
   वाकेन वाकं द्विपदा चतुष्पदाक्षरेण मिमते सप्त वाणीः।। ऋग्वेद 1.164.24
5. अर्केण साम। उक्तलक्षणेन मन्त्रेण साम गायत्ररथंतरसंज्ञकं साम प्रति मिमीते। ननु 'एकं साम तृचे क्रियते'। इति तिसृषु एकं साम विहितम्। अतः अर्कैः साम इति वक्तव्यं कथमुच्यते 'अर्केण' इति न। वस्तुतः एकं साम एकस्यां ऋचि आरूढम्। पश्चादन्योऽन्यां तदुत्तरयोर्गायति। ऋग्वेद 1.164.24 पर सायण भाष्य।
6. With Gayatri he measures out the praise song, sama with praise & song-triplet with the Tristup. The triplet with two or four & foot & syllable-ग्रिफिथ, अनुवाद ऋग्वेद 1.164.24
7. आ देवानामोहते वि व्रयो हृदि बृहस्पते न परः साम्नो विदुः।। ऋग्वेद 2.23.16
8. विश्वेभ्यो हि त्वा भुवनेभ्यस्परि त्वष्टाजनत्साम्नः साम्नः कविः।
   य ऋणचिदृणया ब्रह्मणस्पतिर्द्रुहो हन्ता मह ऋतस्य धर्तरि।। ऋग्वेद 2.23.17
9. उद्गातेव शकुने साम गायसि ब्रह्मपुत्रइव सवनेषु शंससि। ऋग्वेद 2.43.2

योग्य तथा अत्यन्त पूजनीय हैं।[1] ऋग्वेद 5.44.14 में इस बात का उल्लेख किया गया है कि जो सदा जागरूक रहता है उसी के पास साम जाते हैं[2] और वहीं पर अगले मन्त्र में यह कहा गया है कि अग्नि ही हमेशा जागरूक रहने वाला है इसलिये साम उसी के पास पहुंचते हैं।[3] ऋग्वेद 8.29.10 में साम के महान् होने तथा उसके द्वारा सूर्य को प्रकाशित करने का उल्लेख किया गया है।[4] ऋग्वेद 8.81.5 में अपनी स्तुति में गाये जाने वाले साम को सुनने के लिए इन्द्र से प्रार्थना की गई है।[5] ऋग्वेद 8. 98.1 में उद्गाताओं को इन्द्र के लिये सामगान करने के लिये कहा गया है।[6] ऋग्वेद 9.96.22 में सोम को सामगानकुशल तथा सामगान करते हुए देवताओं की तरफ शीघ्र जाने के लिये कहा है।[7] ऋग्वेद 10.36.5 में सामों द्वारा गीयमान बृहस्पति के यजमान पर प्रसन्न होने का उल्लेख किया गया है।[8] ऋग्वेद 10.78.5 अङ्गिरसों के सदैव साम से युक्त होने का उल्लेख करता है।[9] ऋग्वेद 10.90.9 में सबके द्वारा आह्वान किये जाने योग्य यज्ञरूप परमेश्वर से ऋक् और यजुष् के साथ-साथ साम की उत्पत्ति का भी उल्लेख है।[10] ऋग्वेद 10.99.2 इन्द्र के साम के पास जाने का कथन करता है।[11]

यजुर्वेद 4.1. ऋक् और यजुष् के साथ साम के द्वारा यज्ञ के सम्पादन का उल्लेख करता है।[12] यजुर्वेद 4.9 में कृष्ण मृगचर्म को ऋक् और साम का शिल्प कहा गया है। मृगचर्म का जो शुक्ल भाग है वह ऋक् का शिल्प है तथा जो कृष्ण भाग है वह साम का शिल्प है।[13] यजुर्वेद 18.29 में यज्ञ के द्वारा साम के सिद्ध होने का उल्लेख किया गया है।[14] यजुर्वेद 18.67 यजमान के स्वयं साम के रूप में भावना

1. साम द्विबर्हा महि तिग्मभृष्टिः सहस्ररेता वृषभस्तुविष्मान्। ऋग्वेद 4.5.3
2. यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति। ऋग्वेद 5.44.14
3. अग्निर्जागार तमृचः कामयन्तेऽग्निर्जागार तमु सामानि यन्ति। ऋग्वेद 5.44.15
4. अर्चन्त एके महि साम मन्वत तेन सूर्यमरोचयन्। ऋग्वेद 8.29.10
5. प्र स्तोषदुप गासिषच्छ्वत्साम गीयमानम्। ऋग्वेद 8.81.5
6. इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत्। ऋग्वेद 8.98.1
7. साम कृण्वन्त्सामन्यो विपश्चित्क्रन्दन्नेत्यभि सख्युर्न जामिम्। ऋग्वेद 9.96.22
8. ऐन्द्रो बर्हिः सीदतु पिन्वतामिळा बृहस्पतिः सामभिर्ऋक्वो अर्चतु। ऋग्वेद 10.36.5
9. आपो न निम्नैरुदभिर्जिगत्नवो विश्वरूपा अङ्गिरसो न सामभिः। ऋग्वेद 10.87.5
10. तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे। ऋग्वेद 10.90.9
11. स हि द्युता विद्युता वेति साम पृथुं योनिमसुरत्वा ससाद।। ऋग्वेद 10.99.2
12. ऋक्सामाभ्यां संतरन्तो यजुर्भी रायस्पोषेण समिषा मदेम। यजुर्वेद 4.1; काठक संहिता 2.4. 21; तैत्तिरीय संहिता 1.2.3
13. ऋक्सामयोः शिल्पे स्थस्ते वामा रथे ते मा पातमाऽस्य यज्ञस्योदृचः। यजुर्वेद 4.9; तैत्तिरीय संहिता 1.2.2.7; काठक संहिता 2.3.6
14. आयुर्यज्ञेन कल्पतां.....स्तोमश्च यजुश्च ऋक् च साम च बृहच्च रथंतर च। यजुर्वेद 18.29

करने का उल्लेख करता है।[1] यजुर्वेद 34.5 में मन में ही साम को प्रतिष्ठित बताया गया है।[2] यजुर्वेद 36.1 में साम में प्राण की भावना की गयी है।[3]

तैत्तिरीय संहिता में इस बात का उल्लेख किया गया है कि साम के द्वारा जो यज्ञ का सम्पादन किया जाता है इससे यज्ञ का आशीषरूप फल सम्पूर्ण राष्ट्र को प्राप्त होता है[4] और ऋक् के द्वारा जो यज्ञ किया जाता है उसका फल प्रजा को प्राप्त होता है। तैत्तिरीय संहिता 1.5.7.1 में यज्ञ में साम की महिमा का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया गया है। वहां कहा गया है कि जिस यज्ञ में साम न हो वह वस्तुतः यज्ञ ही नहीं है।[5]

अथर्ववेद 7.54.1 में यज्ञ में साम की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि ऋक् और साम के द्वारा ही यज्ञ में सम्पूर्ण कर्म किये जाते हैं। ये ही ऋक् और साम यज्ञ में सुशोभित होते हैं और ये ही देवताओं में यज्ञ को नियंत्रित करते है।[6] अगले मन्त्र में वहीं पर ऋक् को हविरूप तथा साम को ओजरूप बताया गया है।[7] अथर्ववेद 9.6.2 में साम को अतिथिरूप ब्रह्म का लोम कहा गया है।[8] अथर्ववेद 10.5.30 मे विष्णु के कदम को साम के समान तेज वाला कहा गया है।[9] अथर्ववेद 10.7.14 में साम के स्कम्भ (ब्रह्म) में प्रतिष्ठित होने का उल्लेख है।[10] अथर्ववेद 10. 7.20 में साम को ब्रह्म का लोम बताया गया है।[11] अथर्ववेद 10.8.41 में देवताओं के

---

1. ऋचो नामास्मि यजूँषि नामास्मि सामानि नामास्मि। यजुर्वेद 18.67
2. यस्मिन्नृचः साम यजूंषि यस्मिन्प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः।
   यस्मिंश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। यजुर्वेद 34.5
3. ऋचं वाचं प्रपद्ये मनो यजुः प्रपद्ये साम प्राणं प्रपद्ये चक्षुः श्रोत्रं प्रपद्ये। यजुर्वेद 36.1
4. यद्वै यज्ञस्य साम्ना क्रियते राष्ट्रं यज्ञस्याऽशीर्गच्छति
   यदृचा विशं यज्ञस्याऽऽशीर्गच्छति।। तैत्तिरीय संहिता 1.6.10.1
5. अयज्ञो वा एष योऽसामा। तैत्तिरीय संहिता 1.5.7.1; 2.5.8.1
6. ऋचं साम यजामहे याभ्यां कर्माणि कुर्वते।
   ऐते सदति राजतो यज्ञं देवेषु यच्छतः। अथर्ववेद 7.54.1; सामवेद 369
7. ऋचं साम यदप्राक्षं हविरोजो यजुर्बलम्। अथर्ववेद 7.54.2
8. सामानि यस्य लोमानि। अथर्ववेद 9.6.2
9. विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा ऋक्संशितः सामतेजाः। अथर्ववेद 10.5.30
10. यत्र ऋषयः प्रथमजा ऋचः साम यजुर्महीं।
    एकर्षिर्यस्मिन्नर्पितः स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः।। अथर्ववेद 10.7.14
11. सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसो मुखम्।
    स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः।। अथर्ववेद 10.7.20

द्वारा साम के द्वारा साम को प्राप्त करने का उल्लेख किया गया है।[1] अथर्ववेद 10. 10.14 वशा गाय के ऋक् और साम से युक्त होकर समुद्र में कूदने का उल्लेख करता है।[2] अथर्ववेद 11.3.15 में साम के द्वारा ओदन लाये जाने का कथन किया गया है।[3] इसी सूक्त के अगले मन्त्र में 'बृहत्' तथा 'रथन्तर' सामों को क्रमशः 'आयवन' और 'दर्वि' कहा गया है।[4] अथर्ववेद 11.7.5.24 में ऋक् और यजुष् के साथ-साथ साम, साम की भक्तियाँ-उद्गीथ और हिंकार-तथा साम के स्वरों को उच्छिष्ट ब्रह्म में प्रतिष्ठित बताया गया है।[5] अथर्ववेद 12.1.38 पृथिवी पर ऋत्विजों द्वारा साम के गाने करने का उल्लेख करता है।[6] अथर्ववेद 14.1.11 में ऋक् और साम दोनों अभिधानी (रस्सी) के रूप में उल्लिखित हैं जो सूर्य और चन्द्रमा रूपी गायों को बाँधने वाली हैं।[7] अथर्ववेद 15.6.8-9 में ऋक् तथा यजुष् के साथ-साथ सामों के ब्रह्म के पास जाने का उल्लेख है और यहाँ यह कहा गया है कि जो इस तथ्य को जानता है वह साम के प्रिय धाम को प्राप्त होता है।[8]

इस प्रकार से साम की स्तुति में वेद ही नहीं अपितु सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय भरा पड़ा है। एक प्रकार से वेद के सार को साम कहा जा सकता है। साम ही जीवन की अभिव्यक्ति है जो ईश्वरीय रचना में चेतना की भांति निहित है। यह साम किसे प्राप्त होता है इस विषय में वेद स्पष्ट रूप से कहता है कि-

२ ३ २ ३ १ ३ २ ३ २ ३ २ ३ १ २
यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति।
२ ३ २ ३ २ २ १ २ ३ २ ३ १ २ ३ १
यो जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मिसख्ये न्योकाः॥[9]

---

1. साम्न ये साम संविदुः। अथर्ववेद 10.8.41
2. वशा समुद्रे प्रानृत्यदृचः सामानि बिभ्रती। - अथर्ववेद 10.10.14
3. ब्रह्मणा परिगृहीता साम्ना पर्यूढा। अथर्ववेद 11.3.15
4. बृहदायवनं रथन्तरं दर्विः। अथर्ववेद 11.3.16
5. ऋक्साम यजुरिच्छष्ट उद्गीथः प्रस्तुतं स्तुतम्।
   हिंकार उछिष्टे स्वरः साम्नो मेडिश्च तन्मयि।। अथर्ववेद 11.7.5
   ऋचः सामानि च्छन्दांसि पुराणं यजुषा सह।
   उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः।। अथर्ववेद 11.7.24
6. ब्रह्माणो यस्यामर्चन्त्यृग्भिः साम्नो यजुर्विदः। अथर्ववेद 14.1.1
7. ऋक्सामाभ्यामभिहितौ गावौ ते सामनौताम्। अथर्ववेद 14.1.11; ऋग्वेद 10.85.11
8. तमृचश्च सामानि च यजूंषि च ब्रह्म चानुव्यचलन्। ऋचां च वै साम्नां च यजुषां च ब्रह्मणश्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद।। अथर्ववेद 15.6.8-9
9. सामवेद - ऋचा संख्या-1826

वैदिककालीन राजनीतिक व्यवस्था का स्वरूप

-डॉ. अनुज कुमार
सहायक आचार्य (तदर्थ)
राजनीति विज्ञान,
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

शोध-सार

राजनीतिशास्त्र और राजनीतिक प्रक्रिया के क्षेत्र में वैदिक संहिताओं एवं उत्तरवर्ती वैदिक साहित्य के अध्ययन से उस युग के विकसित राजनीतिक और प्रशासनिक संगठनों के विकास का ज्ञान होता हैं। वैदिक साहित्य में राजशास्त्र और प्रशासनिक संस्थाओं के स्वरूप को अधिक विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। राजनीतिक-चिंतन के क्षेत्र में वैदिक-कालीन राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन को शोध का केन्द्रीय विषय बनाया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में राजनीतिक चिंतन की दृष्टि से वैदिक-कालीन संस्थाओं का अध्ययन किया गया है। वैदिक संहिताओं के अध्ययन से स्पष्ट है कि वैदिक काल में सभा, समिति तथा विदथ जैसी राजनीतिक संस्थाएं मौजूद थी जो एक प्रकार का प्रत्यक्ष लोकतन्त्र चलाती थी। वैदिक युग में राजतन्त्रात्मक शासन प्रणाली प्रचलित थी। प्राचीन भारत में राजा निरंकुश नहीं था उस पर धर्म तथा राजनीतिक संस्थाओं का नियन्त्रण था। कालान्तर में वैदिक-कालीन राजनीतिक संस्थाओं के पतन के साथ ही राजा की शक्ति का विकास हुआ। शोध में ऐतिहासिक-विश्लेषणात्मक अध्ययन पद्धति का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक ऑकड़ों की सहायता से प्राचीन भारतीय-चिंतन के राजनीतिक पक्षों को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

मुख्य बिन्दु-ऋग्वैदिक राजपद, सभा, समिति, विदथ

प्रस्तावना-प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन के सम्बन्ध में मैक्समूलर, ब्लमू फील्ड जैसे पाश्चात्य विद्वान आरोप लगाते हैं कि प्राचीन समय में राजनीति विज्ञान के विकास में भारतीयों का कोई योगदान नहीं रहा हैं। एक मात्र क्षेत्र जहां भारतीय मस्तिष्क कार्य करने, सृजन करने एवं उपासना के लिए स्वतन्त्र रहा, वह धर्म और

दर्शन का क्षेत्र था। डॉ. भण्डारकर व डॉ. बेनी प्रसाद जैसे भारतीय विद्वानों ने पश्चात्य विचारकों के इन विचारों का खण्डन किया, इन्होनें प्राचीन भारतीय राजनीति-चिंतन के विभिन्न स्रोतों का अध्ययन कर राजनीतिक चिंतन के क्षेत्र में भारतीयों के योगदान को दर्शाया है। प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिंतन के अनेक स्रोत हैं। वैदिक संहिताओं में तत्कालीन राजनीतिक संस्थाओं जैसे सभा, समिति, विदथ, सेना, विश, जन, राजा, वरण आदि का उल्लेख मिलता है। त्रसदस्यु और परीक्षित के प्रकरणों से दैवी राजसत्तावाद का परिसर्मथन व्यक्त होता है। ब्राह्मण ग्रन्थों से राजतन्त्र की सिद्धि होती है। उपनिषदों मे उदात्त ब्रह्मविद्याविशारद नरपतियों के उल्लेख कुछ दूर तक प्लेटो द्वारा प्रवर्तित दार्शनिक शासक का आंशिक स्मरण कराते हैं। ब्रह्मविद्यानिरत अश्वपति कैकेय, याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ करने वाले अद्वैतवादावलम्बी जनक, आदि राजनीति को विशुद्ध दार्शनिक महत्त्व से पूर्ण करते है। छान्दोग्य उपनिषद् दान, दमन, संकल्प आदि का महत्त्व व्यक्त कर राजनीति को नैतिक तत्वों से युक्त करने का सन्देश देता है। उपनिषदों का अद्वैतवादी ब्रह्मवाद व्यवहारिक स्तर पर लोककल्याण बोधक व्यक्त किया जा सकता है।[1] पूर्वोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि वैदिक कालीन साहित्य में राजनीतिक-चिंतन की दृष्टि से प्रर्याप्त ज्ञान उपलब्ध है। प्रस्तुत शोध पत्र में वैदिक-कालीन राजनीतिक व्यवस्था के स्वरूप को वैदिक संहिताओं एवं वैदिक साहित्य में राजनीतिक-चिंतन की विवेचना के आधार पर स्पष्ट करने का प्रयास किया गया हैं। वैदिक संहिताओं को पारम्परिक दृष्टिकोण से पवित्र माना जाता है क्योंकि इन्हें ईश्वरीय देन के रूप में स्वीकार किया गया हैं।[2]

समस्या कथन-राजनीति-चिंतन के इतिहास के सदर्भ में भारतीय-चितंन की परम्परा पाश्चात्य राजनीति चिंतन के उदय से पुरानी है पश्चात्य राजनीतिक विचारकों ने भारत एवं विश्व के अन्य देशो के चिंतन स्वरूप को धर्म प्रधान, पारलौकिक नीति-प्रधान माना[3] तथा भारतीय राजनीति चिंतन को छिटपुट अध्ययन का विषय बना दिया गया। आधुनिक युग में पश्चिमी सभ्यता के अभ्युदय के कारण साधारणत: पाश्चात्य राजनीति-चिंतन को ही भूमण्डलीय बौद्धिक परंम्परा के प्रतिनिधि के रूप में प्रस्ततु किया गया है। वस्तुत: भारतीय चिंतन में राजनीति की बहुत सारी समस्याओं पर इतने सुलझे विचार व्यक्त किये गए हैं जो भूमंडलीय बौद्धिक परंपरा

1. वर्मा, वी.पी. (2014); आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, पृ.सं.-01
2. झा, डी.एन., (2009); प्राचीन भारत एक रूपरेखा, मनोहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स, नई दिल्ली, पृ.सं.-19
3. पुरोहित, बी.आर. (2002); राजनीतिक चिन्तन का इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ.सं.-01

का महत्वूपर्ण अंग बनने की क्षमता रखते है।[1] प्रस्तुत शोधपत्र में प्रारिम्भक वैदिक-कालीन राजनीतिक व्यवस्था के स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

शोध उद्देश्य-प्रस्तुत शोध निम्नलिखित उद्देश्यों को केन्द्र मानकर सम्पन्न किया गया है।

1. वैदिक संहिताओं में राजनीतिक-चिंतन के तत्वों का अन्वेषण करना।

2. राजनीति-चिंतन के विकास में भारतीयों के योगदान को रेखाकिंत करना।

शोध परिकल्पना- प्रस्तुत शोध निम्नलिखित परिकल्पनाओं के आधार पर सम्पन्न किया गया है।

1. वैदिक संहिताओं में राजनीतिक-चिंतन की दृष्टि से समृद्ध ज्ञान मौजूद है।

2. भारतीय राजनीति-चिंतन का भूमण्डलीय बैद्धिक परम्परा में महत्त्वपूर्ण योगदान है।

अध्ययन पद्धति- शोध उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक अनुसंधान की ऐतिहासिक विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है। ऐतिहासिक-विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग कर शोध परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया है। शोध के लिए द्वितीयक आँकड़ों का उपयोग किया गया है।

राजनीतिशास्त्र और राजनीतिक प्रक्रिया के क्षेत्र में वैदिक संहिताओं, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद तथा उनके उत्तरवर्ती साहित्य का महत्त्वपूर्ण योगदान है। धर्मसूत्रों की कोटि में आने वाले सबसे प्रारम्भिक विधि ग्रन्थों के पूर्व प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारों और संस्थाओं के अध्ययन का प्रमुख स्रोत वैदिक साहित्य है।[2] वैदिक संहिताओं में तत्कालीन राजनीतिक संस्थाओं जैसे सभा, समिति, विदथ, सेना, विशः, जन, राजा, वरण आदि का उल्लेख मिलता है और इन संस्थाओं के सन्दर्भ में कतिपय वैचारिक अवशेष की प्राप्ति होती है।[3] ऋग्वैदिक काल के राजनीतिक संगठन का विकास उसके भौतिक एवं सामाजिक जीवन के सन्दर्भ से अलग रखकर नहीं समझा जा सकता है। इस काल में सम्भव है कि परिवार सबसे

---

1. गाबा, ओम प्रकाश (2018); भारतीय राजनीतिक-विचारक, मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ.सं. 1
2. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.-29
3. वर्मा, वी.पी. (2014); आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, पृ.सं.-01

छोटी इकाई रहा हो, जिसे गृह और कुल कहते थे, जिसका प्रधान कुलप होता था। (10/179/2)[1] कुलप का वर्णन भी साधारण गृहस्थ के रूप में नहीं, बल्कि योद्धा के रूप में हुआ है। ऋग्वैदिक लोगों का सामाजिक संगठन व्यवस्थित तथा अनुशासित था। राजपद सामाजिक संगठन का आधार था। ऋग्वेद में जन और विश शब्द का प्रयोग बार-बार हुआ है। जन शब्द इसमें 275 बार आया है और विश शब्द 170 बार इसके अलावा पाँच जनों के अर्थ में हमें पंचजना: शब्द का उल्लेख भी मिलता है।

कुछ विद्वानों की राय है कि विश ग्रामों में विभक्त होता था। लेकिन इस विभाजन का व्यापक चलन नहीं था, ग्राम का उल्लेख ऋग्वेद में केवल 13 स्थलों पर ही हुआ है। ग्राम शब्द का प्रयोग भी इस काल में ऐसे छोटे-छोटे लड़ाकू समूहों में हुआ जिसके सदस्यों को संग्राम के लिए एकजुट और सन्निबद्ध किया जाता है।[2] पूर्वोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि ऋग्वैदिक युग में संयुक्त परिवार प्रणाली थी। इन परिवारों को कुल कहते थे। कुल का प्रमुख कुलप होता था। कुछ कुल, जो एक ही परम्परा के होते थे, ये मिलकर एक ही स्थान पर रहते थे। इस स्थान को ग्राम कहा जाने लगा। ग्राम का मुखिया ग्रामणी कहलाता था। बाह्य शत्रुओं से अपनी रक्षा करने के लिए अनके ग्रामणी मिलकर एक संघ बना लेते थे। इसको विश कहा गया। विश का मुखिया विशपति कहलाया। अनेक विशों का समुदाय जन था। इसमें एक ही कबीले और जाति के लोग होते थे। जन के नाते को जनपति या राजा नाम दिया गया।[3]

राजा का निर्वाचन-प्राचीन भारत में राजतन्त्र और गणतन्त्र विद्यमान थे, परन्तु तत्कालीन राजनीति-चिंतन में राजतन्त्र की प्रधानता देखने को मिलती है। गणतन्त्र के अन्तर्गत जन-सभाएं या प्रमुख नागरिकों की परिषदे, सार्वजनिक वाद-विवाद के विस्तृत नियम और चुनाव के तरिके प्रचलित थे। ऋग्वेद की एक ऋचा के अन्तर्गत जन-सभा की भावनाओं को सुंदर ढंग से व्यक्त किया गया है। "तुम्हारे उद्देश्य एक हो, तुम्हारे मन एक हो, तुम्हारे विचार एक हो ताकि तुम पूरी तरह एकता के सूत्र में बंध जाओ" परन्तु गणतन्त्र की इतनी मुखर अभिव्यक्ति के बावजदू भी व्यवस्थित चिंतन उभर कर सामने नहीं आया।[4] बुनियादी तौर पर वैदिक काल में राजा जन का

1. ऋग्वेद 10/179/2
2. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.-333
3. कुमार, कृष्ण (1968); प्राचीन भारत की प्रशासनिक एवं राजनीतिक संस्थायें, जी.सी. प्रिन्टर्स, नई दिल्ली, पृष्ठ-06
4. गाबा, ओम प्रकाश (2018); भारतीय राजनीतिक-विचारक, मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ.सं.-05

शासक था और इसलिए उसे जन का रक्षक–गोप जनस्य या गोपति जनस्य कहा गया है। गोप या गोपति शब्द से यह ध्वनित होता है कि जो व्यक्ति पहले गाँओं के झुँडों का प्रधान था, वहीं धीरे–धीरे जन का प्रधान बन गया।[1] ऋग्वेद में प्रजा द्वारा राजा के निर्वाचन का उल्लेख मिलता है। (विशों नो राजानम् वृणानः) (10/124/8)[2] प्रजा के द्वारा राजा के चुनाव के सबसे अधिक उल्लेख अथर्ववेद में देखने को मिलते हैं। कुलों, ग्रामों, विशों और जन के नेता बाह्य आक्रमणों से अपनी रक्षा के लिये किसी योग्य व्यक्ति को अपना कर निर्वाचित कर लेते थे। ऋग्वेद के वर्णनों के अनुसार राजा को जनों की रक्षा करने वाला (जनस्य गोप्ता) और शत्रुओं के नगरों को तोड़ने वाला (पुरां भेत्ता)[3] कहा गया है दूसरी ओर, कुछ उल्लेखों से प्रकट होता है कि राजपद कुछ विशेष परिवारों के लोगों को ही प्राप्त होता था।[4] त्रसदस्यु को राजपद अपने पितामह से उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ था, और उसका पिता शत्रुओं द्वारा किए गए आक्रमण में अपना सिंहासन खो बैठा था। सुदास के परिवार ने तीन पीढ़ियों तक राजपद का उपयोग किया। तीन पीढ़ियों से अधिक राजपद के उपयोग के वास्तविक उदाहरण मौजूद नहीं हैं। वैदिक युग में युद्धजन्न परिस्थितियों के प्रमाण उपलब्ध हुए हैं। युद्धों में शत्रुओं से अपनी रक्षा और शत्रुओं को पराजित करने के लिए राजा का निर्वाचन किया जाता रहा है।

वैदिककालीन संस्थाएँ - विदथ, सभा और समिति

विदथ– वैदिक साहित्य में अभिव्यंजित शासन संस्थाओं में विदथ भारतीय आर्यो की सबसे पुरानी जनसभा रही है। ऋग्वेद में विदथ शब्द बाईस बार, सभा शब्द आठ बार और समिति शब्द का नौ बार उल्लेख किया गया है। वैदिक साहित्य जहाँ विदथ के उल्लेखों से भरा पड़ा है। 'सभा' और 'समिति' शब्द का उल्लेख कहीं–कहीं ही हुआ है। प्राचीन वैदिक साहित्य से स्पष्ट होता है कि विदथ संस्था का ऋग्वैदिक काल में अधिक महत्त्व था तथा सभा और समिति को उत्तर संहिता काल में प्रमुखता प्राप्त हुई।[5]

---

1. शर्मा, रामशरण (2017), प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.–334
2. ऋग्वेद 10/124/8
3. जायसवाल, के.पी., हिन्दू पालिटि, अध्याय XXIII
4. बंद्योपाध्याय, डेवलपमेट ऑफ हिन्दू पालिटी एण्ड पालिटिकल थिएरीज, पृ.सं.–85
5. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.–91

"विदथ शब्द से तात्पर्य और व्याख्या पर लगभग आधे दर्जन मत हैं। चूँकि यह शब्द मलू धातु 'विद्' से निकला माना जा सकता है और विद का अर्थ क्रमश: जानना, धारण करना, विचार करना है" इसलिए विदथ को ज्ञान, स्वत्व और सभा ये तीन अर्थ दने सम्भव हो सका है।[1] ओल्डेनबर्ग ने विदथ शब्द का मूलधातु विधा माना है और इसका मूल अर्थ वितरण, निबटाना और अध्यादेश (धर्मविधि) लगाया है तथा व्युत्पत्यर्थ 'यज्ञ' बताया है। रॉथ ने विदथ को धर्मेतर, धार्मिक तथा सैनिक ये तीनों तरह के प्रयोजन सिद्ध करने वाली सभा माना है। रॉथ का अनुकरण करते हुए जासयवाल ने विचार रखा है कि विदथ शायद मूल संस्था थी जिससें सभा समिति और सेना का अलग-अलग संस्थाओं के रूप में विकास हुआ। यद्यपि ऐसा कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है जिससे विदथ के साथ 'सभा' और समिति का संस्थात्मक संबंध सिद्ध किया जा सके, फिर भी विभिन्न सन्दर्भों में इस शब्द के जो प्रचुर उल्लेख हुए हैं, उसकी जाँच करें तो पाएगे कि विदथ में प्राचीनतम जनसभा के प्रमुख चिह्न विद्यमान थे।[2]

सभा- ऋग्वेद में सभा शब्द का उल्लेख आठ बार हुआ है। सभा में कौन लोग थे? विप्र के साथ 'सभेय'[3] विशेषण के प्रयोग से यह संकेत मिलता है कि जब 'सभा' प्रशासनिक प्रयोजन के लिए बुलाई जाती थी तब यहाँ गिने चुने लोग, अर्थात् ब्राह्मणों और गुरुजनों की बैठक होती थी। ऐसा अनुमान है कि 'सभा' जन के वृद्ध लोगों की परिषद् रही होगी इसलिए यह सीमित संस्था थी।[4] एक परवर्ती ऋग्वेद उल्लेख में स्त्री का 'सभावती'[5] अर्थात् सभा में जाने योग्य कहा गया है, जिससे पता चलता है कि स्त्री सदस्य भी, संस्था में भाग लेती थी।

ऋचाओं से स्पष्ट होता है कि सभा में चारागाहों सम्बन्धित मामलों, धर्म सम्बन्धी क्रियाकलापों आदि विषयों पर विचार-विमर्श होता था। चूँकि पशु लोगों के जीवनयापन का एक प्रमुख साधन थे इसलिए सभा को गायों की श्रेष्ठता पर विस्तारपूर्वक विचार करने में आनंद आता था। लोग दुबली-पतली गायों को मोटी बनाने में चिंता व्यक्त करते थे। उक्त कार्यों के अलावा सभा राजनीतिक और प्रशासनिक कार्यों का भी सम्पादन करती थी। ऋग्वेद की एक परवर्ती ऋचा के

---

1. विद् जाने, विद् विचारणे, विद्लृ लाभे, विद् सत्तायाम्, शब्दकलपद्रुम, 286
2. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.-92
3. ऋग्वेद, 2.24.13
4. थापर, रोमिला (2018); भारत का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.स.-31
5. ऋग्वेद 1.167.3

आधार पर सभा को ऐसी संस्था के रूप में दिखलाने की कोशिश की गई है जो अभियोग लगाकर लोगों का कलंक मिटाती थी।[1] पुरुषमेध में सभाचर के धर्मबलि के रूप में अर्पित किए जाने का उल्लेख है। धर्म का अर्थ है न्याय।

मैकडोनेल के अनुसार सभाचर को न्यायालय का सदस्य या शायद उन लोगों में से एक मानने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए जो मुकदमों में निर्णय देने के लिए बैठते थे। मैकडोनेल ने सभासद का संबंध उन परामर्शदाताओं से जोडा जो सभा के कानूनी मामले निबटाते थे। मैकडोनेल का यह भी कहना है कि न्यायिक कार्य पूरी सभा नहीं, बल्कि उसकी स्थायी समिति सम्पन्न करती है।[2] सभा के न्यायिक कार्यों के सम्बन्ध में जायसवाल भी साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं सभा को कष्ट और प्रचंड[3] कहा गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि जो विधि का उल्लंघन करता था उसके लिए सभा कष्टदायक थी। विधिसाहित्य में सभा न्यायालय या न्यायिक सभा के रूप में वर्णित है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश के रूप में राजा करता है, और जिसमें साक्षियों तथा अभियुक्तों पर सत्ता रखने वाले अधिकारियों के रूप में केवल पार्षद, न्यायधीश और पुलिस अधिकारी भाग लेते हैं। पूर्ववर्ती और परवर्ती दोनों स्रोतों से प्रमाण मिलता है कि राजा सभा में उपस्थित रहता था। संभवतः वह नियमित रूप से सभा की अध्यक्षता नहीं करता था, क्योंकि यजुः संहिताओं ने सभापति का पृथक् उल्लेख है।

छादोग्य उपनिषद्[4] में ऐसे दो उल्लेख मिलते हैं जिससे पता चलता है कि राजा की अपनी सभा होती थी। शतपथ ब्राह्मण[5] में सोम का वर्णन ऐसे राजाधिराज के रूप में किया गया है जो अपनी सभा लगाता है और जिस सभा में अधीनस्थ राजाओं की एक साथ उपस्थिति होती है- अथर्ववेद[6] की एक ऋचा के सार और भाव से यह बात स्पष्ट होती है राजा प्रजापति की दो पुत्रियाँ सभा और समिति से संरक्षण प्रदान करने की अभिलाषा रखता है और कहता है कि मैं जिस भी संस्था से मिलू वह मेरा आदर करें और मुझे सहायता दे। हे पितरों, सभा में मेरे शब्द न्याययुक्त हो। हे सभा, हम तेरा नाम जानते हैं, तेरा नाम परिसंवाद है। यहाँ सभा में

---

1. ऋग्वेद, X.71.10
2. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.स.-112
3. पारस्कर, गृह्यसूत्र, अनु एच्. ओल्डनवर्ग, से.बु.ई. (XXIX.362)
4. छान्दोग्य उपनिषद, 3.6; VIII.14.1
5. शतपथ ब्राह्मण, तस्य राजानः सभागाः, III; 3.14
6. अथर्ववेद, VI.12, 1-3 (ग्रिफिथ के अनुवाद के अनुसार)

उपस्थित सभी लोग मुझसे सहमत हो। वहाँ बैठे लोगों की श्री और विद्या मेरी हो। इन्द्र यहाँ एकत्र सभी लोगों में मुझे प्रमुखता प्रदान करें।

यदि राजा ऐसी प्रार्थना की कामना करता है तो स्पष्ट है कि वह सभा के समर्थन की उपेक्षा नहीं कर सकता था।

समिति-जन-समुदाय की बड़ी आकार की संस्था थी। इसमें प्रजा के सभी वर्गों के सदस्य होते थे। समिति में सूत, रथकर ग्रामणी और कर्मकार भी अवश्य रहते थे। परवर्ती काल में राजा या राजकुल के लोग भी समिति में जाते थे। वे इस निकाय के अति विशिष्ट सदस्य थे। ऐसा अनुमान है कि समिति सामान्य जनों की एक सामान्य परिषद रही होगी।[1] इस संस्था द्वारा केवल राजनीतिक कार्यों के सन्दर्भ में ही नहीं बल्कि दार्शनिक प्रश्नों पर भी चर्चा की जाती थी। राज्य की नीतियों के निर्धारण में इस संस्था द्वारा किये गये निर्णय सर्वमान्य होते थे। अपनी सम्मति को प्रकट करने और दूसरे सदस्यों को अपने अनुकूल बनाने के लिए सदस्य भाषण देते थे और तर्क प्रस्तुत करते थे। तथापि प्रयत्न यही रहता था कि सभी निर्णय सर्वसम्मति से किये जायें। समिति का निर्णय राजा के लिए अनिवार्य रूप से स्वीकारणीय होता था। समिति का विरोध होने पर राजा को पदच्युत किया जा सकता था। राजा के लिए यह अनिवार्य था कि वह समिति के सदस्यों को अपने अनुकूल रखे। राष्ट्र के कल्याण के लिए राजा और समिति में समभाव का होना आवश्यक था। ऋग्वेद में मन्त्र- "समानो मन्त्रः समितिः समानी"[2]- से इस तथ्य की पुष्टि होती है।

राजकीय अधिकारी-वैदिक साहित्य में राजकीय अधिकारियों और पदों के नामों का ही अनेक स्थलों पर उल्लेख मिलता है। पुरोहित सबसे प्रमुख राजकीय पद था। पुरोहित धार्मिक कार्यों का संचालन करता था इसके अलावा युद्ध क्षेत्रों में पुरोहित राजा के साथ रहता था ऋग्वेद के कई अवतरणों में राजा को ब्राह्मण या पुरोहित का विशेष ध्यान रखने और उसकी रक्षा करने की सलाह दी गई है, क्योंकि पुरोहित राजा का शिक्षक, पथ प्रदर्शक, मित्र और ऋषि सब कुछ था। राजा की विजय और कल्याण के लिए वह देवताओं की स्तुति करता था। ऋग्वेद में मुख्यतः विश्वामित्र और वशिष्ठ को प्रमुख पुरोहित के रूप में उल्लेखित किया गया है।[3]

दूसरा प्रमुख पदाधिकारी सेनानी था। वह सेना का संगठन करता था और युद्धों में सेना का संचालन करता था। यद्यपि ऋग्वेद में सेना शब्द का उल्लेख बीस बार

---

1. थापर, रोमिला (2018); भारत का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.स.- 31
2. कुमार, कृष्ण (1968); प्राचीन भारत की प्रशासनिक एवं राजनीतिक संस्थायें, जी.सी. प्रिन्टर्स, नई दिल्ली, पृ.सं.-22
3. तदैव पृ.सं.-22

हुआ है। लेकिन स्थायी सेना के अस्तित्व के प्रमाण नहीं मिलते हैं। वैदिक सभाएँ जिनमें जनजाति के सदस्य उपस्थित हुआ करते थे जिन कार्यों का सम्पादन करती थी उनमें सैनिक कार्यों का बड़ा महत्त्व था स्पष्ट है कि आर्य सामान्यतः हथियारबंद रहते थे और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें लड़ाई के लिए एकत्र कर लिया जाता था। इस प्रकार राज्य के पास कोई स्थायी सैनिक अधिकारी नहीं होता था। पुरपति अर्थात् मिट्टी के बने किले, नायक पर शायद प्रतिरक्षा का कुछ दायित्व होता होगा। निजी सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए कुछ पुलिस अधिकारी रखना आवश्यक था। दूसरों की जमीन पर दखल जमाने जैसे अपराध का कोई उल्लेख नहीं मिलता, लेकिन चोरी सेंधमारी, बटमारी, जुए में बेईमानी और खासकर गोहरण के जिक्र मिलते हैं।[1]

तीसरा प्रमुख अधिकारी ग्रामणी था। राष्ट्र या जन अनेक ग्रामों द्वारा संगठित होते थे। प्रत्येक ग्राम में राजा एक प्रतिनिधि रखता था। वह राजा की प्रशासनिक और सैनिक कार्यों की देखभाल करने वाला अधिकारी था इसको ग्रामणी कहा गया है। एक राष्ट्र में अनेक ग्रामणी होते होंगे, किन्तु वैदिक साहित्य में राजा के अधिकारियों में एक ही ग्रामणी का उल्लेख है। सम्भवतः सभा की सदस्यता के लिए सब ग्रामणी मिलकर एक प्रतिनिधि चुनते हो और उसको ही ग्रामणी कहा गया है। पूर्व विवेचित अधिकारियों के अतिरिक्त वैदिक साहित्य में कई अन्य पदों का भी उल्लेख मिलता है।

कर प्रणाली–ऋग्वेद में राजा को दी जाने वाली भेंट या देवताओं को अर्पित किये जाने वाले चढ़ावे के अर्थ में बलि शब्द का उल्लेख अनेक स्थलों पर हुआ है। प्रजाजनों से राजा को कर या बलि प्राप्त होती थी, अतः राजा को बलिकृत भी कहा गया है। वैदिक युग में राज्य की आय का प्रमुख साधन भूमि से प्राप्त उपज का एक अंश था। इसके अलावा पशु व्यवसाय की आय से भी राज्य को कर प्राप्त होता था। युद्ध में पराजित शत्रुओं को बलि या किसी न किसी प्रकार की भेंट देने के लिए विवश किया जाता था। ऋग्वेद में करो के संग्रह करने वाले किसी अधिकारी का उल्लेख नहीं मिलता, यद्यपि कर संग्रह राज्य का महत्त्वपूर्ण कार्य माना जाता है। स्पष्ट है कि ऋग्वैदिक काल में व्यवस्थित कर व्यवस्था का अभाव था। राजा को प्रजाजनों से कर का कितना प्रतिशत प्राप्त होना था, इस संबंध में किसी निश्चित व्यवस्था का अभाव था। उत्तर वैदिककाल में कर संग्रह का व्यवस्थित स्वरूप अस्तित्व में आता है।

---

1. शर्मा, रामशरण (2017); प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.सं.- 338

निष्कर्ष- प्रारम्भिक वैदिक-कालीन संस्थाओं का राजनीतिक चिन्तन की दृष्टि से अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि प्राचीन भारत मे गण, विदथ, सभा, समिति और परिषद् जैसी राजनीतिक संस्थाएं मौजूद थी। इनमें विदथ भारतीय आर्यो की सर्वाधिक पुरानी संस्था प्रतीत होती है सभा तथा समिति में राजनीतिक कार्यो का अधिक स्पष्ट उल्लेख मिलता हैं सभा वृद्धों और शक्तिशाली पुरूषो की परिषद् थी जबकि समिति जन समुदाय की बड़े आकार की बहुत शक्तिशाली संस्था थी। मैकडोनल और टीले ब्राण्ट का विचार है कि सभा और समिति में विभेद करना कठिन है किन्तु स्वामी दयानन्द और जायसवाल के विचारों में सभा और समिति भिन्न संस्थाएं थी। इन संस्थाओं के सदस्य बैठकों में भाषण करते थे। और सभी बातों का निर्णय सर्वसम्मति से करते थे इस प्रकार ये संस्थाएं प्रत्यक्ष लोकतन्त्र चलाती थी। वैदिक-कालीन व्यवस्था में कर प्रणाली, स्थायी सेना, स्थायी अधिकारी तन्त्र जैसे तत्वों का आंशिक विकास ही हुआ था। उत्तर-वैदिक काल में इन संस्थाओं का विकसित स्वरूप दिखायी देता है जिन्हें राज्य के आवश्यक अंग माना गया। वैदिक-कालीन परम्परा का आरंम्भ मोटे तौर पर दो सहस्त्राबदी ई.पू. हुआ था। प्राचीन भारत में राजतंत्रीय और गणतंत्रीय शासन प्रणालियाँ वैदिक काल में विकसित हो चुकी थी जबकि पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन उत्तर-वैदिक काल के बाद विकसित हुआ भारतीय मनीषियों ने प्राचीन यूनान के महान् राजनीति-दार्शनिकों सुकरात, प्लेटो और अरस्तू से भी पहले राज्यशास्त्र और शासन पर सुलझे हुए विचार प्रस्तुत कर दिए थे।

✦✦✦

यज्ञ में मन्त्रों से आहुति क्यों?

-शिवदेव आर्य

गुरुकुल पौन्धा, देहरादून (उत्तराखण्ड)

'यज्ञ' शब्द यज् देवपूजासंगतिकरणदानेषु धातु से नङ् प्रत्यय करने से निष्पन्न हुआ है। जिस कर्म में परमेश्वर का पूजन, विद्वानों का सत्कार, संगतिकरण अर्थात् मेल और हवि आदि का दान किया जाता है, उसे यज्ञ कहते हैं। यज्ञ शब्द के कहने से नानाविध अर्थों का ग्रहण किया जाता है किन्तु यहाँ पर यज्ञ से अग्निहोत्र का तात्पर्य है। अग्नेः होत्रम् अग्निहोत्रम्, अग्नि और होत्र इन दोनों शब्दों के योग से अग्निहोत्र शब्द निष्पन्न हुआ है। जिसका अर्थ होगा कि जिस कर्म में अत्यन्त श्रद्धापूर्वक निर्धारित विधिविधान के अनुसार मन्त्रपाठ सहित अग्नि में जो ओषधयुक्त हव्य आहुत करने की क्रिया की जाये, उसे अग्निहोत्र कहते हैं।

महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने सत्यार्थप्रकाश के तृतीय समुल्लास में अग्निहोत्र के लाभ बताते हुए कहा है कि- **'सब लोग जानते हैं कि दुर्गन्धयुक्त वायु और जल से रोग, रोग से प्राणियों को दुःख और सुगन्धित वायु तथा जल से आरोग्य और रोग के नष्ट होने से सुख प्राप्त होता है।'**[1] आगे भी कहा है- **'देखो! जहां होम होता है वहां से दूर देश में स्थित पुरुष के नासिका से सुगन्ध का ग्रहण होता है वैसे दुर्गन्ध का भी। इतने ही से समझ लो कि अग्नि में डाला हुआ पदार्थ सूक्ष्म होके फैलके वायु के साथ दूर देश में जाकर दुर्गन्ध की निवृत्ति करता है।'**[2]

इसी प्रकरण में प्रश्न उठाते हुए महर्षि स्वामी दयानन्द जी कहते हैं कि **'जब ऐसा ही है तो केशर, कस्तूरी, सुगन्धित पुष्प और इतर आदि के घर में रखने से सुगन्धित वायु होकर सुखकारक होगा।'** इसके उत्तर में लिखते हैं कि- **'उस सुगन्ध का वह सामर्थ्य नहीं है कि गृहस्थ वायु को बाहर निकाल कर शुद्ध वायु को प्रवेश करा सके, क्योंकि उस में भेदक शक्ति नहीं है और अग्नि ही का सामर्थ्य है कि उस वायु और दुर्गन्धयुक्त पदार्थों को छिन्न-भिन्न और हल्का करके बाहर निकाल कर पवित्र वायु को प्रवेश करा देता है।'**[3]

---

1. सत्यार्थप्रकाश, तृतीयसमुल्लास
2. सत्यार्थप्रकाश, तृतीयसमुल्लास
3. सत्यार्थप्रकाश, तृतीयसमुल्लास

अग्निहोत्र की प्रक्रिया में मन्त्रोच्चारण की क्या आवश्यकता है? यदि अग्निहोत्र में बिना मन्त्रों से आहुति दे दी जाये तो क्या हानि? क्या मन्त्रों के स्थान पर अर्थों को पढ़कर आहुति दी जा सकती है? अंग्रेजी, ऊर्दू आदि के शब्दों को बोलकर क्या आहुति दी जा सकती है? इन समस्त जिज्ञासाओं का समाधान लोग अपने-अपने निज-आग्रह के आधार पर करते हैं किन्तु इन शंकाओं का समाधान हमारे वैदिक वाङ्मय में पहले से ही उपलब्ध है। अतः शास्त्रमर्यादाविहीन निज-आग्रह को छोड़ सत्यान्वेषी होना आवश्यक है।

यज्ञ के प्रबल पोषक महर्षि देव दयानन्द सरस्वती जी ने शास्त्रानुशीलन कर ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के वेदविषयविचार में कहा है कि- **वेदमन्त्रोच्चारणं विहायान्यस्य कस्यचित्पाठस्तत्र क्रियते तदा किं दूषणमस्तीति? अत्रोच्यते - नान्यस्य पाठे कृते सत्येतत्प्रयोजनं सिध्यति। कुतः? ईश्वरोक्ताभावान्निरतिशय- सत्यविरहाच्च. ...। (ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदविषयविचारः)**

अर्थात् यज्ञ में वेदमन्त्रों को छोड़ के दूसरे का पाठ करें तो क्या दोष है? अन्य के पाठ में यह प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता। ईश्वर के वचन से जो सत्य प्रयोजन सिद्ध होता है, आप्त पुरुषों के ग्रन्थों का बोध और उनकी शिक्षा से वेदों को यथावत् जानके कहता है, उसका भी वचन सत्य ही होता है। और जो केवल अपनी बुद्धि से कहता है वह ठीक-ठीक नहीं हो सकता। इससे यह निश्चय है कि जहाँ-जहाँ सत्य दीखता और सुनने में आता है, वहाँ वेदों में से ही फैला है, और जो जो मिथ्या है सो सो वेद से नहीं, किन्तु वह जीवों ही की कल्पना से प्रसिद्ध हुआ है। क्योंकि ईश्वरोक्त ग्रन्थ से सत्य प्रयोजन सिद्ध होता है, सो दूसरे से कभी नहीं हो सकता।

महर्षि स्वामी दयानन्द जी ने मन्त्रों से ही यज्ञों का विधान किया है, इसका प्रमाण ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में पुनः प्राप्त होता है- **अग्निहोत्रकरणार्थं ताम्रस्य मृत्तिकाया वैकां वेदिं सम्पाद्य, काष्ठस्य रजतसुवर्णयोर्वा चमसमाज्यस्थलीं च संगृह्य, तत्र वेद्यां पलाशाम्रादिसमिधः संस्थाप्याग्निं प्रज्वाल्य, तत्र पूर्वोक्तद्रव्यस्य प्रातः सायंकालयोः प्रातरेव वोक्तमन्त्रैर्नित्यं होमं कुर्य्यात्। (ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, पंचमहायज्ञविषयः)** इसमें स्पष्ट शब्दों में कहा है कि **मन्त्रैर्नित्यं होमं कुर्य्यात्** अर्थात् मन्त्रों से नित्य होम को करें। अतः स्पष्ट सिद्ध है कि यज्ञ वेद मन्त्रों से ही होना अनिवार्य है।

लब्धप्रतिष्ठित वैदिक विद्वान् आचार्य रामनाथ वेदालंकार जी ने सामवेद भाष्य में- **उपप्रयन्तो अध्वरं मन्त्रं वोचेमाग्नये। आरे अस्मे च शृण्वते॥** (सामवेद-1379) इस मन्त्र का व्याख्यान करते हुए लिखा है कि ब्रह्मयज्ञ वा देवयज्ञ करते हुए मनुष्य

मन्त्रोच्चारणपूर्वक परमेश्वर के गुण-कर्म-स्वभावों का ध्यान किया करें और उससे शिक्षा-ग्रहण किया करे। आर्य संन्यासी स्वामी समर्पणानन्द सरस्वती जी श्रीमद्भगवद्गीता का भाष्य करते हुए कहते हैं कि-

विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम्।
श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते॥ (गीता-17/13)

अर्थात् जो शास्त्र-विधि से हीन हो, जिसमें लोक-कल्याणार्थ अन्न तक न दिया गया हो, जो मन्त्रोच्चारणरहित हो, जिसमें कार्यकर्त्ताओं को दक्षिणा न दी गई हो, जो श्रद्धारहित मन से किया गया हो, उस यज्ञ को तामस यज्ञ कहते हैं। इससे स्पष्ट है कि मन्त्रहीन यज्ञ तामससंज्ञक है, पुनः तामस यज्ञ विश्वकल्याण के लिए क्यों कर हो सकता है? महर्षि दयानन्द सरस्वती जी यजुर्वेद भाष्य में कहते हैं-

उप॒प्रय॑न्तोऽअध्व॒रं मन्त्र॑ वोचेमा॒ग्नये।
आ॒रेऽअ॒स्मे च॑ शृण्व॒ते॥ (यजुर्वेद-3/11)

अर्थात् **मनुष्यों को वेदमन्त्रों के साथ ईश्वर की स्तुति वा यज्ञ के अनुष्ठान को करके** जो ईश्वर भीतर-बाहर सब जगह व्याप्त होकर सब व्यवहारों को सुनता वा जानता हुआ वर्त्तमान है, इस कारण उससे भय मानकर अधर्म करने की इच्छा भी न करनी चाहिये। जब मनुष्य परमात्मा को जानता है, तब समीपस्थ और जब नहीं जानता तब दूरस्थ है, ऐसा निश्चय जानना चाहिए।

वैदिक विद्वान् हरिशरण सिद्धान्तालंकार जी ने यजुर्वेद के भाष्य करते हुए-

यज्ञं॑ य॒ज्ञं गच्छ य॒ज्ञप॑तिं गच्छ॒ स्वां योनिं॑ गच्छ॒ स्वाहा॑।
ए॒ष ते॑ य॒ज्ञो य॑ज्ञपते स॒हसू॑क्तवाक॒ः सर्व॑वीर॒स्तं जु॑षस्व॒ स्वाहा॑॥

(यजुर्वेद- 08/22)

प्रस्तुत मन्त्र **एष ते यज्ञो यज्ञपते सहसूक्तवाकः** का अर्थ करते हुए स्पष्ट संकेत किया है कि 'यह यज्ञ आपका ही है। इसके करने वाले आप ही हैं, हम लोग तो निमित्तमात्र हैं। यह यज्ञ ऋग्, यजुः आदि के सूक्तों से उच्चारण युक्त है।'

पद्मभूषण डॉ. श्रीपाद दामोदर सातवलेकर जी ने यजुर्वेद के सुबोध भाष्य में-

स॒मु॒द्रे ते॒ हृद॑यम॒प्स्वन्तः सं त्वा॑ विशन्त्वोष॑धीरु॒तापः॑।
य॒ज्ञस्य॑ त्वा यज्ञपते सू॒क्तोक्तौ॑ नमोवा॒के वि॑धेम॒ यत् स्वाहा॑।।

(यजुर्वेद- 08/25)

प्रस्तुत मन्त्र **यज्ञस्य त्वा यज्ञपते सूक्तोक्तौ नमोवाके विधेम यत् स्वाहा** का अर्थ - 'हे यज्ञ के पालक! जिसमें वेद के सूक्त कहे जायें, ऐसे उत्तम यज्ञ कार्य

में और वैदिक वचनों के उच्चारण में जो हवन योग्य पदार्थ हैं, वह तुझे हम अर्पण करें' किया है। शतपथब्राह्मण में **यज्ञस्य त्वा यज्ञपते सूक्तोक्तौ नमोवाके विधेम यत् स्वाहा** की व्याख्या- **'यज्ञस्य त्वा यज्ञपते सूक्तोक्तौ नमोवाके विधेम यत्स्वाहेति तद्यदेव यज्ञस्य साधु तदेवास्मिन्नेतद्दधाति।'** (शतपथ ब्राह्मण - 4/4/5/20) की है।

मन्त्रों के बिना यज्ञ के स्वरूप की तथा उसकी पूर्णता की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि त्रयी विद्या रूप मन्त्र, यज्ञ से अभिन्न हैं- **सैषा त्रयी विद्या ऋक्यजूंषि नामानि।** (शतपथ ब्राह्मण- 1/1/4/3)

शतपथ ब्राह्मण में आगे कहा गया है -

'वागेवैर्चश्च सामानि च मन एव यजूंषि'।

(शतपथ ब्राह्मण- 1/1/4/3)

अर्थात् वाचा, मनसा, कर्मणा यज्ञानुष्ठान के लिए मन्त्रों का विनियोग आवश्यक है। छान्दोग्य ब्राह्मण ग्रन्थ में वेदमन्त्रों से यज्ञादि कर्म का प्रतिपादन किया गया है-

यो ह वा अविदितौर्षेयच्छन्दो दैवताविनियोगेन ब्राह्मणेन मन्त्रेण याजयति वौध्यापयति वा स स्थाणुं वर्च्छति गर्त्तं वा पद्यते, प्रमीयते वा पापीयान् भवति यातयामान्यस्यच्छन्दांसि भवन्ति। (छान्दोग्य ब्राह्मण-3/7/5)

इसका भाव यह है कि जो याजक वैदिक छन्द को बिना जाने ही केवल देवता सम्बन्धी विनियोगपूर्वक ब्राह्मण ग्रन्थीय मन्त्र से यजन कराता है, अध्यापन करता है, वह मन्त्र प्रयोक्ता याजक या अध्यापक वृक्ष, लता आदि जड़ योनि को प्राप्त होता है अथवा दु:खालयौत्मक नरक को प्राप्त करता है। इस प्रकार यदि कोई करता है तो उसे छान्दोग्य ब्राह्मण में पापियों में अतिनिकृष्ट कहा है। इसी तथ्य का प्रतिपादन करते हुए सर्वानुक्रम सूत्र में महर्षि कात्यायन जी कहते हैं कि -

'छन्दांसि गायत्र्यादीनि एतान्यविदित्वा योऽधीतेऽनुब्रूते जपति, जुहोति, यजते याजयते तस्य ब्रह्म निर्वीर्यं यातयामं भवति। अथौन्तरा श्वगर्तं वा पद्यते स्थाणुं वर्च्छति प्रमीयते वा पापीयान् भवति।' (सर्वानुक्रम सूत्र)

अर्थात् जो व्यक्ति गायत्री आदि छन्दों के ज्ञान से रहित होकर वेदाध्ययन करता है, वेदमन्त्रों का अभ्यास करता है, यज्ञकर्म में वेदमन्त्रों को उच्चारित करता है, यागक्रिया करता व कराता है, तो वह व्यक्ति पाप का भागी होता है। अत: महर्षि कात्यायन के अनुसार सिद्ध है कि यज्ञ मन्त्र के सम्यक् उच्चारण व विधिविधान से होना चाहिए। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने सत्यार्थप्रकाश के तृतीय समुल्लास में यज्ञ में मन्त्रों के उच्चारण का उद्देश्य दर्शाते हुए कहा है कि इससे मन्त्रों की रक्षा भी होती हैं। इसी तथ्य को महर्षि पतंजलि ने व्याकरणमहाभाष्य के प्रथम पस्पशाह्निक

में उल्लेख किया है कि- **'रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम्'** अर्थात् वेदों की रक्षा के लिए व्याकरण का अध्ययन करें। वेदाध्ययन के द्वितीय प्रयोजन में महर्षि पतंजलि ने व्याकरणमहाभाष्य में लिखा है कि- **'ऊहः खल्वपि-न सर्वैर्लिङ्गैर्न च सर्वाभिर्विभक्तिभिर्वेदे मन्त्र निगदिताः। ते चावश्यं यज्ञगतेन यथायथं विपरिणमयितव्याः। तान्नावैयाकरणः शक्नोति यथायथं विपरिणमयितुम्।'** (व्याकरणमहाभाष्य, प्रथम पस्पशाह्निक) उक्त प्रयोजन में भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि वेदमन्त्रों से यज्ञकर्म होना चाहिए। आगे एक प्रयोजन को महर्षि पतंजलि उद्धृत करते हुए कहते हैं कि-

विभक्तिं कुर्वन्ति-याज्ञिकाः पठन्ति-प्रयाजाः सविभक्तिकाः कार्या इति। न चान्तरेण व्याकरणं प्रयाजाः सविभक्तिकाः शक्याः कर्तुम्। विभक्तिं कुर्वन्ति। (व्याकरणमहाभाष्य, प्रथम पस्पशाह्निक) यहाँ पर प्रयाजाः शब्द से वेदमन्त्र का ग्रहण किया गया है। अतः स्पष्ट है कि वेद मन्त्रों से यज्ञ होना आवश्यक है।

प्रयाजा शब्दात्मक ऋग्वेद में दो मन्त्र प्राप्त होते हैं -

प्र॒या॒जान्मे॑ अनुया॒जाँश्च॒ केव॒लानूर्जं॑स्वन्तं ह॒विषो॑ दत्त भा॒गम्।
घृ॒तं चा॒पां पुरु॑षं॒ चौष॑धीनाम॒ग्नेश्चं॑ दी॒र्घमायु॑रस्तु देवाः।।
तवं॑ प्रया॒जा अं॑नुया॒जाश्च॒ केवं॑ल॒ ऊर्जं॑स्वन्तो ह॒विषः॑ सन्तु भा॒गाः।
तवाग्ने॒ य॒ज्ञो यमं॑स्तु सर्व॒स्तुभ्यं नमन्तां प्र॒दिश॒श्चतं॑स्रः।।

(ऋग्वेद-10/51/8-9)

पाणिनीय व्याकरण के **ओमभ्यादाने (अष्टाध्यायी-8/2/87)** इस सूत्र में कहा है कि मन्त्रों के उच्चारण से पूर्व जो ओ३म् है, उसको प्लुत हो जाता है। **प्रणवष्टेः (अष्टाध्यायी-8/2/89)** इस सूत्र के अनुसार यज्ञकर्म में वेदमन्त्रों के टि भाग को 'ओ३म्' आदेश का विधान कर उदाहरण प्रस्तुत किया गया है- **अपां रेतांसि जिन्वन्तोऽ३म्।** इससे स्पष्ट होता है कि पाणिनीय काल में वेदमन्त्रों से यज्ञ करने का विधान था।

'पुरुषविद्यानित्यत्वात् कर्मसम्पत्तिर्मन्त्रो वेदे' (निरुक्त, प्र.अ.) आचार्य यास्क के अनुसार पुरुष की विद्या अनित्य है और मन्त्र परमात्मा की वाणी होने से नित्यज्ञान है। अतः अग्निहोत्रादि कर्म नित्यज्ञान से युक्त युक्त वेदमंत्रों से करने चाहिए। उपरोक्त वैदिक प्रमाणों से यह ज्ञात होता है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने आर्षशास्त्र मर्यादा का अनुशीलन कर शास्त्रपरम्परा को अक्षुण्ण बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है, हमें इसी शास्त्रपरम्परा के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

✦✦✦

वैदिक वाङ्मय में योग विद्या के तत्वों का निरूपण

-डॉ. अनुजा रावत

सहाचार्य एवं विभागाध्यक्ष, योग विभाग,

गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

मानव जीवन को सभ्य, सुसंस्कृत, समर्थ बनाने का वैज्ञानिक विधान भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण अंग वेदों और विभिन्न अन्य योग ग्रन्थों में वर्णित है। वेद शाश्वत-यथार्थ ज्ञान राशि के समुच्चय हैं। वैदिक ऋषियों ने अपने मन या बुद्धि से कोई कल्पना न करके शाश्वत सत्य को अपनी चेतना के उच्चतम स्तर पर अनुभूति कर जिन वैदिक मंत्रों का साक्षात्कार किया है, इन्हीं मंत्रों का बहुमूल्य कोश ही वेद हैं। इसे श्रुति भी कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है- दिव्य वाणी से सुना गया सत्य। वेदों की ऋचाओं में निहित ज्ञान अनन्त है तथा उनकी शिक्षाओं में मानव-मात्र ही नहीं, वरन् समस्त सृष्टि के जीवधारियों-घटकों के कल्याण एवं सुख की भावना निहित है। वेदों की संख्या 4 है- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद। वेदों में लगभग 20,000 मंत्र हैं। वेद के उपग्रंथ ब्राह्मण और आरण्यकों में ज्ञान की सभी अवस्थाओं का निरूपण किया गया है। वेद ज्ञान का भण्डार हैं किंतु यह कोई सामान्य बौद्धिक ज्ञान नहीं है, यह ऐसा ज्ञान है, जिसका ऋषियों ने तपस्या के माध्यम से साक्षात्कार किया है। ऋषियों ने इस ज्ञान का साक्षात्कार कर इसे शब्दों में मंत्र रूप में प्रकाशित किया है। वेद भौतिक व आध्यात्मिक सभी प्रकार के ज्ञान के भण्डार हैं किंतु मुख्यतः ये अलौकिक ज्ञान के ही बोधक हैं। वेदों को अपौरुषेय तथा भारतीय दर्शन का आदि स्रोत माना गया है। भारतीय धर्म, संस्कृति एवं सभ्यता का भव्य प्रासाद वेदरूपी ज्ञान की दृढ़ आधार शिला पर प्रतिष्ठित है। प्रस्तुत लेख में लेखक ने वेदों में प्रतिपादित यौगिक तत्वों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

कूटशब्द-अपौरुषेय, अनुभूति, साक्षात्कार, ऋचा।

वेदों में योग तत्व का वर्णन :

भारतीय परम्परा 'वेद' के सर्व ज्ञानमय होने की घोषणा करती है-मनुस्मृति भूत, वर्तमान और भविष्यत् सम्बन्धी सम्पूर्ण ज्ञान का आधार वेद को मानती है। ऋषियों ने यह ज्ञान समाधि द्वारा परमात्म तत्व से आत्म साक्षात्कार करके पाया था, ज्ञान प्राप्ति की इस प्रक्रिया में यौगिक क्रियाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। वेदों में

ज्ञान प्राप्ति के स्त्रोत में मन की स्थिरता, एकाग्रता और इन्द्रियों के स्वस्थ होने का उल्लेख मिलता है। इससे प्राप्त संवेदनाएँ मन में यथार्थ रूप धारण करती हैं अन्ततः यही संवेदनाएँ ही यथार्थ ज्ञान में परिवर्तित हो जाती हैं। वेदों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय ब्रह्म ज्ञान में ही है। जिसकी पुष्टि ऋग्वेद के इस मंत्र से होती है–

ऋ॒चो अ॒क्षरे॑ पर॒मे व्यो॑म॒न्यस्मि॑न्दे॒वा अधि॒ विश्वे॑ निषे॒दुः।
यस्तन्न वेद॒ किमृ॒चा क॑रिष्यति॒ य इत्तद्वि॒दुस्त इ॒मे समा॑सते॥[1]

अर्थात् जिस ऋग्वेदादि वेदमात्र से प्रतिपादित नाशरहित उत्तम आकाश के बीच व्यापक परमेश्वर में समस्त पृथिवी सूर्य लोकादि देव आधेयरूप से स्थित होते हैं। जो उस परब्रह्म परमेश्वर को नहीं जानता वह चार वेद से क्या कर सकता है, और जो उस परब्रह्म को जानते हैं वे ही ब्रह्म में अच्छे प्रकार स्थिर होते हैं।वेदों में बताया गया है कि यह ब्रह्मज्ञान ही भारतवर्ष का प्राण है, जिसे हम योग के रूप में जानते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि योग विद्या का प्रादुर्भाव उतना ही प्राचीन है जितना कि वेद का है।

वेदों में हिरण्यगर्भ रूप प्रजापति ब्रह्म को कहा गया है, जिन्होंने सर्वप्रथम योग का उपदेश दिया।

हि॒रण्य॒गर्भः॑ सम॑वर्त॒ताग्रे॑ भू॒तस्य॑ जा॒तः पति॒रेक॑ आसीत्।
स दा॑धार पृथि॒वीं द्यामु॒तेमो कस्मै॑ दे॒वाय॑ ह॒विषा॑ विधेम॥[2]

अर्थात् सर्वप्रथम हिरण्यगर्भ ही उत्पन्न हुए जो सम्पूर्ण विश्व के एक मात्र पति है। जिन्होंने स्वर्ग पृथ्वी को धारण किया उन प्रजापति देव का हव्य द्वारा पूजन करते हैं।

वेदों में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। गीता में समत्व[3] और कर्मो की कुशलता[4] को योग कहा है। पतंजलि के अनुसार चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है।[5] योग के द्वारा चित्त को एकाग्र करने के पश्चात मंत्रद्रष्टा ऋषियों ने वैदिक मंत्रों का साक्षात्कार कर उनका वर्णन वेदों के रूप में किया। पतंजलि के अष्टांग योग की भांति सामवेद में भी वर्णन है कि सात मंजिलों को पार करने के उपरान्त परमात्मा प्रकट हो जाता

1. ऋग्वेद (1/164/39), अथर्ववेद (9/15/18)
2. ऋग्वेद (10/121/1)
3. योगस्थः कुरु कर्माणि संगंत्यक्त्वा धनञ्जय। सिद्धयसिद्धयोः समोभूत्वा समत्वं योग उच्यते।। गीता (2/48)
4. बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते। तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्।। गीता (2/50)
5. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः, योगदर्शन (1/2)

है[1], जिस प्रकार अष्टांग योग का अनुष्ठान करने से अशुद्धि का नाश होने पर ज्ञान का प्रकाश विवेकख्याति पर्यन्त हो जाता है।[2] पतंजलि प्रोक्त यम-नियम भी वेद मंत्रों के ही अनुसार हैं।[3] वैदिक ऋषि व्यवहारिक रूप से जीवन निर्माण के लिये मार्मिक सूत्र प्रकट करते हुये स्पष्ट करते हैं कि- "मेरी जिह्वा के अग्र भाग में मधुर हो, जिह्वा का मूल मधुर हो, मेरा आचरण और व्यवहार मधुर हो। मैं वाणी से मीठा बोलूँ और मधुर बन जाऊँ।[4] इसी प्रकार ऋषिगण आन्तरिक एवं व्यवहारिक शुचिता की महत्ता का वर्णन करते हुये स्पष्ट करते हैं कि, "जो तुम बाहर से हो, वही अन्दर से बन जाओ, जो अन्दर से हो, वही बहिरंग में प्रकट हो।[5] वेदों में योग से सम्बन्धित तत्वों का प्रयोग विभिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न अर्थों में किया गया है इन सन्दर्भों का वर्णन हम इस प्रकार स्पष्ट कर सकते हैं-

वेदों में योग को सभी धर्मों अर्थात् यज्ञादि के पूर्व करने का साधन माना गया है। इस सन्दर्भ में ऋग्वेद में वर्णन मिलता है -

यस्मा॑दृ॒ते न सिध्य॑ति य॒ज्ञो वि॑प॒श्चित॑श्च॒न।
स धी॒नां योग॑मिन्वति॥[6]

अर्थात् जिनकी कृपा के बिना ज्ञानी का भी यज्ञ पूर्ण नहीं होता, वे सदसस्पतिदेव हमारी बुद्धि को उत्तम प्रेरणाओं से युक्त करते हैं। यहाँ बुद्धि को उत्तम प्रेरणाओं से युक्त करने की प्रक्रिया ही योग है।

इसी प्रकार योग के सन्दर्भ में अथर्ववेद में वर्णन मिलता है -

अ॒ष्टावि॑ंशानि शि॒वानि श॒ग्मानि॒ स॒ह॒ योगं॑ भजन्तु मे।
योग॒ं प्रपद्ये॒ क्षेमं॑ च॒ क्षेम॒ं प्रपद्ये॒ योगं॑ च॒ नमोऽहोरात्राभ्यामस्तु।[7]

---

1. जायसवाल डा. अरुण कुमार, वैदिक संस्कृति के विविध आयाम, ललित प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 119
2. योगांगानुष्ठानाशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः। योगदर्शन (2/28)
3. जायसवाल डा. अरुण कुमार, वैदिक संस्कृति के विविध आयाम, ललितप्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 119
4. जिह्वाया अग्रे मधु मे जिह्वामूले मधूलंकम्।
   ममेदहक्रतावसो मम चित्तमुपार्यसि॥ (1/34/2)
   मधुमन्मे निक्रमणं मधुमन्मे परायणम्।
   वाचा वदामि मधुमद् भूयासं मधुसन्दृशः॥ अथर्ववेद (1/34/3)
5. यदन्तरं तद् बाह्यं यद् बाह्यं तदन्तरम्॥ अथर्ववेद (2/30/4)
6. ऋग्वेद (1/18/7)
7. अथर्ववेद (19/8/2)

अर्थात् कृत्तिकादि कल्याणप्रद जो 28 नक्षत्र हैं, वे हमें अभीष्ट प्रदान करें। नक्षत्रों का सहयोग हमारे लिए लाभप्रद हो। हम प्राप्त वस्तु के संरक्षण में समर्थ हों। हम अहोरात्र के प्रति वन्दना करते रहें, हमें योग-क्षेम प्राप्त हो।

इसी प्रकार ऋग्वेद व सामवेद में वर्णन मिलता है-

योगेंयोगे त॒वस्त॑रं॒ वाजेंवाजे हवामहे। सखा॑य॒ इन्द्र॑मू॒तये॑॥[1]

अर्थात् सत्कर्मों के शुभारम्भ में एवं हर प्रकार के संग्राम में बलशाली इन्द्रदेव का हम अपने संरक्षण के लिये मित्रवत् आवाहन करते हैं।

स घा॑ नो॒ योग॒ आ भु॑व॒त्स रा॒ये स पु॑र॑ंध्याम्।
गम॒द्वाजे॑भि॒रा स न॑ः॥[2]

अर्थात् वे इन्द्रदेव हमारे पुरुषार्थ को प्रखर बनाने मे सहायक हों, धन्य-धान से हमें परिपूर्ण करें तथा ज्ञान प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हुये पोषक अन्न सहित हमारे निकट आये। उपरोक्त सभी सन्दर्भ साधक का साध्य से, अणु का विराट् से, वैयक्तिक चेतना परा चेतना से आत्मा का परमात्मा से संयोगित होने का आवाहन करते हैं अतः सभी सन्दर्भ एवं तथ्य किसी न किसी रूप में योग से सम्बन्धित हैं।

वेदों में वर्णित यौगिक शरीर विज्ञान :

वेदों में वर्णित यौगिक शरीर विज्ञान का सन्दर्भों का वर्णन हम इस प्रकार स्पष्ट कर सकते हैं, अथर्ववेद में आठ चक्र तथा शरीर के नौ द्वारों का वर्णन मिलता है-

अ॒ष्टाचक्रा॒ नवद्वारा दे॒वानां॒ पूरयोध्या।
तस्यां॑ हि॒र॒ण्यय॒ः कोश॒ः स्व॒र्गो ज्योति॒षावृतः॥[3]

जिसमें आठ चक्रमूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञाचक्र, बिंदुचक्र और सहस्रार) और नौ द्वार हैं, (दो आंख, दो कान, नासिका के दो छिद्र, मुंह, मलद्वार और मूत्रद्वार) देवशक्तियों की पुरी (नगरी) यह अयोध्या है, उसमें जो तेजस्वी कोश है, वही तेजस्विता से युक्त होकर स्वर्गीय आनन्द से परिपूर्ण है।

तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन्यद्यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः॥[4]

---

1. ऋग्वेद (1/30/7), सामवेद (2/5/9)
2. ऋग्वेद (1/5/3) सामवेद (1/2/311)
3. अथर्ववेद (10/2/31)
4. अथर्ववेद (10/2/32)

तीन अरों से युक्त तीन केन्द्रों में स्थित, तेजस्वी कोश में जो आत्मवान यक्ष (पूजनीय आत्मा) का स्थान है, उसे निश्चित ही ब्रह्मज्ञानी जानते हैं।

वेदों में योगांगों का वर्णन :

वेदों में योग के अन्य ग्रन्थों की भांति योग के अंगों का प्रत्यक्ष वर्णन तो नहीं मिलता परन्तु परोक्ष रूप से योग के विभिन्न अंगों का प्रतिपादन वेदों की ऋचाओं मे देखा जा सकता है। वेदों के अंतर्गत यम नियम के समान जीवन को मानसिक तथा व्यवहारिक रूप से परिष्कृत करने वाले विभिन्न योगांगों का वर्णन अलग-अलग स्थानों पर मिलता है उनमें से कुछ का वर्णन इस प्रकार है-

अपरिग्रह की महत्ता को स्पष्ट करते हुये यजुर्वेद में वर्णन है-

तेन॑ त्य॒क्तेन॑ भुञ्जीथा॒ मा गृ॑धः॒ कस्य॑ स्वि॒द्धन॑म्।[1]

संतोष बुद्धि उत्पन्न करने के लिए त्याग पूर्वक भोग करो, किसी के धन की लालसा मत करो।

माहं म॒घोनो॑ वरुण प्रि॒यस्य॑ भू॒रिदा॑व॒ आ वि॑दं॒ शून॑मा॒पेः।
मा रा॒यो रा॑जन्सु॒यमा॒दव॑ स्थां बृ॒हद्व॑देम वि॒दथे॑ सु॒वीरा॑ः॥[2]

हे वरुणदेव! सबको सन्तुष्ट करने वाले, ऐश्वर्यशाली दानदाता की सुख-समृद्धि से हम कभी ईर्ष्या न करें, उन्हें बन्धुवत् मानें! हे वरुणदेव! आवश्यक धन प्राप्त होने पर हम अहंकारी न बनें, श्रेष्ठ सन्तति सहित यज्ञ में देवों की स्तुतियाँ करें। इसी प्रकार वाणी की शुचिता और पवित्रता एवं इसके परिणाम के सन्दर्भ में ऋग्वेद में इस प्रकार वर्णन मिलता है-

मा वो॒ घ्नन्तं॑ मा शप॑न्तं॒ प्रति॑ वोचे देव॒यन्त॑म्।
सु॒म्नैरिद्व॒ आ वि॑वासे॥[3]

हे देवो! देवत्व प्राप्ति की कामना वाले साधकों को कोई कटुवचनों से और क्रोधयुक्त वचनों से प्रताड़ित न करने पाये। हम स्तुति वचनों द्वारा आपको प्रसन्न करते हैं।

च॒तुर॑श्चि॒द्ददमा॑नाद्बिभी॒यादा निधा॑तोः। न दु॒रुक्ताय॑ स्पृहयेत्॥[4]

जैसे जुआ खेलने में चार पैसे गिरने तक (हार-जीत का) भय रहता है, उसी प्रकार बुरे वचन कहने से भी डरना चाहिये। उससे स्नेह नहीं करना चाहिए।

---

1. यजुर्वेद (40/1)
2. ऋग्वेद (2/28/11)
3. ऋग्वेद (1/41/8)
4. ऋग्वेद (1/41/9)

सत्कर्मों के सन्दर्भ में ऋग्वेद में इस प्रकार वर्णित है कि –

स घा॒ राजा॒ सत्प॑तिः शूशुव॒ज्जनो॑ रा॒तह॑व्यः॒ प्रति॒ यः शास॑मिन्व॒ति।
